मृगतष्णा की तरह दुनियां का है हाल, जल्दी तोड़ो हे हरि मेरा विकट जंजाल, एक है तेरी आश भारी हटा, अब उस से मन मेरा । प्रभू० ॥ ७ ॥

तुही एक रक्षपाल है, तेरे ही तक दौड जैसे काग जहाज

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

में सुक्त और नं ठौर, देखूंगा ज्योति तेरी प्यारी रहें
तुझ में ही ध्यान मेरा । प्रभु० ॥ ८ ॥

भैरवी) ३८ भजन (ताल चंचल

प्रभु दया है अपरम्पार तुम्हारी, किस मुख से मैं सराहां ।
श्रद्धाप्रीति नहीं मन मेरे, जिस से तव गुण गावां ।
राग द्वेष मद दम्भ का मोहा सार असार न जाना ॥
शान्ति सुधा भरा धाम छोड़ तेरा, औझड़ बनको धावां ।
महा भ्यानक भवसागर में, गोते निश दिन खावां ॥
पाप प्रबल लहरों में जिसके, मुक्ति घाट न पावां ।
नहीं सुध लेवे मेरी कोई, व्याकुल हो कुरलावां ॥
जग झगड़ों जग झाझों में, वृथा जन्म गवावां ।
सारे सुखों के तुमही एको, मै तुम सो प्रीति न लावां ॥
कामी क्रोधी द्रोही लोभी, अमृत तज विषै खावां ।
तू सुखी करे मुझ को पल पल में, सुख की कदर न पावां ॥
तज आत्म परमानन्द सुधारस इन्द्रिय जन्य सुख चाहां ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तुमे प्रेम भरे आते दर मेरे, मैं आंख उठा ना निहारां ॥
तुम स्वर्ग धाम को खींचो मुझको, मैं जग माया में उरझावां ।
इस उत्तम प्रेम और अतुल दया को, जब ही गुप्त विचारां ॥
नयनों से जब धारा बर्षे अपनी दिक जब आवां ।
मैं नीच कठोर अधम पापी जन, दयामय नाम पुकारां ॥
निष्काम प्रेम करो दान पिता, तेरे अनुगत दास कहावां ।
मद मत होय पी प्रेम पिआला, हाथ तेरे बिक जावां ॥

राग आसा)   ३९ भजन   (ताल

टेक—प्रभु मैं सब पातितन को नायक ॥
जानत नहिं कुछ गुण तुमरे, और नहिं कुछ लायक ।
पतित उद्धारन स्वामी प्रभु तुम, पातितन करन सहायक ॥
दास पतित अब शरण पड़ा तव, और नहीं कोई जायक ।
'सत' पतित पर कृपा कीजे, आति सुन्दर सुख दायक ॥

राग कौंसिया]   ४० भजन   [३ ताल

तुम पापियों के परित्राता हो, तुम जगत पिता और माता हो ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

हमें निज चरनन में लाओ प्रभु, हमें अपना नाम जपाओ प्रभु।
अब करत पाप मैं हारा जी, प्रभु राखूं विरद तुम्हारा जी ।
संसार विषय सुख छोड़ पिता, मैं शरणी तुमरे आन पड़ा ।
ज्यों जानों मुझ को तारो जी, भवसागर पार उतारो जी ।
जहां मात पिता न भाई हैं, तहां केवल तुम ही सहाई हैं ।
तुम धर्म राज जगदीश्वर हो, तुम सर्व सृष्टि के ईश्वर हो।
मेघ अग्नि तुम को ध्यावे हैं, जल वायु तव गुण गावे हैं ।
जग सकल तुम्हें है ध्यावे जी, कोई अन्त न तेरा पावेजी
तु करुणा हस्त पसारा है, तु सब का एक सहारा है।
तुम जगबन्धन जगस्वामी हो, तुम सबके अन्तर्यामी हो ।
तुम दीनानाथ दयालु हो, सब आश्रय और कृपालु हो।
आशीर्वाद हमें दीजे जी, मन भक्ति तेरी में भीजे जी।
अब दया का हाथ पसारोजी, हम सबको लेउ उद्धारोजी ।
अब चरण शरण हरि दीजे जी, सब अन्धकार हर लीजे जी॥

———

राग सिंधडा) ४१ भजन (ताल कवाली

जो सोते जागते हैं तुझे

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जो दिव्य गुण युक्त चारों ओर धावें।
प्रकाशित जिससे हो प्रकाश धारी ॥
वह मन मेरा होवे कल्याणकारी ॥ १ ॥
कर्मकर्ता मुनीश्वर जिस द्वारे,
हैं करते कर्म यह और यज्ञ सारे।
प्रजाओं की जो है आनन्दकारी ॥ वह मन० ॥ २ ॥
जो प्रज्ञानी धृतीचेता कहाया,
अमर ज्योति प्रजाओं में समाया।
असंभव जिस विना कृया है सारी ॥ वह मन० ॥
त्रिकालयज्ञ काम हों जिसके सहारे,
हों करत योग योगी जिस द्वारे।
सप्त होता कर्तव्य जो स्वीकारे ॥ वह मन० ॥
लगे होते हैं ज्यों नाभी में आरे,
है उसे मांहि प्रतिष्ठत वेद चारों।
बसे जिस में पूजा चैतन्यकारी ॥ वह मन० ॥ ५ ॥
ज्यों रथ के सार्थी इत उत घुमावें,
यह मन वैसे मनुष्य को डुलावे।
हृदय में जो प्रतिष्ठित वेगधारी ॥ वह मन० ॥ ६ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागनी आसावरी) ४२ भजन (ताल धीमा

जो हरि गीत प्रीति संग गाय, तिसके शोक निकट नहीं आए।
अमृतवत तेरो चरित मनोहर। मन की तप्त बुझाए।
उधरे पतित अधम अति पापी। जो तव शरणी आए।
हे प्रभु हम अति दुखिया हो, तव शरनण गत आए।
परम सुखदाता ज्ञानप्रदाता, तैं यह नाम धराए।
मांग रहे द्वारे पर याचक, अब क्यों देर लगाए।
विषयन से उपराम रहूं सदा, भक्ति हृदय में भाए।
पढ़ सुन वेद वेदांग 'अमीचन्द' संशय भ्रम मिटाए।

— —

रागनी बिरवा। ४३ भजन।३ ताल

टेक—दीजे २ प्रभु मुझे बल बुद्धि।
हाथ जोड़ विनती करूं, सुनिये दीन दयाल।
तुम लग मेरी दौड़ है, तुम ही रक्षपाल ॥ १ ॥
आप की भक्ति प्रेम से, मन होवे भरपूर।
राग द्वेष से चित मेरा, कोसों भागे दूर ॥ २ ॥ दी०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अति अनुग्रह कीजिये, सेवक अपना जान।
अपनी भक्ति का मुझे शीघ्र दीजे दान ॥ ३ ॥ दी०
हृदय में मेरे रात दिन, रहे प्रकाशित ज्ञान।
हरि भक्तों के बीच में मेरा होवे मान ॥ ४ ॥ दी०
कपट दम्भ मेरे चित्त के, कभी न आवे पास।
ध्यान आपका रात दिन, मन में करे निवास ॥ ५ ॥ दी०
नित्य शुद्ध और बुद्ध हो, जग के हो करतार।
नमस्कार है आप को, मेरा बारम्बार ॥ ६ ॥ दी०
विनय करूं हूं आप से, जोड़ के दोनों हाथ।
रखिये लाज कृपाल हो, शरण आया हूं नाथ ॥७॥ दी०
"केवल" पूर्ण ज्ञान का, घर मन में हो जाय ॥
घट घट व्यापक ब्रह्म की निश दिन होय सहाय ॥ ८ ॥

——

राग सिंधडा] ४४ भजन [ताल चंचल

टेक—शरण पड़ा हू मैं तेरी दयामय ॥

जगत सुखों में फंसकर स्वामी, तुझ से लिया चित्त फेरी।
पाप ताप में दग्ध किया मन, दुर्मति ने लिया घेरी।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बहा जात हूं भव सागर में, पकड़ लेओ भुज मेरी ।
ओर कुकर्म गिनों मत मेरे क्षमा दृष्टि देओ फेरी ।
सत्य ज्ञान मधुर अपना, करो प्रकाश एक वेरी ।
पाप मलीन हृदय में मेरे, ज्योति प्रकाशे तेरी ।
प्रेम तरंङ्ग उठें मम अन्तर, प्रभु विनय सुनों मेरी ॥

---

४५ भजन

क्यों दीना नाथ मुझ पै तेरी दया नहीं ।
आश्रित तेरी नहीं हैं कि तेरी पजा नहीं ।
मेरा तो नाथ कोई तुम्हारे बिना नहीं ।
माता नहीं है बन्धु नहीं है पिता नहीं ।
माना कि मेरे पाप बहुत हैं पर है प्रभु ।
कुछ उन से न्यूनतर तो तुम्हारी दया नहीं ।
करुणा करोगे क्या मेरे आंसु ही देख कर,
जी का भी मेरे दुःख तो तुम से छुपा नहीं ।
जानेगा कोई क्या कि है दीनों का तुझको पक्ष,
दुष्टों को सर्व नाश जो तूने किया नहीं ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तुम भी शरण न दोगे तो जाऊंगा हाय कहां।
अच्छा हूं या बुरा हूं किसी और का नहीं।

भैरवी] ४६ भजन (३ ताल

हमें दान ज्ञानका देओ प्रभु। हमें अपनी शरण में लेओ प्रभु
रहूं दुष्ट गुणो से मैं न्यारा। सत्य शील मनुष्यों का प्यारा
मन मेरा तेरी शरणागत हो। मेरे हृदय में ज्ञान प्रकाशित हो।
दृढ़ योग का साधन बनूं योगी। हो अर्थ का ज्ञान न होउं रोगी
मुझे लोभ मोह से हो दूरी। शुभ इच्छा मेरी हो पूरी।
हो औं विचार एकान्त में। हो प्राण अपान भी शांति में।
मेरे नेत्र ज्ञान के खुल जावें। मेरे पाप मैल सब धुल जावें।
सब अपने सभासद ज्ञानी हों। हर श्रेष्ठ सभा में मानी हों।
और उन में परस्पर हो प्रीति। प्रचलित वेद की हो रीति।
सब वेद अनुसार हों शुभ कर्मी। हों सब सत्य नेमी और धर्मी।
'केवल' नहिं उनको कहीं भी डर। जो ईश्वर की ले शरण पकड़

—०—

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागनी देशी) ४७ भजन (ताल

टेक–हे दीनबन्धु हे करुणा सिन्धु, संसार सागर से करो पार बेड़ा।

चहुं ओरे जलधार सुझत न वार पार,
उलटी पवन नाव फंटी खाए गेड़ा।
राखो नाथ राखो नाथ डूबती को दीजो हाथ,
पीछा रहा दूर आया आगा नेड़ा।
अपने 'अधीन दीन' की देखो दशा हीन,
सुख से उतारो पार मिटे ये बखेरा।

रागनी बरवा) ४८ भजन (ताल झप

हे हरी हम दीन हैं निर्गुण विचार पुरखता।
पतित पावन नाथ तेरा कर दया हम पर ज़रा ॥१॥
है अविद्या छाई हम पै भूल गई सुध बुध सभी।
पाप के सागर में हम सब डूबते हैं ले बचा ॥२॥
छोड़ कर वेदों की रीति को करें अनरीत हम।
अज्ञान ने मझधार में हम को दिया अब है गिरा ॥३॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पाप से भरपूर हैं उठ न सकें हम पाप में ।
हुई हमारी दुर्गति है हे दयामय ले उठा ॥ ४ ॥
रोज़ोशब तेरी तरफ़ मन को रुजू करते हैं हम ।
एक पल जमता नहीं है नागहां पड़ती बला ॥ ५ ॥
ऐसी कृपा और अनुग्रह हम पै हो परमात्मन् ।
पाप का नक्शा हमारे दिल से अब तू दे मिटा ॥ ६ ॥
आवें शरणागत तेरी मन को करें मजबूत हम ।
फिर करें न पाप को तेरे ही गुण गावें सदा ॥ ७ ॥
यह अरज़ हम दीन की सुन लीजिये अब हे हरि ।
वेद वाणी की तरफ मन को हमारे दे लगा ॥ ८ ॥

रागनी तैलिंग) ४९ भजन (तीन ताल

टेक—हे दयामय हम सबों को शुद्धताई दीजिये,
दूर करके हर बुराई को भलाई दीजिये ।
ऐसी कृपा और अनुग्रह हम पै हो परमात्मा,
हों सभासद इस सभा के सब के सब धर्मात्मा ॥ १ ॥
हो उजाला सब के मन में ज्ञान के पूर्कांश से,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

और अन्धेरा दूर सारा हो अविद्या नाश से ॥ २ ॥

खोटे कर्म्मों से बचें सब तेरे गुण गावें सभी,

छूट जावें दुःख सारे, सुख सदा पावें सभी ॥ ३ ॥

सारी विद्याओं को सीखें ज्ञान से भरपूर हों,

शुभ कर्म्म में होवें तत्पर, दुष्ट गुण सब दूर हों ॥ ॥

यज्ञ हवन से हो सुगन्धित, अपना भारत वर्ष देश,

वायु जल सुखदाई होवें, जावें मिट सारे क्लेश ॥ ५ ॥

वेद के प्रचार में, होवें सभी पुरुषार्थी ।

होवे आपस में प्रीति, और बनें परमार्थी ॥ ६ ॥

लोभी और कामी क्रोधी, कोई भी हम में न हो ।

सब व्यसनों से बचें और छोड़ देवें मोह को ॥ ७ ॥

अच्छी संङ्गत में रहें, और वेद मारग पर चलें ।

तेरे ही होवें उपासक, और कुकर्म्मों से बचें ॥ ८ ॥

कीजिये "केवल" का हिरदा शुद्ध अपने ज्ञान से ।

मान भक्तों का बढ़ाओ सबका भक्ति दान से ॥ ९ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन ५०

तर्ज़—परम पिता के प्रीति से यश गाओ सदा ।

जगत् पिता हम तेरी हो, नित आशा करें ।
जगत् पिता हम अज्ञानी जन, तेरी ही नित आशा करें ॥
टेक—-तूने अपना ज्ञान दिया, सूर्य धुति भानु दिया ।
आवश्यक सामान दिया, बुद्धि का फिर दान दिया ।
मट्टी पानी, वायु मानी, लाखों प्राणी है लासानी ।
ज्ञानी ध्यानी जान, तुम्हैं करते तेरा ध्यान ।
हम निर्गुण और वारे, तेरी शरण पर्रें ॥ जगत्० ॥

दोहा

व्यापक अन्तर्यामी हो, तुम प्रभू सर्वाधार ।
हम सब खल भूले हुये, स्वामी लेहुँ उबार ॥
सुधार ! पालनहार ! तु निराधार ! दुःख टार ।
हो संसार पार पाठक जन आनन्द भरे ॥ जगत्० ॥

भजन ५१

तर्ज़—कैसे २ रत्न भरे वेदों के हैं ज्ञान में ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कैसी २ सृष्टि रची सर्वाधार ईश ने ॥

टेक—पृथ्वी निराधार है, नभ ये निराकार है ।
जिस में सब संसार है, रचना वेशुमार है ॥
ब्रह्माण्ड कोटि अपार है, जीवों में बहु विस्तार है ।
अल्पज्ञ न्यून विचार है, हर्गिज़ न पाते पार हैं ॥
ज़रा गौर से दो ध्यान, कार्य उसके हैं महान ।
ज्ञान दिया जगदीश ने ॥ १ ॥

शेर—बीज से उत्पन्न होकर बढ़ते फलते फूलते ।
होके उन्नत आयु भर नर वृक्ष उखड़े मूलसे ।
आंख की कारीगरी से ज्ञान हो उसका बहोर ।
वृक्ष के एक फूल ही को देख हम चौर भौंर ।
सिन्धुगिरी ! पशुपक्षी ! तारे रचे ! रविशशी ! कै० ॥२॥
व्यापक सब स्थान है, सूक्ष्म वह महान है ।
वेदों में सब ज्ञान है, रचना द्युति मान है ।
विद्या का ये भण्डार हैं, गिनती में श्रुति सब चार हैं ।
अत्यन्त सूक्ष्म विचार हैं, ऋषि जन हि पाते पार हैं ।
हम जीव हैं अज्ञान, नहिं करते उसका ध्यान ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दया कीन्ही न्यायाधीशने । कैसे २ । ३ ॥

शेर—सृष्टि की उत्पत्ति स्थिति प्रलय मुक्ति अरु क्या बन्ध ।
कर्म के अनुसार फल दे न्यायकारी सत्य सन्ध ।
प्रकृति अरु जीव और वह है अनादी काल से ।
ज्ञान भी उसका अनादी मुक्त है जञ्जाल से ।
संसार के सुधार व प्रचार में तैय्यार रहो ॥ कै० ॥

भजन ५२

तर्ज़—विश्वपति के ध्यान में जिसने लगाई हो लगन ।
अब तो प्रभू दया करो आया हूं मैं तेरी शरण ।
तुम ही हो सबके आत्मा क्लेशों के टारो दुःख हरण ।
भूला हुवा फिरा बहुत मथुरा प्रयाग देखता ।
तू ही बसा है घट मेरे तुझ से मेरी लगी लगन ।
मुझ को मिले जो पादरी ईसू बताया सुत तेरा ।
कैसे भरोसा हो सके तुम हो अनिर्वचन ।
ऐसे ही मौलवी मिले कहते रसूल मित्र है ।
सोचा कि न्यायकारी हो विषयों में क्यों करे रमण ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

एक समय थी भ्रांति अपने को ईश समझा था।
तुम ने मुझे गुरू दिये जिन से किया बहुत मनन।
जैनी कबीर पन्थिये लाखों ने घेरा था मुझे।
तेरी कृपा से ऐ प्रभु मेरे कट गये सब विघ्न।
तुम हो तो न्यायकारी हो तुम हो अजर अमर अभय।
'पाठक' अधम कृतघ्न है बनता न इस से कुछ यतन॥

भजन ५३

तर्ज़—हम अपनी बहनो से ये कहेंगे जरा तो अपनी दशा निहारो।

दया करो मनपै मेरे स्वामी तुम्हारा हमने लिया सहारा।
तुही है कर्ता तुही है भर्ता तुही है रक्षक हे सर्वाधारा॥
है सब में तू तुझ में सब जगत है, है तू असीमा भी और निर्भय।
क्यों खाक मिट्टी में तुझ को पावें जो सूक्ष्म दृष्टीसों न विचारा।
हे सच्चिदानन्द निर्विकार ये सारी सृष्टि रचाई तुमने।
हमारी हालत सुधारो स्वामी जगत् में भ्रम तुम्हें विसारा॥
हे न्यायकारी हे ज्ञान सिन्धो पिता हमारे हे प्राण दाता।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

न तेरा आदि न अन्त तेरा न कोई बेटा न कोई दारा ॥
अजर अमर हो अभय अनुपम व नित्यशुद्ध हो पवित्र ज्ञानी ।
नियम में चकित हैं सूर्य्य पृथिवी आकाश के लोग चन्द्र तारा ॥
तुम्हारी सत्ता बड़ी अनोखी क्या हम से जन उसका पारपावें ।
ऋषि ऋषीश्वर मुनी मुनीश्वर बताते पाकर समाधि द्वारा ॥
है इच्छा 'पाठक' की ये प्रभु जो तुम्हें ही ध्यावें जो भूलें भाई
हे जगदाधार अकाय स्वामी रहूं मैं आश्रित सदा तुम्हारा ॥

भजन ५४

टेक—जो परे से और परे है. अब गुन महिमा निरन्तर ।
निराकार निर्भय निर्वाणी, निर्दोषी निर्वैर निष्पाणी निर्गुण निरञ्जन निलगत जानी, निरख जोत निष्कामी की निर्गुर क्यों विगुर भरे है ॥ १ ॥ अलख अगोचर अदृष्ट करता अनन्त अनादि अजन्म अमरता, अखण्ड अद्भुत पाखण्ड हरता अचल कला अभीराम की, अविनाशी नहीं भरे है ॥ २ ॥ समदर्शी सर्वोत्तम सारे, सर्व व्यापक सर्व आधारे । सुगुण सुख दुःख देत सकल को तारे, सब शोभा सुख धामकी ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सब सृष्टि करे है ॥ ३ ॥ मद ममता माया से न्यारे। घट २ रम रहे प्रभु हमारे कहे 'चौसा' घट खोल पियारे। क्यों सब उमर तमाम की, क्रिया से काज सरे है ॥

५६ भजन

दोहा—ओ३म् नाम सब से बड़ा, ऐसा नाम न कोय।
जो इसका स्मरण करे, शुद्ध आत्मा होय ॥

टेक—इस ओङ्कार अक्षर का सद्गुरु ने भेद बताया।
बोध कराया सत्य ब्रह्म श्री ओङ्कार है ॥

अजर अमर अद्भुत अपार है, सर्व व्यापक सर्वाधार है ॥ नेति नेति कर गाया, जब हो गया वास अमर का ॥ अकार उकार मकार मिलाकर, विश्व तेज वैराट दिखाकर। आदि सृष्टि सब जगत् रचा कर, भेद किन्हीं ने ना पाया। वह स्वामी है घर घर का ॥२॥ चार वेद उपवेद इसी से व्याकरण पद छन्द इसी ते, उत्पत्ति प्रलय भेद इसी से ॥ मूल मन्त्र कहलाया, है परम प्रिय ईश्वर का ॥ ३ ॥ परम मोक्ष का है दाता यह, सब नामों से विख्याता यह ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

घासी हित चित्त से गाता यह, और ना दूजा भाया ॥
स्वामी सब नर नारी का ॥ ४ ॥

---

५७ भजन

नमो सृष्टि कर्त्ता नमो हो विधाता।
नमो सच्चिदानन्द आनन्द दाता ॥ १ ॥
नमो दीनों का दुःख हर लेने वाले।
नमो विश्वभर्त्ता नमो जन के त्राता ॥ २ ॥
करो शुद्ध निर्मल मेरे आत्मा को।
यही मांगता नित्य सायं औ प्राता ॥ ३ ॥
मुझे तीन तापों में अब न तपाओ।
मैं तङ्ग हो रहा ग़म उठाता २ ॥ ४ ॥
तुम्हारे सिवा कौन रक्षक है मेरा।
जगत् स्वार्थी है न कोई मित्र भ्राता ॥ ५ ॥
भंवर बीच नैया पड़ी नाथ मेरी।
पड़ा काल के चक्र में चक्र खाता ॥ ६ ॥
दयासिन्धु हे दीन बन्धु दया कर।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

न क्यों शीघ्र सुखरूप रस्ता दिखाता ॥ ७ ॥
तेरे दर पै बलदेव व्याकुल पड़ा है ।
न क्यों उस के दुःख दर्द सारे मिटाता ॥ ८ ॥

—:o:—

५८ भजन

तुम बिन जगदीश कौन जगत् में हमारे ।
किन के अब द्वार जाऊं किन को निज दुःख सुनाऊं ।
कौन को कहाऊं लेऊं कौन को सहारो ॥ १ ॥
तुम ही सब से महान् दाता को तुम समान ।
तुम ही भगवान् सदा दीनन दुःख टारो ॥ २ ॥
मेरी बार हे उदार कीन्हीं अब क्यों अवार ।
लीजिये उबार नाथ दास हूं तुम्हारो ॥ ३ ॥
ये हो सर्व शक्तिमान् दीजे निज भक्ति दान ।
आपनो बलदेव जान कीजै ना किनारो ॥ ४ ॥

---

५९ लावनी

तुम सुनो दीन के नाथ विनय यह मेरी ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कर गहो आपनो जानि करो ना देरी ॥
यह दास आप की शरणागत में आया ।
रख लीजे महाराज करिये अब दाया ॥
तव नाम अनन्त अपार वेद में गाया ।
गुण गावत शुक सनकादि पार नहीं पाया ॥
मैं क्या वर्णन करसकों अल्प माति मेरी ।
कर गहो आपनो जानि ना करो देरी ॥
तुम निर्विकार निर्मल पवित्र हो स्वामी ।
मैं महा मलिन मतिमन्द कुटिल खल कामी ॥
सच्चिदानन्द सर्वज्ञ सकल घटयामी ।
मोहि कीजै नाथ अब शुद्ध जानि अनुगामी ।
देवो आनन्द पद में वास त्रास निर्वैरी ।
कर गहो आपनो जानि करो ना देरी ॥
इस जग में जन्मत मरत बहुत दुःख पाया ।
लख चौरासी में भ्रमत २ घबराया ॥
अति दुखित भयो जब शरण आप की आया ॥
करुणानिधान जन जानि करिये अब दाया ।
काटो करुणामय कठिन दुःख की बेरी ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कर गहो आपनो जान करो ना देरी ।

मैं किसे सुनाऊं व्यथा नाथ निज मन की ।

यहां अपना नहीं कोई आश करूं किस की ॥

सुत मात पिता परिवार प्रीति करें धन की ।

तुम हीं सबके सत्यमित्र पार हरो जनकी ॥

अति आरत हैं बलदेव कहत यह टेरी ।

कर गहो आपनो जान करो ना देरी ॥

---

३७ भजन

जिसका ऐश्वर्य्य महान् है, वह परमेश्वर कहलाता ॥ १ ॥

छोटा कमरा अनन्त प्रकाशा, रविशशि तारागण प्रकाशा ।

पंखा करें मरुत उनचासा, आतिश दान है ॥

सब काम करें दिन राता, वह परमेश्वर० ॥ २ ॥

अनादि प्रकृति सामग्री है, जो आकाश के बीच भरी है ।

इससे सारी सृष्टि करी है, जिसका काल दरबान है ॥

नहीं बृथा एक क्षण जाता, वह परमेश्वर० ॥ ३ ॥

अनन्तजीव प्रजागणसारे, सन्मुखसुखी अरुविमुखदुखारे ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कर्म सब ही के रहे निहार, पूरा उसका ज्ञान है ॥
फल न्याय सहित पहुंचाता, वह परमेश्वर० ॥ ४ ॥
जिसका रूप सच्चिदानन्दा, काटे जीवों के दुःखफन्दा।
कर्म हीन ऐसे मतिमन्दा, ज्यों कहते पाषान है ॥
खुद उसके बने विधाता, वह परमेश्वर० ॥ ५ ॥
लाखों जिसके नैन और काना, उससे ज़रा नहीं छिपाना।
बिना मदद सब सृष्टि रचाना, वह मनुष्य नादान है।
जो उसमें शिर्क लगाता। वह परमेश्वर० ॥ ६ ॥
सब मिलके अब वेद विचारो, सुमति ज्ञान हृदय में धारो।
"शीतल प्रसाद" जन्म मतहारो, जो सुखका अमान है।
जोड़ो ईश्वर से नाता। वह परमेश्वर० ॥ ७ ॥

---

५१ भजन

टेक—करो नैय्या पार मेरी शरण गही प्रभु तेरी।
बिन कृपा ईश्वर तेरी नहीं पार बसावे मेरी।
कहूं तुम से हर बार। शरण०
अब पड़ी भंवर में नैय्या, तुम बिन ना खिवैय्या।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

नाथ अब सुनो पुकार। शरण०
बिन कृपा तेरी जगराई, ना दीखे कोई सहाई।
मुझे तुम बिन करतार। शरण०
अब विनती सुनियो स्वामी हो सबके अन्तर्यामी।
भारत का करो उद्धार। शरण०
काम क्रोध को दूर भगावो, लोभ मोह से हमें बचावो।
मद कर रहा विकार। शरण०
दो बुद्धि दान मोहिं दाता गंगा सहाय अब सुनाता।

भजन ६१

कर कृपा पार उतारियो मेरी टूटी सी किश्ती है॥
तुम अविनाशी अजर अमर हो। सारे भूमण्डल के घर हो।
सब के भीतर अरु बाहिर हो। कारीगर बड़े भारी हो॥
रची अनन्त सकल सृष्टि है॥ मेरी०॥
सबका न्यायकारी जगराई। बिन वजीर अरु बिना सिपाही।
करो फैसला कलम न स्याही। ऐसे न्यायकारी हो।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

नहीं गलती पड़ सकती है। मेरी० २।
हमने दुःख भोगे हैं भारि। बहुत हुई दुर्दशा हमारी।
अब हम आये शरण तुम्हारी। तुम जग हितकारी हो॥
तुम ही तारो तो उतर सकती है। मेरी० ३।
बिन कृपा करुणानिधि तेरी। कुछ नहीं पार बसाती मेरी।
कहे तेजसिंह' भारत बेड़ी काट सभी दुःख टारियो॥
जो हृदय कुमति बसती है॥ मेरी० ४॥

भजन ६२

तू निराकार अकाल है, तू न्यायकारी दयाल है।
तेरी न कोई मिसाल है, अनन्त अलख ओंकार है।
तेरा न कोई तोल है, लम्बा न चौड़ा गोल है।
तेरा अजब एक डौल है। अनन्त०
नहीं रूप रङ्ग रस गन्ध है, नहीं नाड़ी नस का बन्ध है।
तू सत्चित् आनन्द है। अनन्त०
तू अचल और अकूठ है, तू अखण्ड और अटूट है।
"क सम नहीं कहीं झूठ है। अनन्त०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

काला न पीला लाल है, नर नारी बृद्ध न बाल है।
एक रस तू तीनों काल है। अनन्त०

सारे तेरा स्थान है, तू ज्ञान का भी ज्ञान है।
तू प्राण का भी प्राण है। अनन्त०

इतना बड़ा आकाश है इसका भी तुझ में बास है।
सब में तेरा प्रकाश है। अनन्त०

तू मुक्त और विज्ञान है, तेरी न कोई समान है।
तू सर्व शक्तिमान है। अनन्त०

कारण जगत तेरे हाथ है, यह जीव अनादि साथ है।
एक तूही सब का नाथ है। अनन्त०

जितना यह सब संसार है, तेरे ही सब आधार है।
तू सबका रचने हार है। अनन्त०

नहीं आप देह धारता है तू, नहीं जन्मता मरता है तू।
नहीं दुःख में पड़ता है तू। अनन्त०

जग रचता बारम्बार तू, करता है फिर संहार तू।
रखता यही व्यवहार तू। अनन्त०

करता है पर उपकार तू, देता कर्मानुसार तू।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

देखे है सर्व का कार तू। अनन्त०

नहीं पापियों को तारता, नहीं धर्मियों को मारता।

नहीं नियम अपना टारता। अनन्त०

जो युक्ति और प्रमाण से, सब कुछ यथार्थ जान के।

तृप्त होवे तेरे ध्यान से। अनन्त०

योगी जो दर्शों द्वारा को देखे है तत्व के सार को।

तर जाय वह संसार को। अनन्त०

जो कोई न तुझ को जानता, आज्ञा न तेरी मानता।

वह मुफ्त मिट्टी छानता। अनन्त०

इस 'नवलसिंह' के मन लगी, तेरी रहे नित्य धुन लगी।

बुद्धि रहे नित्य जगमगी, अनन्त अलख ओंकार है।

भजन ६३

शरण हम प्रभु तेरी आये हुये हैं॥

दो कर जोड़ सिर को झुकाये हुये हैं।

न भगती श्रद्धा में मन चित को लगावत,

बने पापी पुण्य को भुलाये हुये हैं।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

त्याग पुरुषार्थ अंहकार में फंस,
कुसंगत से हरदम दबाये हुये हैं।
न बल है न बुद्धि न विद्या की शक्ति,
अधोगत पै अपनी लुभाये हुये हैं।
स्थिरता न चित्त की भटकता फिरे मन,
विषयों से बहुत हम सताये हुये हैं।
करो हम पै कृपा दयामय पिता जी,
उठाओ हमें जो गिराये हुये हैं।
प्रवृति हो शुभ कर्म और शुभ गुणों में,
मिले धर्म धन जो गंवाये हुये हैं।
हो सत्य विद्या अर ज्ञान से शुद्ध हृदय,
नियम पालें जो तू बनाये हुये हैं।
धर्म भूख हम को सदा ही प्रभुवर,
ढबे शांति जो हठाये हुये हैं।
गंगाराम प्रीती पर उपकार सीखें,
मिटे कपट मन में जो लाये हुये हैं।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागनी देशी ६४ भजन (ताल झप

कैसा यह आश्चर्य्य ज्ञान है तुम्हारा,

जिसने मिटाया है भ्रम संशय सारा ॥ १ ॥

इसी ज्ञान के बल से कामादि जीते,

इसी से जितेन्द्रिय हो मन को मारा ॥ २ ॥

इसी ज्ञान शक्ति से जाना यथावत,

विषय भोग को काक विष्टा विचारा ॥ ३ ॥

अन्धेरे से प्रथम निकाला जो तुमने

यह ऋण जायगा हम से क्योंकर उतारा ॥ ४ ॥

कृतार्थ हुआ करते हैं निश्चय वाले,

जिनको भरोसा तुम्हारा है भारा ॥ ५ ॥

अनुमान से प्रथम निश्चय हुए हो,

अनुभव हुये अब हमें ज्ञान द्वारा ॥ ६ ॥

जीव ईश सम्बन्ध है व्याप्य व्यापक,

जैसे परस्पर अधेय और अधारा ॥ ७ ॥

प्रेम प्रवाह अथाह ज्ञान गंगा,

निकली अमी फोड़ पर्वत की धारा ॥ ८ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागनी भैरवी) ६७ भजन ताल

मोरी नाव कैसे उतरे पार, किस विध उतरे पार ॥ १ ॥

वार पार कोउ घाट न सूझत, आन पड़ी मंझधार ॥ २ ॥

बिजुली चमके बादल गरजे, उलटी चलत बयार ॥ ३ ॥

गहरी नदिया नाउ पुरानी, नावक है मतवार ॥ ४ ॥

ध्रुपद सुनावत सुनत न कोइ, हमरी कूक पुकार ॥ ५ ॥

तदिया जलधारा दुस्तर है, उठत तरङ्ग अपार ॥ ६ ॥

निज भुज बल से सृष्टि कीनी, सांई हाथ पसार ॥ ७ ॥

अमीचन्द की राखो नावरिया, पड़त भंवर मंझधार ॥ ८ ॥

रागनी षट) भजन ६८

अवगुण नाहि विचारो प्रभु मेरे, अवगुण नाहि विचारो ॥ १ ॥

कोटण कोटि पाप के मल से, अन्तःकारण है कारो ॥ २ ॥

चोर कृतघ्न मैं निमक हरामी, जीव हिंसक हत्यारो ॥ ३ ॥

गर्भी बेमुख कूकर सूकर, ईर्ष्या द्वेष भण्डारो ॥ ४ ॥

गंवार लबार कठोर कुतर्की, पर निन्दा को प्यारो ॥ ५ ॥

दम्भी कुटिल कुकर्मी लोभी कामी क्रोधी भारो ॥ ६ ॥

बगुला भक्त मैं जग का ठग हूं, जगत को ठगने हारो ॥ ७ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पर उपकार का बादक हूं सदा, स्वाथ में मतवारो । ८ ॥
अधर्म्म सभा का प्रथम सभासद, धर्म्म सभा से न्यारो ॥ ९ ॥
सभा सभाज न नाऊं कदापि, नींद आलस्य को मारो ॥ १० ॥
नहीं सूझत अब मुक्ति की युक्ति, जिसने हो छुटकारो ॥ ११ ॥
केवल है विश्वास का हेतू पावन नाम तुम्हारो ॥ १२ ॥
दया क्षमा की दृष्टि दयानिधे, मेरी ओर निहारो । १३ ॥
जैसे बने अब राखो अमी को, बच जाय कारागारो ॥ १४ ॥

——

रागनी मालीगोरा) ६५ भजन [ताल ४

ज्ञान मन वेद, वेद मन अक्षर अक्षर मन स्वर ।
स्वर मन नाद, नाद मन राग, रागन में भैरो राग ॥ १ ॥
बुद्धि मन ज्ञान, धर्म्म मन दान, दान मन सत्य ।
सत्य मन विद्या कर लीजिये अनुराग ॥ २ ॥

——

रागनी गंधारी) ६६ भजन [ठेडी चौताला

थेक—दीनदयालु नाथ है प्रभु पतित उद्धारण आप
अन्तरा ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दीनबन्धु नाम तेरा कृपा निधान तूही,
तेरो ऋषि करते जप जाप । दीनदयाल०
अजर अमर अविनाशी शुद्ध बुद्ध,
मुक्त नित्य अजन्मा अभय तूही ।
तेरो ही विस्तार अधीन है,
पिता बेनती करत हूं दूर करो मेरो पाप ताप । दीन०

राग भीम) ६६ भजन (चौताला

टेक—तूही २ नाम जपत जीव जन्त और बे अन्त ।
बृक्ष पक्षि पशु आदि तेरो ही धरत ध्यान ॥ तूही०

अन्तरा ।

आकाश पाताल तुझे जपत तिहारो नाम ।
सकल सृष्टि को तेरो ही मान ॥ तूही०
चहुं ओर दसों दिशा अग्नि पवन जल तुहार ।
निश दिन प्रीत सहत करत व्याख्यान ॥ तूही०
कहत अधीनता प्रेम भक्ति हृदय धारो ।
दीजो दयाल से प्रभु ज्ञान ॥ तूही०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

राग कल्याण] ७० भजन (चौताला

टेक—नारायण दीनदयाल दीनबन्धु ।
पूर्ण करनकाज देत सभन सुख, दुःख निवार ॥

अन्तरा ।

आत्मा प्रकाश करत कर्तार सकल भूम ।
इच्छा पूरी करत धीर्य्यधार सब संसार ॥
अनकाज करन काज नमानयां के मान ।
दीनन के दाता सगरी के प्रतिपाल ॥
"अधीन" के सहायक नाथ कृपा निधान ।
तूही सकल काज सुधार नासयस दयाल ॥

राग कल्याण) ७१ भजन (ताल ४

तूही तू आदि अन्त,तूही जल थल,तूही जंगुल और खेला १
तूही सप्तद्वीप और नवखण्ड लाग डांट छाय रह्यो ।
चौदह भवन और पांचों स्थान तू नवल नवेला ॥ २ ॥
भरण भूषण सब जीव जन तन को ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तूही उधार सुधार सुधार सुहेला ॥ ३ ॥
तेहो ते रवि शशि ओढगण पवन पानी निश वास ।
तूही अलख अलबेला ॥ ४ ॥

रागनी समिधनासर ७२ ताल शूलफ़ाख़्ता

अपार ब्रह्म गोबिन्द नारायण,
गोपाल जगत गुरु पूर्ण हे हरे ॥ १ ॥
जाकी लीला कछु कही न जाए ।
दीन दयालु प्रभु शरण पड़े तेरे ॥ २ ॥
करण कारण जगदीश विधाता ।
निधनन की गत काज सरे ॥ ३ ॥
और सुख दाता सब दुःख भञ्जन ।
स्वामी बुझ बिन पल छिन सिमरण करे ॥ ४ ॥

राग बिहाग] ७३ भजन [ताल धमार

जय जय सच्चिदानन्द ज्ञानप्रद अधम उद्धारक ॥ १ ॥
जय जय दुष्ट सुताड़न गर्भ औ लोभ विदारक ॥ २ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जय २ आश्रमवर्या सनातन धर्म्म प्रचारक ॥ ३ ॥

जय "अमीचन्द" अनन्त विरोधी मत पन्थ सुधारक॥४ ॥

भजन ७४

जय २ पिता परम आनन्द दाता ।
जगदादि कारण मुक्ति प्रदाता । १ ।
अनन्त और अनादि विशेषण हैं तेरे ।
सृष्टि का स्रष्टा तू धार्ता संहाता । २ ।
सूक्ष्म से सूक्ष्म तू है स्थूल इतना ।
कि जिस में यह ब्रह्माण्ड सारा समाता । ३ ।
मैं लालित व पालित हूं पितृ स्नेह का ।
यह प्राकृत सम्बन्ध है तुझ से ताता । ४ ।
करो शुद्ध निर्मल मेरे आत्मा को ।
करूं मैं विनय नित्य सांयं और प्रातः । ५ ।
मिटाओ मेरे भय आवागमन के ।
फिरूं न जन्म पाता और विल बिलाता ।
बिना तेरे है कौन दीनन का बन्धु ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कि जिसको मैं अपनी अवस्था सुनाता । ७ ।
" अमी" रस पिलाओ कृपा करके मुझको ।
रहूं सर्वदा तेरी कीर्ति को गाता ॥ ८ ॥

रागनी मध्यमसारंग] ७५ भजन (ताल ३

मैं उन के दरश की प्यासी ।
जिनको ऋषि मुनि ध्यान धरत हैं योगी योगाभ्यासी ॥ १ ॥
जिनको कहत हैं अजर अशोकी, आश्रय जिनके है त्रिलोकी ।
न वह जनमें न वह मरे, हैं अकाल पुरुष अविनाशी ॥ २ ॥
अभेद अछेद अनन्त अगम्य है, अक्षर और अनादि ।
अचल अमूरत और अनूपम, परिभू सर्व निवासी ॥ ३ ॥
अतुल बल जांको अटल राज है, सृष्टि सकल है दासी ।
'अमीचन्द' जिनसे होत प्रकाशक, रविशशी अग्नि प्रकाशी ॥ ४ ॥

—:o:—

७६ भजन

माथे पे नहीं टीका तेरे हिन्दूपन का ।
नहीं तसबी महराब निशां तेरे मोमिन का ॥ १ ॥
नहीं पत्थर नहीं धातु नहीं तू माटी का ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

नहीं गुड़ियों का खेल खिलौना लड़कपन का ॥ २ ॥
नहीं भोगों का भूखा नहीं प्यासा जल का ।
नहीं रिशवत का राशी नहीं लोभी धन का ॥ ३ ॥
नहीं साकिन मक्के का नहीं गिरजा घर का ।
नहीं काशी का बासी नहीं बृन्दाबन का ॥ ४ ॥
नहीं हबशी नहीं चीनी नहीं तू इङ्गलैण्ड का ।
नहीं रूमी नहीं रूसी नहीं तू जरमन का ।
नहीं तुझ में धड़दारी वे इन्साफी ज़रा ।
न्यायकारी तू मुनसिफ निर्धन धनियन का ॥ ६ ॥
आंखों के बिन देखे सुनता है कान बिना ।
सब का अन्तर्यामी वाकिफ है मन का ॥ ७ ॥
है वह शक्तिमान् बि ा कर कर्ता है ।
"अमीचन्द" साक्षी भूत सभी जड़ चेतन का ॥८॥

राग भैरो] ७७ भजन [ताल शूल्त

कर उपासना श्रद्धा भक्ति सों, हे उपास्य गाऊं तेरे गीत ॥१॥
सुतवत् तुमको करों आलिङ्गन, जैसे पुत्र पिता में प्रीत ॥ २ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दुगुनी चौगनी अधिक दिनों दिन, बढ़ती रहे सदा गाढ़ी प्रीत
"अमींचन्द" के प्रभु तुम हो नायक,
तुम ही हो सहायक तुमही हो मीत ॥ ४ ॥

— —

भजन ७८

जगत की जननी जगत की माता, नमस्ते पहुंचें तुम्हें हमारा ।
जगत के आधार विश्वकर्ता, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
तमाम दुःखों के दूर कर्ता, तमाम पापों के ताप हर्ता ।
तमाम खुशियों के तुम हो दाता, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
जगत के कर्ता तुम हो स्वामी, सुखों के भंडार तुम हो स्वामी ।
हरेक के रक्षक तुम हो हितैषी, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
तुम्हीं ने कृपा से हमको अपना, अतारी है मनुष्य योनि ।
तुमही ने दानश है अक़ल बखशी, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
हमारी ख़ातिर ज़मीं बनाई, हमारी ख़ातिर बनाई अग्नि ।
हमारी ख़ातिर बनाया सूर्य, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
हमारे कारण बनाई वायु, हमारे कारण बनाई खुशबू ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

हमारे कारण बनाया माता पिता, दिया परवर्श का कर्त्ता ।
कारण मुक्तिं है वेद उतारा, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
हमारे चलने को पाओं बख़शे, दिये पकड़ने को हाथ तुमने ।
बनाई आखें कि देखें हर शै, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
ज़बां चखने को तुमने दी है, दिये हैं सुनने को कान प्रभु जी ।
तुम्हीं ने बखशा है नुत्क़ शंकर, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
हज़ारों खाने लज़ीज़ शीरीं हज़ारों चीज़े तलख़ व नमकीं ।
हमारे कारण बनाई तुमने, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥
कमर जो तुम से पति को छोड़े, जो तुमसे रक्षकसे नाता तोरे ।
कहीं ठिकांना लगे न उसका, नमस्ते पहुंचे तुम्हें हमारा ॥

राग भैरो] ७९ भजन [ताल ३

टेक—तुम्हीं हो सहायक सृष्टि के नायक ।
तुम्हारा कोई पार पाता नहीं है ॥
न जन्म और मरण के हो बन्धन में आते ।
तुम्हारा पिता और माता नहीं है ॥
सदा तुम विकारों से रहते हो न्यारे ।
[illegible]ीं तुम्हें कोई पाता नहीं है ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तुम्हारी शक्ति काम करती है हरजा।
तेरा रूप दृष्टि में आता नहीं है॥
सिफ़ारश की तुझ पै जरूरत नहीं है।
और रिशवत तु खाता किसी से नहीं है॥
किसी खास घर में नहीं तेरा रहना।
मकां अपना तू कोई रखता नहीं है॥
तु सब का है प्यारा न शत्रु किसी का।
जोरू और बेटे का नाता नहीं है।
हम आए तेरे द्वार पर इस लिये हैं।
कि तुझसा और कोई दाता नहीं है।
कहे है "रत्न" वह सदा दुःख भोगे।
तेरे आगे जो सिर झुकाता नहीं है।

राग भैरो) ८० भजन (दाई ताल

तू मेरा प्रभु स्वामी है, तु मेरा अन्तर्यामी है।
तुझ को ही मेरी प्रणामी है। बलजाऊं तेरे नाम के।
तू जगत सृजनहार है, तू सबका ही कर्तार है।
तेरी ही नाम अपार है। बल जाऊं तेरे नाम के।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तु सबका स्वामी साथ है, तू पूर्ण पुरुष अगाध है।
तु ही मेरो इक नाथ है, बलजाऊं तेरे नाम के॥
तु ही सबका सहारा है, तुझ बिन सब की रुवारी।
तु ही तो पिता महतारी है। बलजाऊं तेरे नाम के॥
तू सत्य और भरपूर है, यकसां तेरा दस्तूर है।
तव यश विना सब झूर है। बल जाऊं तेरे नाम के॥
तु ही एक अनूर है, चेतन्य तेरा रूप है
तेरा ही अगम स्वरूप है। बल जाऊं तेरे नाम के।
देखत अनान को मान से, पावत जहान को जान से।
सब ही करत बखान से। बलजाऊं तेरे नाम के।
तुझ सों मेरा प्रणाम है, तुझ ही से मेरा काम है।
तेरा ही दाता नाम है। बलजाऊं तेरे नाम के।
सुन विनती अपने दास की, पूरी करो मेरी आस जी।
ठहरे हृदय निज वास जी। बलजाऊं तेरे नाम के॥

भजन ८१

क्रिया पैदा जिसने जहान है, वह महान से भी महान है
न वह [illegible] भी प्राण है॥ १॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

न जन्म धरे न वह सुख भरे, न वह रोगी न वह कभी मरे।
उसे ढूंढो जहां वह वहीं मिले, न रहने का खास मकान है २।
न कोई रंग ह उसका न कोई रूप है, वह सदा से ज्ञान स्वरूप है।
वही एक सबसे अनूप है, नहीं कोई उसके समान है ३
वह अजर अमर है वह है अभय, वह अभेद है वह अछेद है,
नहीं शब्द स्पर्श का वह विषय, नहीं आंख उसकी न कान है।
नहीं खाली उससे है कोई जा, नहीं हाल उस से है कुछ छिपा
वह हरएक भेद की जानता, उसे तीनों काल का ज्ञान है ५
वह हर एक ऋतु में है रमा, वही देनेवाला है मोक्ष का।
करो उसी की सब उपासना, वही सारे विश्व की जान है ६

राग भैरो) ७२ भजन (ताल ३

जय महेश जय महेश जय महेश दाता।
पिता जांका कोई नाहीं, नहीं कोई माता ॥
जनक देव तूही जननी, तुही है विधाता।
जगत जीव साजे तूही, तूहीं एक पाता।
दान मान देवे तुही, क्लेश कष्ट घाता ॥
यह जगत किया तेरा, वर्ष मास साता।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रैन दिवस काज तेरे, सायं प्रभाता ॥
सकल जीव तेरे दाढी ऊंच नीच जाता ।
हाथ बांध तेरे द्वार, यश पुनीत गाता ॥

रागनी जय २ वन्ति) ८२ भजन (ताल झप

नमो सृष्टि कर्त्ता नमस्ते नयन्ता,
नमो कष्ट हर्त्ता नमस्ते अघनाशी ॥ १ ॥
नमो दुःख भञ्जन नमस्ते निरञ्जन ।
नमो सच्चिदानन्द रूप प्रकाशी ॥ २ ॥
अविद्या करो नष्ट आर्य्यवर्त की ।
न कीजे विलम्ब अब काटो भ्रम फांसी ॥ ३ ॥
"अमीचन्द" का गान स्वीकार कीजे ।
करे प्रार्थना आर्य्य भारत निवासी ॥ ४ ॥

८३ भजन

हरि समान दाता जग में दूसरा न कोई ।
साधु और असाधू पाले, बोधाबोध दोई ।
राव राजा रंक पाले, जग में है जोई ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जीव पाले जन्तु पाले, कीट किरम जो होई।
जड़ चेतन सब को पाले, पाप सब के धोई।
दुराचारी दुष्ट पाले, धर्म्म लाज खोई॥
तिस की दात भोगें निश दिन खांए फिरें सोई॥
प्रीति जिसकी दम के जग में, बल पुण्य सोई।
धन्य जिसकी ऊंची दतु, शरण उसकी "लोई"

भजन ८५

हरि सम को हितकारी रे

जीव जन्तु चीटि ले हरित बाल बृद्धि नर नारी रे।
भोजन दान कर सभहन को, जो लोग श्रेष्ठ सवारी रे॥
चातुर मूढ़ गुणी अज्ञानी, चार जार बटमारी रे।
गुण अवगुण को नहीं विचारे, दान की बांह पसारी रे॥
रावरंक तिसते वर पावें, तृण जल अन्न अहारी रे।
दान का अन्त न आवे साधो, चकित बुद्धि हमारी रे॥
जल वस्त्र इत्यादि अमोलक, मन्दिर महल अटारी रे।
और अनेक पदार्थ देवे, और हस्ति असवारी रे॥
रजनी समय जीव सब सोवें, तनकी सुध बिसारी रे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

निज हाथन से रचा कारये, तिसके हम बलिहारी रे ॥
प्राण अपान प्रभु के कर हैं, किसने गिनत विचारी रे ।
जीव कुशल हित रचे दयामय, निसदिन जोति अधारी रे ॥
दान्त दिये वैसा ही भोजन, जिसको जो आहारी रे ॥
सो करुणामय परम दयाला, सकल जीव सुखकारी रे ।
धन २ हरि प्रतिपालक, महिमा गाए बिहारी रे ॥

भजन ८६

ईश्वर तेरी दया नहीं पावे कोई पार ।
अपरम्पार दया भण्डार तेरा ही सब संसार ॥
हम सब का इक कर्तार तूं है सबका पालन हार ।
तुझ में न कुछ विकार है तू एक रस अपार ॥
नहीं जन्म धरता न मरता है तू ।
अजन्मा निराकार धरता है तू ॥
सर्व दुःखों का नाश करता है तू ।
सर्व सुखों का दान करता है तू ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

आर्य्यमण्डली गुण गा रही है प्राण आधार,
वे अन्त हो भगवन्त हो नमस्ते ओंकार ।

ईश्वर तेरी........आगिज

७७ लावनी शेर अर्थात दोहा

बुद्धि विलासक दुःख विनाशक विद्याप्रकाशक हरि हरि ।
विश्वास प्रदायक सत्य उपदेशक शत्रु विनाशक हरि हरि ॥
दुर्गुण नाशक रोग विनाशक धर्म सुशिक्षक हरि हरि ।
परम सहायक राज विधायक शुभ बल दायक हरि हरि ॥
टेक— तु दाता मैं हूं भिक्षक तू है रक्षक अपने जनका ।
ज्ञान दृष्टि दे खोल हरि मैं अभिलाषी हूं दर्शनका ।

चौक १

काम क्रोध मद लोभ मोह और निग्रह कर इन्द्रिय मनका
शम दम धैर्य दान दया का भागी करो विद्या धन का
प्रार्थना स्तुति उपासना त्याग न हो एक पल छन का
सत्य धर्म में श्रद्धा रहे सत्सङ्ग रहे नित्य गुणियन का
श्रेष्ट सर्मो में राख, कभी होवे न दर्शन दुष्टन का
ज्ञान दृष्टि दे खोल हरि मैं अभिलाषी हूं दर्शन का.

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक २

दुग्ध घृत और अन्न मधुर रस भर भंडारा भोजन का।
वात पित्त कफ तत्व शरीरिक कोप करे नहीं विघ्नन का।
वायु वृष्टि शीत उष्ण सब दे समान हमें सुख तन का।
सिंह सर्प बट तस्कर का डर पड़े न पाला दुर्जन का।
रोग शोक रहें दूर प्रतिदिन रहे हृदय में प्रसन्नता।
ज्ञान दृष्टि दे खोल हरि मैं अभिलाषी हूं दर्शन का॥

चौक ३

गाय भैंस और भेड़ी बकरी बाधा कर सब पशुअन का।
निर्दयों को दया उपदेश कर प्राण बचे जो गोअन का।
विद्वान सर्व प्रीतिमान हों हनन करे धर्म्म शत्रुअन का।
उदय अस्त तक धर्म्म ध्वजा फिरे विद्या चक्र सनातन का।
प्रीतिमान सब लोग होयें गुण ग्रहण करें ऋषि मुनियन का।
ज्ञान दृष्टि दे खोल हरि मैं अभिलाषी हुं दर्शन का॥

चौक ४

वेद विरुद्ध जो जाल जगत में बिछा असत पाखंडन का।
पुरुषार्थ दे सत्य मराडन का और असत्य मत खराडन का।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जो प्रार्थना हृदय में तुझ गुप्त भेद है भिन्न २ का।
अन्धकार मिट जाय फन्द सब कटे पोप के बन्धन का।
"नवलसिंह" तू राख भरोसा मन रंजन दुःखें भंजन का।
ज्ञान दृष्टि दे खोल हरि मैं अभिलाषी हूं दर्शन का।

---

८७ भजन

१ क्या कोई गावे सुनावे प्रभू महिमा तेरी लखी किसी से न जावे
ऋषि ऋषीश्वर तपी तपीश्वर मुनी मुनीश्वर हजार।
लिख २ के हारे वह सारे विचारे न पाया वले तेरा पार।क्या०
२ तेरी वेद बाणी कहे ऋषि ज्ञानी है प्राणी का इससे उद्धार
जो पढ़े पढ़ावे और अमल कमावे वह हो भवसागर से पार।क्या०
तुही सृष्टि कर्त्ता सकल दुःखं का हर्त्ता संतन ... प्रतिपाल
मुझे काम क्रोधं से खुदी लाभ मोह बचाओ हरि तत्काल।क्या०
४ तुही है भंडारी मैं तेरा भिखारी ... वरदान।
मैं तुझको ही ध्याऊं तेरी महिमा गाऊं कहे दास 'खन्ना'
नादान। क्या कोई गावे०।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

८८ भजन

शरण अपनी में रख लीजे, दयामय हुं तेरा।
तुम्हें तज कर कहां जांऊ, हितू को और है मेरा।
भटकता हुं मैं मुद्दत से, नहीं विश्राम पाता हुं।
दया की दृष्टि देख, नहीं तो डूबता है बेड़ा।
सताया राग द्वेषों का, तपाया तीन तापों का।
दुखाया जन्म मृत्यु का, हुआ तंग हाल है मेरा।
दुःखों को मेटने वाले, तुम्हारा नाम सुन कर मैं।
शरण में आ गिरा अब तो भरोसा नाथ है तेरा।
क्षमा अपराध कर मेरा फकत अब आस है तेरा।
दया "बलदेव" पर करके बना ले नाथ निज चेरा।

——:o:——

८९ भजन

टेक—कर कृपा पार उतारियो, मेरी टूटी सी किशती है।
तुम अविनाशी अजर अमर हो, सारे भूमण्डल के घर हो।
सब के बाहर और भीतर हो, कारीगर बड़े भारी हो।
रची अनब सकल सृष्टि है, मेरी टूटी० ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अबतक दुःख भोग हैं भारा, बहुत हुई है दुर्दशा हमारी।
अब आए हम शरण तुम्हारे, तुम ही देश हितकारी हो।
तुम्हीं तारो तर सकती है ॥ मेरी० ॥
बिन कृपा करुणा निधि तेरी, कुछ पार न बसाइ।
"तेज सिंह" भारत की बेड़ी, काट सभी दुःख टारयो।
जो घेरे को मत बसती है ॥ मेरी टूटी० ॥

भजन १० प्रभाती

हे जगत स्वामी प्रभु जी, भेंट धरूं क्या मैं तेरी।
मात मेरे नहीं सम्पत नाहीं, जिसको कहूं मैं मेरी।
इस जग में हम ऐसे विचरें, जोगी करे ज्यों फेरी।
धन जन योवन अपना माने मूर्ख भूला भारी।
तुझ बिन और सहाई न मेरा, देख लिया मैं बीचारी।
ये तन मन होवे न अपना, है सब माल पराया।
जब चाहे तब हो सब लेवे, नहीं कुछ जोर हमारी।
तुमरे दर का मैं कूकर स्वामी, लाज तुम्हें है मेरी।
अपनी शरण में मुझको रखकर, देओ भक्ति बिन देरी॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन ६१

वह वृथा जन्म को गवाये हुए हैं।
जो ईश्वर को दिल से भुलाये हुए हैं ॥

अमर सत्य विद्या का प्रकाश कर तु।
अविद्या से हम तंग आये हुए हैं ॥

नहीं हमको मतलब किसी मूर्ति से।
निराकार को सिर झुकाये हुए हैं ॥

दयालु हमारी तू कर शुद्ध बुद्धि।
कि पापों से अपने लजाये हुए हैं ॥

बचा दुष्ट आचार से हे दयामय।
किं हम धर्म्म दिल से लगाये हुए है ॥

जमाने में बदबखत हमसा न होगा।
कि भारत की गैरत घटाये हुए हैं ॥

हमें ब्रह्मविद्या का दान करदे।
कि मन को विषयों में फंसावे हुए हैं ॥

उसी का जो यश गाये जीवन सफल हो।
कि जिसके 'फ़िदा' हम बनाये हुए हैं ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri-Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१२ भजन राग भैरो]

पिता परम सुनिये विनय एक हमारी,
द्वार पै तेरे हैं आये भिखारी ।
अति क्लेश से हृदय पीड़ित हैं हमारो,
बिपद न हम से जाय सहारी ।
है अज्ञान का तिमिर हम सब पै छाया,
दिखाई न ज्योति दे तेरी प्यारी ।
असत्य और मिथ्या का लीना सहारा,
कपट औ दम्भ में सारी आयु है हारी ।
विषय भोग में रात दिन को बिताया,
स्वार्थ ने सुध बुध सभी है बिसारी ।
दुराचारी दुष्टों का ही साथ भाया,
धर्मभाव से सर्वथा हुये आरी ।
हे सर्वज्ञ ! तुझ से भला क्या कहें हम,
मुनीश हो तुम जानो अन्दर की सारी ।
तेरी आज्ञा भंग करते रहे हैं,
पिता मूर्खता हम से हुई है भारी ।
तेरी करुणा की पर न सीमा कोई है,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

आप पापयों को दवे है तारी।
तेरा नाम है पतित पावन दयामय,
लेओ शरणा में हम को आनन्द कारी।
देओ सत्य विज्ञान अपना स्वामिन्,
धर्म्म की तरंगें हों मन में जारी।
तेरे यश को गावें सदा सारे रत्नमित्र,
कि हो अन्त को वृत्ति तुझ में हमारी।

जून पूरी] १३ भजन [राग टोडी

हे पतित पावन हे दुःख निवारन,
दुःख रूप सागर से शीघ्र पार उतारो ॥ १ ॥
राखियेगा मेरी लाज, बिगड़े हुऐ सारे काज,
कृपा की दृष्टि से आप ही संवारो ॥ २ ॥
हृदय शुद्ध मेरा करो, दुष्ट बुद्धि मेरी हरो,
काम क्रोध लोभ मोह चारों शत्रु मारो ॥ ३ ॥
दूर रहे अहंकार, मित्र रहे पर उपकार,
मन में से भक्ति भाव मेरे न विसारो ॥ ४ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

शान्त चित्त 'केवल' हो मन बुद्धि निर्मल हो,
जो हैं क्लेश अभिनवेश आदि सब टारो ॥ ५ ॥

रागनी जंगला] ६४ भजन [४ ताल

ओ३म् का अर्थ विचारो यही है पूर्ण भक्ताई ।
ऋषि मुनियन की यही सदा रीति चली आई ॥१॥
बने रहें बलवान रैन दिन यत्न करो भारी ।
काम क्रोध और लोभ मोह हैं शत्रु दुःख दाई ॥ २ ॥
कपट दंभ से बचो, बैर मत करो किसी से भी ।
झूठ को दो सब त्याग सत्य के मित्र बनो भाई ॥ ३ ॥
पर उपकारी बनो, छोड़ दो अपरवारथ मन से ।
सुधरें बिगरे काम बड़ी प्रतिष्ठा हो जाई ॥ ४ ॥
इन नये मतों के कारण यहां पर फूट भाव फैला ।
सिर क्यों नहीं जावे फूट, फूट का मेवा जब खाई ॥ ५ ॥
जड़ वस्तु को सीस निवाकर, मोक्ष मांगते हैं ।
समझ सोच विचार करो, क्या मूर्खता छाई ॥ ६ ॥
कहीं कान से कर्ण, नाक से नासकेत जन्मा ।
उनको सच लिया मान, गई कहां उनकी चतुराई ॥ ७ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

श्री वैष्णव बने, बदन को अपने दगवाया ।
दाग चेले को लगा, गुरू के नकदी हाथ आई । ८ ।
कान में मीरा फूक गुरू ने चेला मूंड लिया ।
नकद दच्छीणा मिली ठग्गी क्या अच्छी फैलाई । ९ ।
मूढ़ कहें यह बात, जन्म परमेश्वर ने पाया ।
सब का जो है पिता, पुत्र वह कैसे बन जाई । १० ।
एक बड़ा अचंभा और इसमें है 'केवल' मनमें सोच ।
हर वस्तु का व्यापक क्योंकर हो गया इक जाई । ११ ।

राग कान्हड़ा) १५ भजन ३ ताल

अद्भुत है जिस की प्रभुताई उस से प्रीति लगावो भाई ॥
दसों दिशा में षट् ऋतुओं में उसकी बराबर व्यापकताई
तीनों अवस्था से वह न्यारा, बाल वृद्ध और तरुणाई ॥
बड़े २ गुणवानो ने भी, उसके गुण की थाह न पाई ॥
तीनों काल एकरस रहता, घाट बाध नाहिं होती काई ॥
महाबली बल देने वाला, विनय करो उसे सीस निवाई ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

गायत्री का करो विचार, ज्ञान की बस हो पूर्णताई ॥
यह स्तोत्र पढ़ा 'केवल' ने, गावो प्रेम भाव से भाई ॥

राग बिहाग) ९६ भजन (ताल ३

अवसर बीतो जात रे प्राणी तेरा अवसर बीतो जात ।
इस काल की हेरा फेरी में, तेरा अवसर बीतो जात ॥ १ ॥
साठ मिनट गुज़रे गया घंटा, चौबीस में दिन रात ।
क्षण २ कर के क्षीण होत है, गई सन्ध्या आई प्रात ॥२॥
छः ऋतु मिल के बरस होत है, ऋतु २ में दो मास ।
मास २ में तीस दिवस हैं, इक आवत इक जात ॥ ३ ॥
बालकपन गया खेल कूद में, यौवन युवति साथ ।
बृद्ध भया कुछ बन नहीं आवत, कांपत सकले गात ॥ ४ ॥

रागनी पहाड़ी) ९७ भजन (ताल धमार

जप इश्वर को जप ईश्वर को आलस ने क्यों घेरा जीवड़े । जप०
कहां गए चक्रवर्ती राजे जिन के बजे थे चहूं दिश बाजे,
काल का सिर पर [illegible] ॥ १ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कीनी न तैने कोई भलाई, स्याही गई सफैदी आई।
बृद्ध भया बीती तरुणाई, पल २ होत अंधेरा ॥ २ ॥
दिन गया सेवा करते पराई, सो २ सारी रात गंवाई।
मूर्ख तैनूं मत न आई, अब तो जाग सवेरा ॥ ३ ॥
सुनों २ मित्रो प्यारयो लालो, ईश्वर की तुम आज्ञा पालो।
सत्य विद्या का दीपक जालो, आगे बहुत अन्धेरा ॥ ४ ॥
बाग बगीचे लगाये बंगले, शीशे लगाए रंगाए जंगले।
कौन चलेगा इन को संग ले, अन्त को मर्घट डेरा ॥ ५ ॥
करो दिल थीं दूर जहालत, ओथे नहीं कोई करदा वकालत।
सच्चे साहिब दी सच्ची अदालत, अमलीं होए नबेड़ा ॥ ६ ॥
सिद्ध सनकादक दश अवतारी, अमीर बड़े २ माया धारी।
विक्रम भोज दधीच से भारी, कर गए जोगी दी फेरा ॥ ७ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अथ उपदेशः

भजन ६८

टेक—बिना ज्ञान जीव कोई मुक्ति नहीं पावे ।

कली—चाहे धार माला चाहे बांध मृगछाला ।

चाहे तिलक छाप चाहे भस्म तु रमावे ॥ बिना० ॥ १ ॥

चाहे रचके मन्दिर मठ पत्थरों को लावे ठठ ।

चाहे जड़ पदार्थों को सीस नित्य तु निवावे ॥ बिना० ॥ २ ॥

चाहे बजा गाल चाहे सङ्ख और बजा घड़ियाल ।

चाहे ढफ डैरू चाहे झांझ तू बजावे ॥ बिना० ॥ ३ ॥

चाहे फिर तू प्रयाग काशी में जा प्राण त्याग ।

चाहे गंगा यमुना चाहे सागर में नहावे ॥ बिना० ॥ ४ ॥

द्वारका और रामेश्वर बद्री नाथ परबत पर ।

चाहे जगन्नाथ में तु भ्रष्ट भात खावे ॥ बिना० ॥ ५ ॥

चाहे जटासीस बढ़ा वोहर में चाहे कान फढ़ा ।

चाहे यह पाखण्ड रूप लाख तू बनावे ॥ बिना० ॥ ६ ॥

ज्ञानियों का करले संग पोपों की तज दे भंग ।

'नवलसिंह' मुक्ति का साधन तब आवे ॥ बिना० ॥ ७ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन ९९

बनो आर्य्य वेद मत पर चलो, रहो बेधड़क मत किसी से डरो १
अविद्या करो नाश विद्या पढ़ो, परम दान विद्याका लो और दो २
चलन वेद अनुकूल अपना करो, खुशी से रहो और फूलो फलो ३
करो योग और योगियों से मिलो, परम धाम मुक्ति के भागी बनो ४
परोपकार ही में लगा राखो मन, परोपकार करके हो हो मनमें मगन ५
न हो वैर बुद्धि किसी से कभी, रहे मन में व्यापक सदा शान्ति ६
हृदय के खुलें ज्ञान चक्षु अगर, तौ प्रकाश उसका हो नूरे नज़र ७
बदों से डरो और करो काम नेक, कि नेकों का होता है अंजाम नेक ८
जोवेदोंकेअनुकूलहोचालढालनचदख्वाहीकीहेकिसीको मजाल ९
जो रहना है मंजूर आराम से, तो भागो हमेशा बुरे काम से १०
वह नेकों का नेकी का फल देता है, बुरों को सज़ाए अमल देताहै ११
वही विश्वका 'केवल' आधार है, उसी को हमारा नमस्कार है १२

भजन १००

टेक—बीत गए दिन भजन बिना रे।

बाल अवस्था खेल गंवायो, जब ज्वानी तब मान किया रे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

लाहे कारण मूल गंवायो, अजहूं न मिटी तेरी मन तृष्णा रे।
कहत 'कबीर' सुनों भाई साधो, पार उतर गए सन्त जना रे।

---

१०१ भजन

टेक—भाई मत बृथा उमर गंवाओ रे।
देवी देवता फिरे पूजता, उन में क्या रक्खा रे।
जो चाहो परलोक सुधारा, गुण ईश्वर के गाओ रे ॥ १ ॥
पत्थर ईंट को सीस नवाकर, मत मन को भटकाओ रे।
एक ईश्वर की हो शरणागत, इधर उधर मत जाओ रे ॥२॥
अपना कारज आप बिगारा, तुझ को होगया क्या रे।
समझाए भी नहीं समझता, क्या अनजान हुआ है रे ॥३॥
बगला भगत बहुत जन फिरते, अपस्वारथ के मारे।
क्यों उन की तू बात मानकर, बुद्धि हीन बना है रे ॥ ४ ॥
राग द्वेष से होकर न्यारा, गुण ईश्वर के गाओ रे।
सब झगड़ों को छोड़ के "केवल" हरि से प्रीति लगाओ रे॥५॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१०२ भजन

टेक–भक्ति करो जन जन्म सुधारो, रोम २ प्रभु देखन हारो।

तु प्रभु मेरे सर्वज्ञानी, कौन सी वस्तु जो तु नहीं जानी।

घट मठ मंडप तन मन राचे, उडगन पंडल तैं बलनाचे।

जो जन जगत में अगम विचारे, सो बल्ल तुमरे कर निरधारे।

बुद्धि बल ज्ञान सो तेरी रचना, जिस चाहे तिस करे सुबचना।

अग्नि पवन मृत मानन हारे, चन्द्र सूरज गुण वर्यों सारे।

क्यों कर वर्णों तेरी लीला, अन्त न पावे बुद्धि बल शीला।

तैं सम एक तुही जगकर्त्ता, और न कोई पाता दुःख हर्ता।

उपमय और उपमा नहीं जानों, आदि तुही मध्य अन्त बखानों

बृह्मादिक सब तेरी रचना, वर्णें किस यश निर्मल वचना।

जो जन प्रभु जी तुमको ध्यावें, अन्तकाल परमानन्द पावें।

सो वर मांगे संगत सारी ज्ञान अनन्त होत बलिहारी।

गावें दयामय नाम पुनीता, शांति धाम सुखधाम सुनीता।

धन जन योवन मित्र भाई, इन संग मिल हरि क्यों विसराई।

छोड़ विलम्ब शरण हरि लीजे, प्रभु चरनन में तन मन दीजे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दोउ कर जोड़ तुझे हरि ध्यावें, भक्तिदान तुझ से वर पावें।
देउ दयामय सुध हमारी, तैं दर यावें संगत सारी।

भजन १०३

भोर भयो पक्षीगण बोले, उठो जन प्रभु गुण गाओ रे।
लख प्रभात प्रकृति की शोभा, बार २ हर्षाओ रे।
प्रभु की दया सिमर निज मन में, सरल स्वभाव उपजाओरे।
हो कृतज्ञ प्रेम में उनके, नैनन नीर बहाओ रे।
ब्रह्म रूप सागर में मनको, बारम्बार डुबाओ रे।
निर्मल शीत लहरें लेले, आत्म ताप बुझाओ रे।

भजन १०४

टेक—पापी मन सोवे पड़ा, उठ जाग धर्म पहचान।

मुशकिल से ये तैं देहं पाई, जोकि तू ने सोय गंवाई।
तज गफलत नादान। पापी मन० १
वक्त गया फिर हाथ न आवे, पीछे से तू क्यों पछतावे।
मौत सिरे पर जान। पापी मन० २

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बड़े २ राजा माया धारी, विक्रम भोज दधीच से भारी।
काल ने मारे आन। पापी मन० ॥ ३ ॥
अर्जुन भीम से योधा भारी, जिन से कांपै थी सृष्टि सारी।
हैं कहां कर तू धयान। पापी मन० ॥ ४ ॥
मात पिता दारा सुत जोई, धन दौलत और लशकर कोई।
इनका क्या अभिमान ॥ पापी मन० ॥ ५ ॥
मनुष्य देह की नाव बनाले, कर्म धर्मका चप्पू लगाले।
जल्दी तर नादान, पापी मन० ॥६॥

राग असावरी) १०५ भजन (३ताल

टेक—प्रभु को सिमर २ मन मेरे शांति हृदय में हो तेरे।
नाम दान स्नान निरर्थक सो मन प्रीति न तेरे।
जात पात की बात न पूछे, पूछे काज भलेरे। १।
जिन करतार अकाल पछाता, सोई जगत उचेरे॥
दो दिन के सुख कारण मूरख, पावत उमर बखेड़े ॥२।
गंगा यमुना कांशी वन जंगल, हर घट में हर नेड़े॥
पर जो उसको ढूंड न जावत, औझड़ फिरत अन्धेरे ॥३॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सांच त्याग मिथ्या जिन पकड़ी अति उन दुःख सहेड़े ।
एक मात्र जो प्रभु को सिमरे, हम तिस के हैं चेरे ॥ ४ ॥

—o—

रागनी भैरवी] भजन १०६ [ताल झप

प्रभु के मित्र के यश गावें, पिता वोही हमारा है ।
वही है पूज्य हम सब का, वही सब का सहारा है ॥ १ ॥
न महिमा उसकी का पाया, किसी ने वार पारा है ।
सकल ब्रह्मांड को रच कर, उसी ने एक धारा है ॥ २ ॥
जो हो चुका होगा, उसी का सब पसारा है ।
सभी के वस रहा अन्तर, सभी से वह न्यारा है ॥ ३ ॥
वह ज्योतिमय ही केवल है, तिमर न अन्धकारा है ।
उसी के दान से सूरज, चमकता चन्द्र तारा है ॥ ४ ॥
वही है ज्ञान का सागर, उसी में सत्य सारा है ।
ज्ञानी सत्यवादी का वही मित्र प्यारा है ॥ ५ ॥
पवित्र शुद्ध है निर्मल, वही शुद्धि करने हारा है ।
धर्म्म का बल उसी है, वही बल का भण्डारा है ॥ ६ ॥
वह करुणा रूप है ...

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अधम अति पापियों को भी, भरोसा उसपै भारा है ॥ ७ ॥
गंवाया जन्म को निष्फल, उसे जिसने विसारा है ।
लगा चरनन में उस के जो, जन्म उसने सम्भारा है ॥ ८ ॥
भुलावें काहे हम उसको, जो त्राता हम सभों का है ।
भजो निश दिन वही प्यारे, कि जिसका सब पसारा है ॥ ९ ॥

—:०:—

१०७ भजन

प्रभु प्रीतम जिसने बिसारा, हाय जन्म अमोल बिगाड़ा ।
धन दौलत माल खज़ाना, यह तो अन्त को होवे बिगाना ।
सत धर्म को नाहीं बिचारा, भूला फिरता है मुग्ध गँवारा ।
झूठे मोह में तन मन दीना, नाहीं भजन प्रभु का कीना ।
पुत्र पौत्र और परिवारा, कोई सङ्ग न चलनहारा ।
भ्रातृभाव न प्रीति परस्पर, कपट छल है भरा मन अन्दर ।
कुछ भी किया न पर उपकारा खोटे कर्मों का लिया इजारा ।
तेरा जोबन और जवानी, ढलती जावे ज्यों बरफ का पानी ।
मीठी नींद में पांव पसारा चिड़ियां चुग गईं खेत तुम्हारा ॥
धोखे बाजी के दाम फैलाए, विषय भोग के चैन उड़ाए ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पुण्यदान से रहा है न्यारा, ऐसे पुरुष को है धिक्कारा ।
जो २ शास्त्र वेद बखानें, मूर्ख उल्टा हो उसको जानें ।
समय खोया है खेल में सारा, संत संग से कीना किनारा ।
ऐसे ज्ञान पे तू अभिमानी, टीला रेत का ज्यों बीच पानी ।
क्यों न गुण और कर्म सुधारा, मानुष्य जन्म न हो बारम्बारा ।
तेरे कर्म हैं नाव समान; जिस में बैठा है तू अनजान ।
गहरी नदिया है दूर किनारा कोई दम में तू डूबन हारा ।
'गंगाराम' तू जाग रे भाई, कुछ तो करले नेक कमाई ।
संग जाय नहीं सुत दारा, सत धर्म ही देगा सहारा ॥

रागनी भभास) १०८ भजन (३ ताल

टेक–तू कुछ कर उपकार जगत में, तू कुछ कर उपकार ।
मानुष्य जन्म अमोलक तुझ को, मिले न बारम्बारा ॥१॥
कर्म उपासना ज्ञान कांड को, कर्म अपकर्म विचार ।
जगत में सुख दुःख प्राप्त होवे, सब को पूर्व कर्म अनुसार ।
सुकृत अपना कर धन संचय, यह वस्तु है सार ।
देश उन्नति कर पितृ सेवा, गुणियन का सत्कार ॥ २ ॥
शक्ति संतोष परस्वार्थ रत, दया क्षमा उर धार ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भूखे को भोजन प्यासे को पानी, दीजे यथा अधिकार ॥ ४ ॥
कठिन समय में होवेंगे साथी तेरे श्रेष्ठ आचार ।
तांते इनका कर तु संग्रह, सुख हो सर्व प्रकार ॥ ५ ॥
होवे अज्ञानी कहे अज्ञासम, तिस को है धिक्कार ।
है कर्तव्य आवश्यक 'अमीचन्द' जो कहे षट चार ॥ ६ ॥

राग आसावरी १०९ भजन

टेक—जप जाप प्रभु का कभी न भूल ।
नहीं आदि अन्त है जिसका मूल । जप जाप०
दो दिन की गुजरान जगत में ।
काहे को इस पर रहा तू फूल । जप जाप०
सदा 'पेकस' कर याद उसी को ।
जो प्रभु दीन दयाल ।
घट २ का है अन्तर्यामी ।
दूर करे दुःख ताप सूल । जप जाप०

रागनी कौसिया] ११० भजन [ताल ३

टेक—जन्म जात ज्यों रेल समझकर, जन्म जात ज्यों रेल ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सांधी सड़क बनी दुःख सुख की, काल कराल ढकेल। समझ०
बरस २ का है स्टेशन मास २ ज्यों मील।
रात दिन दोऊ इञ्जन खेंचत, ना घोड़ा ना बैल॥ समझ०
नर शरीर उत्तम है गाड़ी, चलें छबीले छैल।
परम ज्योति सोई लालटेन है, बिन बाती बिन तेल॥ समझ०
ओं शब्द होत निसवासर, ज्यों लांग्रत कुल शैल।
नाड़ तार की खबर देत है, दशो दिशा रही फैल॥ समझ०
काहू ने टिकट लिया सुर पुर का, काहू ने यमपुर गैल।
'विश्वानन्द' रामकृल धारी, देखत है सब सैल॥ समझ०

राग कौंसिया] १११ भजन [३ ताल

जिस गाड़ी में जाना तुझ को इक पल छिन में वह आती है
कुछ देर नहीं बांधो बिस्तर, घंटी उपदेश सुनाती है॥ १
करे शंट और इंजन गरजे है, सुन २ जिया घर २ लरजे है।
कर तरक वतन उस देश चले, जिससे आती नहीं पाती है।
इक उतरी आन स्वारी है, एक चलने की कर रही त्यारी है।
दुनिया एक अजब स्टेशन है, जहां रेल चले दिन राती है।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जिसे जिस दरजे में जाना है, वैसा महसूल चुकाना है।
यहां टिकट ही देखे जाते हैं, नहीं पूछते कौन सी जाती है।
यहां घूमते चोर उचक्के हैं, जो दाव घात के पक्के हैं।
कोई गांठ कतर लेजाता है, कोई करता आत्मघाती है॥
जब होती रेल रवाना है, तब छूटत खेश बगाना है।
रो २ के पीछे देखे है, गाड़ी से पाकर भाती है।
जो ताज और तख्त का वाली, है अब जाता हाथ से खाली है
जो कुनबे का अभिमानी है अब सङ्ग न उसके साथी है।
कहो क्यालायासङ्ग तोश तू है, तेरा जिस पर इतना भरोसा है।
खानपान का संगसमान नहीं, लगी भूख और प्यास सताती है।
यदि कितना ही धन जोड़ेगा, उसे अन्त को इक दिन छोड़ेगा।
संग धर्म की बिलटी जायेंगी, और वस्तु संग नहीं जाती है।
क्यों लंबा पांव पसारा है, चन्द मिन्ट का यहां तो गुज़ारा है।
क्यों लड़े है साथ मुसाफिरों के तू अमीचन्द बड़ा उत्पाती है।

११२ भजन

प्रथम जगदीश को कीजे नमस्ते।
कि जिस के गर्भ में ब्रह्माण्ड वस्ते॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वही सूक्ष्म सभी जग में रमा है।
न जिसके अन्त आदि का पता है ॥
कृपा कर ज्ञान दीन्हा वेद द्वारा।
जिसे सृष्टि के आदि में प्रचारा ॥
बताये चार आश्रम उस में हम को।
मिटाते वे अविद्या रूप तम को ॥
प्रथम ब्रह्मचर्य आश्रम नाम धारी।
हुई जिससे गुरुकुल की तयारी ॥
करो दृढ़ व्रत नियम आज्ञा विचारो,
बताये ज्यों सभी चित मांहि धारो ॥
प्रथम कर शौच तन मन को सुधारो।
हृदय संतोष से अपना संवारो।
सहो सब द्वंद तप को धार लीजो।
परिश्रम वेदों के पढ़ने में कीजो ॥
करो सर्वस्व सब ईश्वर के अर्पण।
नियम ये पांच धारो नित्य निज मन ॥
न दुख दो चोरी त्यागो सत्य भाषो।
घृणा विषयों से रक्खो वीर्य राखो ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

यही यम पांच मनु जी ने बताये।
सदा ब्रह्मचारी चित प्रभु में लगाये॥
रखो नित याद उपदेशों को मन में।
कहे आचार्य जो ब्रत वाले दिन में॥

---

११३ भजन

टेक—वेदों के पढ़ने का, सब को अधिकार

ईश्वर ने सभी बताया, ये मन्त्र तुमे दिखलाया।
जरा तुम करो विचार। वेदों के०

अध्याय छबीस में भाई, देखो मन्त्र दूसरा जाई।
यजुर्वेद रहा पुकार। वेदों के०

जो मनुष्य मात्र हैं सारे, ईश्वर के पुत्र प्यारे।
हक सब के इकसार। वेदों के०

अगिन जल वायु आदि, ईश्वर ने सभी बता दी।
एक के नहीं अख़तियार। वेदों के०

दो छोड़ पक्ष को भ्राता, 'गंगा सहाय' तुमे सुनाता।
वेदों का करो प्रचार। वेदो के०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

११४ भजन

टेक—झूठा विश्वास, गंगा मुक्ति का।

नहीं जल से मुक्ति पावो, क्यों बृथा उमर गंवावो।
मनु जी कहते खास। गंगा से०

जल से शरीर को मानो, और सत्य से शुद्ध मन जानो।
पाप नहीं होते नाश। गंगा से०

विद्या तप से शुद्ध आत्मा, यों कहते सबी महात्मा।
छोड़ दो मिथ्या आश। गंगा से

बुद्धि शुद्धि ज्ञान से भाई, ऋषि महर्षि रहे सुनाई।
क्रिया यही प्रकाश। गंगा से०

नहीं पाप छुटेंगे प्यारे, 'गंगा सहाय' कहे पुकारे।
करो चाहे गंगा वास। गंगा से०

भजन ११५

टेक—धर्म के चारों लक्षण, लीजो पहचान।

महाराज मनु बतलाते, सब को उपदेश सुनाते।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सुनो मित्रो दे कान। धर्म के० ॥ १ ॥
प्रथम वेदों को जानो दूजे स्मृति मानो।
तभी होवेगा काम। धर्म के० ॥ २ ॥
ऋषियों का मार्ग भाई, तीजा सदाचार कहूं गाई।
चलो उस पै दे ध्यान। धर्म के० ॥ ३ ॥
चौथे संतोष को धारो, सत्य विद्या धर्म बिचारो।
जभी हो आत्म ज्ञान। धर्म के० ॥ ४ ॥
सब ऋषि मुनी यों गावें, 'गंगासहायें' तुम्हें सुनावें।
धर्म खास निशान। धर्म के० ॥ ५ ॥

राग सागर] ११६ भजन [दादरा ताल

परम पिता के प्रीति से, गावो सदा।
परम पिता के जग रचिता के प्रीति से, यश गावो सदा।
हमको इन्सान किया, अशरफे जहान किया, पैदा जो समान किया, सब हम को दान किया।
है हैरानी, पर यह प्राणी, करें नादानी, कुछ न मानी,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

राह हक्कानी छोड़ दिया ।

ऐसी मत कर, अय ! नादान नर, निश दिन हर पर हित से चित धर, गावो सदा ।

दोहा—वह दाता कर्तार है, सब का पालन हार ।
पर हम कुछ नहीं जानते, मूर्ख सख्त गंवार ॥

दिल में विचार करो, पर उपकार करो, ईश्वर से प्यार करो, 'खस्ता' दिल शाद करो । गाओ० ३

रागनी सारंग बृन्दाबनी) ११७ भजन (३ ताल

टेक—तुम शरण प्रभु की आओ ।

धीरज मन में अपने धारो, मन पञ्चल ठहराओ ।
सारे जगत् का जो स्वामी है, उस से प्रीति लगाओ ॥१॥
एक उसी पर निश्चय राखो, मत मन को भरमाओ ।
हृदय नगर में करो खोजना, मत कहीं आओ जाओ ॥ २ ॥
काम क्रोध और लोभ मोह में, चित मत कभी फंसाओ ।
सच्चे भक्त बनो ईश्वर के, आर्य्यत्व को पाओ ॥ ३ ॥
विषय भोग से बचे रहो सदा, इन्द्रियें वश में लाओ ॥ ४ ॥
सत्यमानी सत्यकारी होकर, सत्य वक्ता बने जाओ ॥ ५ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन ११८

[आर्य्यवर्त्त की भयानक हालत पर गीत)

उठो नींद से अब सिहर होगई,
उठो रात सारी बसर होगई।
उठो कुल सभा मुन्तशिर होगई,
हुआ सब इधर की उधर होगई।
बगल में नसीबे को भी लेके सोये,
अजल को भी तुम आज दम देके सोये।
हुई सुबह और जानवर सारे जागे,
जनो मर्द हैं घर व घर सारे जागे।
शरारत के रसिया वशर सारे जागे,
उठे वह भी जो रात भर सारी जागे।
फ़कत ख़ुआब में बे खबर तुंम पड़े हो।
अजब नींद की नींद में तुम पड़े हो,
उठो अय बज़ुर्गों की पत खोने वालो,
उठो बाप दादा की मत खोने वालो,
उठो अपनी अक़्ल और सुरत खोने वालो,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

उठो अपनी बाक़ी की रात खोने वालो।
ज़रा ख़्वाब ग़फ़लत से आंखें तो खोलो,
बही आबरू अब तो मुंह अपना धोलो।
वह चमका है नूरे सहर कुल जहां में,
नई रौशनी फैली है हर मकां में।
शबे ग़म ने चादर स्याह है उतारी,
खुली ग़फ़लतों से न आंखें तुम्हारी।
कमाऊ कमाई पय चलते हुए हैं,
मखट्टू पड़े हाथ मलते हुए हैं,
सब आरायशें लुट चुकी हैं तुम्हारी,
बहारें हुईं ऐश की तुम पै भारी।
यह चलने लगी इज्ज़तों को स्वारी।
बस अब है जनाज़ा निकलने की बारी,
गजब उमर सोने में तुमने गवांदी।
उठो बन गई और क़ौमों की चांदी,
लुटेरों ने लूटा है घर जागो जागो।
चला जाता है मालोज़र जागो जागो,
वह बाबा की जाती है ज़र जागो जागो,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वह भाव। गई दर बदर सारी जागो
वह कुनबे की इज्जत चली अब तो उठो,
वह दौलत व हशमत चली अब तो उठो
तरक्की का दिन सारा ढलने को आया,
तनज्जुल ने यह दिन है तुमको दिखाया,
कीया तुम पय अदबार ने अपना साया,
मगर गफ़लतों ने न तुम को जगाया।
ज़रा अपनी करवट बदल कर तो देखो।
पड़े ही पड़े आंखें मल कर तो देखो,
ज़माने की रंगत बदलने लगी है,
हवा और आलम में चलने लगी है,
हर एक कौम गिर कर सम्भलने लगी है,
मगर आप की कौम नीचे पड़ी है।
बड़े बनेत जाते हैं छोटे तुम्हारे,
नसीबे हैं किस दरजा खोटे तुम्हारे।

भजन ११६

वृथा क्यों जन्म खोता है अरे मतिमन्द नर तन का।
लगा रह ध्यान में उसके जो स्वामी है सभी जन का॥ १॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

यहीं के संगी साथी हैं यहीं के मित्र हैं तेरे।
न भाई बन्धु सुत दारा रिशवत भी चले धन का ॥ २ ॥
यही संसार की गति है कोई आता कोई जाता।
जो करना हो सो कर ले तू रहे न पछताव फिर मन का ॥३॥
ये वसुधा के भये स्वामी हज़ारों राजा महाराजा।
कहां यादव कहां पाण्डव कहां परिवार रावण का ॥ ४ ॥
ये बन्धन से निकलने का करो कुछ यत्न ऐ प्यारे।
करो उपकार तन मन से यही कारण मनुष्यों का ॥ ५ ॥

राग कमाल) १२० भजन (३ ताल

करनी का ढंग निराला है, करनी का ढंग निराला है ॥ १ ॥
कोई दिगम्बर कोई पिताम्बैर, पहने शाल दुशाला है ॥ २ ॥
कोई भूपत है कोई सैनपति, कोई गडरिया ग्वाला है ॥ ३ ॥
कोई अन्धा कोई लूला लङ्गड़ा कोई गोरा कोई काला है॥ ४ ॥
कोई भूखा प्यासा व्याकुल है, कोई मद पी पी मतवाला है ॥५॥
कोई मदकी भंगी चरसी है कोई पीवे प्रेम प्याला है ॥ ६ ॥
जब तक फिरे न मँनै का मनका, क्या तसवी क्या माला है ॥७॥
निसादिन भजे जो हरि को 'अमींचन्द' सोई करनी वाला है ॥८॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

राग ज़िला) १२१ भजन (ताल तीन

सुनो तुम अब वैदिक गाथा ।
जिस से भाईयो जन्म मरण सब है कट जाता ।
यजु ऋग साम अथर्व चारों, वेद इनका है नाम प्यारे ।
इनमें जो कुछ लिखा है मैं तुमको बतलाता ॥ सुनो तुम०
प्रातः और सायं सब भाई करो सब सन्ध्या दिल लाई ।
ब्रह्मयज्ञ इसका नाम यह वेद है फरमाता ॥ सुनो०
दूसरे हवन यज्ञ प्यारे, देवयज्ञ कहते जिसे सारे ।
अग्नि में जो हवन करे, आकाश में पहुंचाता ॥ सुनो०
पितृयज्ञ नित्य कर्म तेरा, मान ले तू कहना मेरा ।
मात पिता की सेवा करता आनन्द वह पाता ॥ सुनो०
अतिथि जो साधु सन्यासी, नहीं जो एक देश वासी ।
इनका कर सत्कार, चौथे अतिथि यज्ञ कहलाता ॥ सुनो०
अन्न जीवन को गर देवे, पांचवां यज्ञ जो कर लेवे ।
भूत यज्ञ है इसका नाम, तू काहे बिसराता ॥ सुनो०
करो नित्य पांचों यज्ञ भाई, कि जिससे मुक्ति हो जाई ।
'केवल' यही वह पाले, कि मोक्ष मार्ग कहलाता ॥ सुनो०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१२२ भजन

टेक—ऊँकार भनो अहंकार तजो,
अभय न समझो जो भई सो भई।
अभिमान गुमान तजो मन से,
मगरूर रहो मत योवन से,
उपकार करो तन मन धन से,
जो गई सो गई, जो रही सो रही। ऊँकार०
दुःख देख दुखन पर क्षोभ करो,
और दीनन से मत विरोध करो।
पर धन तिरिया देख न मोह करो,
अभी न सुधरो जो भई सो भई। ओंकार०
श्रद्धा सत्कार के फूल चुनो,
पाखण्ड घमण्ड के फूल खनो।
उपदेश सुनो तुम आर्य बनो,
अब लों वश बेल भई सो भई। ओंकार०
धन धाम को पाय न मान करो,
अज्ञान तजो और ज्ञान करो।
यह बिनती 'हजारी' की मान करो,
जो बीती बिन अर्थ गई सो गई। ऊँकार०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१२३ भजन

प्रभु को छोड़ कर तूने, लगन किस से लगाई है।
हुआ नादान क्या ऐसा, समझ क्यों बेच खोई है।
जो है सब सृष्टि का पालक, भुलाया उसको तैं मूर्ख।
बुतों को पूज कर प्यारे नफ़ा क्या तूने पाई है।
जो है हर वस्तु में व्यापक, निराकार ईश अविनाशी।
बना कर जड़ मूरतें, मन्दिर जा बिठाई है।
वह है मौजूद सब घट में, हमेशा देखता सब को।
बदी नेकी का फल देता, वह ईश्वर सब का न्यायी है।
नहीं वह जन्म मृत्यु के, कभी बन्धन में आता है।
बताकर जन्म क्यों उस को बृथा तोहमत लगाई है।
छुटा नहीं मैल है मन का नहाया लाख त्रिवेनी।
लिखाया नाम सन्तों में, भरी दिल में खोटाई है।
राम और कृष्ण सत्पुरुषों की, क्यों निन्दा करे मूरख।
बनाकर स्वांग क्यों तैने, हंसी जग में कराई है।
हज़ारों दीन और दुखिया, न पाते एक टुकड़ा तक।
तैं देदे दान दुष्टों को बृथा दौलत लुटाई है।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ज़रा अब होश में आ जा; उठा गफ़लत के परदे को।
भजन 'बलदेव' कर उसका, जो सबका खुशनुमाई है।

कली १२४ भजन

टेक—आत्मा में गंग बहे क्यों नहीं मन न्हावे।

इन्द्रियों को जीत प्रीति ईश्वर से लावे।
पावे कहां परम धाम जो इत उत धावे।
दीनों को दे ले दान सज्जनों का करले मान।
तज दे अभिमान प्राणी अन्त काल खावे।
सत्य का तु कर व्यवहार, जन्म को तू ले सुधार।
धूर्त्तता का डाल जाल, पाप क्यों कमावे।
भाइ बन्धु मित्र यार, बन में तोहे आवें डार।
छूट जावे सब वारवार, एक धर्म्म साथ जावे।
'नवलसिंह' बारबार, ईश्वर ही को तु पुकार।
मनुष्य का शरीर, फेर हाथ नहीं आवे।

---

१२५ भजन

अरे मतिमन्द अज्ञानी, जन्म हरि भक्ति बिन खोया।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बिगाड़ा काम सब तूने, रहा अज्ञान में साया।
पड़ा परदा जहालत का, अकल का आंखों पै रे
सुधा को छोड़ करें मूर्ख जहर का बीज क्यों बोया।
क्रोध और काम के वश हो, जन्म बरबाद कर देना।
बिमुख निज ईश से होकर, कपट छल को जरा त्यागो॥ अ०
भलाई कीजिये सब से, तो तेरा भी भला होगा॥ अरे०
समझ 'बलदेव' निज मन में, न तेरा कोई यहां साथी।
रहा तू नींद में गाफिल, न उठ कर हाथ मुंह धोया॥ अरे०

राग आसा १२५ भजन

ईश्वर का जप जाप रे मन वृथा काहे को जन्म गनावे।
दीनानाथ दयालु स्वामी, प्रगट सब जा आप रे।
सर्वव्यापक की पूजा कर, दूर होवें दुःख ताप रे।
कुछ न बने पत्थर पूजन से, ईश्वर रखा जिस को यापरे॥
छोड़ असत् को सत् ग्रहण कर, नष्ट होवे सब पाप रे॥
खुश होकर प्रभु विनती सुनले, 'बेकस' करे विरलाप रे॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागनी पूर्वोक्त १२७ भजन ताल धमार

कीकन दान रङावां, सैय्यो नी में मूल न कत्या। कीकन०

नहीं सां मैं भुक्खी नहीं सां मैं नंगी, पर नहीं चोली चुन्नी रंगी

हुन बैठी शर्मावां, सैय्यो नी मैं मूल न कत्या ॥ १ ॥

पिछला कत्या कढ हंडाया, अग्गों कतने नूं हाथ न लाया

हुन बैठी पछतावां, सैय्यो नी मैं मूल न कत्या ॥ २ ॥

अमींचन्द ब्राह्मण लैन नू आया, रोन लगा मेरा मां प्यो जाया

कीकन सौहरे जावां, सय्यो नी मैं मूल न कत्या ॥ ३ ॥

कन्त सुचज्जा है मैं हां कुचज्जी उसदे कज्यां मैं जावां कज्जी

जे कन्ते मन भावां, सैय्यो नी मैं मूल न कत्या ॥ ४ ॥

भैरवी ताल] १२८ भजन [प्रातः

प्रभु चरणन में आजा तू, वोही है तेरा हितकारी ।

समय अपना गंवा मत तू, न रोवे अन्त की वारी ॥ १ ॥

कुटुम्बी और सम्बन्धि, अटारी और फुलवाड़ी ।

सभी ही पीछे रहजायें, चलन को होवे जब त्यारी ॥ २ ॥

यह कोमल देह जिसको तू, सजाता रात दिन रहता ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

न जाय साथ रह जावे, भस्म की ढेर हो सारी ॥ ३ ॥
यह मिथ्या ज्ञान चतुराई, जिससे जगत को छजता ।
न आगे काम यह आवे, प्रभु है परम न्यायकारी ॥ ४ ॥
समझ ले सोच ले सब कुछ कमाई धर्म की करले ।
धर्म्म है आज्ञा ईश्वर की, यही है अन्त सहकारी ॥ ५ ॥
भले पुरुषों की संगत से, आचारों को सुधारो तुम ।
ऋषि आप्त की सेवा में, लेओ तुम सुखकारी ॥ ६ ॥
दमन सब इन्द्रियां करलो, रहे मन सर्वदा वश में ।
माता, भैना पुत्रीवत्, सदा देखो हर इक नारी ॥ ७ ॥
द्वेष औरं विरोध से भागा, सभों से मित्रवत बरता ।
सकल पर कृपा दृष्टि कर, बनो सब के तुम उपकारी ॥ ८ ॥
यह अद्भुत सृष्टि में प्रभु की, विचारो देख कर महिमा ।
पढ़ो तुम विद्या उसकी, वह विद्या है परम प्यारी ॥ ९ ॥
उसी का नाम दिन २ लो, उसी के ध्यान में रहते ।
पुराणों को तजो प्यारे, वह देवेगा तुम्हें तारी ॥ १० ॥

जय २ वन्ति] १२९ भजन

प्रीति करो हरि सों मन मेरे ।
जिन २ प्रीति करी हरि पद से,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तिन के दुःख दारिद्र कटे रे। प्रीती० ॥ १ ॥
हरि सिमरत आनन्द होते अति,
स्वप्न क्लेश न आवत नेड़े प्रीती० ॥ २ ॥
काम क्रोध मद लोभ सकल तज,
हरि के चरण में प्रीती करो रे। प्रीती० ३ ॥ ॥
निर्विकार निर्वैर निरञ्जन,
अलख अरूप नाम जिन के रे। प्रीती ॥ ४ ॥
वोही पिता "बलदेव सिंह" के,
उनके चरण के हैं हम चेरे।
प्रीती करो हरि से मन मेरे।

---

१३० भजन

शरण प्रभु की आवो रे यही समा है प्यारे।
मत करो फ़रेब और झूठ को त्यागो, सत्य में चित लगावोरे।
उदय हुआ ओ३म् नाम का भाइ, आवो दर्शन पावो रे ॥
पान करो इस अमृत फल को, उत्तम पदवी पावो रे।
हरि की भक्ति बिना नहीं मुक्ति, दृढ़ विश्वास जमावोरे॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मनुष्य जन्म अमोलक है ये वृथा न इसको गवावो रे।
करलो नाम हरि का सिमरण, अन्तको पछतावो रे।
धन्य दया जो सबको पाले, मत इसको विसरावो रे।
छोटे बड़े सब मिलकर "खुशी" से यश ईश्वर के गावो रे।

कली १३१ भजन

टेक—हरि का ध्यान लगावो समाजा, हरि का ध्यान लगावो
विषय पाप सब मन से त्यागो, प्राण पवन ठहरावो।
सतचित आनन्द स्वरूप में, प्रेम मगन होजावो॥ सम०
ईश्वर के गुण चितवन करके, वैसा ही चित्त बनावो।
वही बर्ताव करो जग भीतर, तब आनन्दपद पावो॥ सम०
मन का मनका सत्य का धागा ज्ञान के चक्र घुमावो।
ओं शब्द को अर्थ सहित भज, इत उत क्यों भ्रमावो॥ सम०
घर को छोड़ बाहर कहां जावो, क्यों मन को भटकावो।
नवलसिंह कहें घटके मठमें, हरि सों प्रीती लगावो॥ सम०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागनी भैरवी) १३२ भजन (ताल तीन

आर्य्य भूमि में समाजिक कल्प बृक्ष लगा गए।
उचित वक्ता सत्यवादी सत्य धर्म्म बता गए॥ १ ॥
हो गए थे लोप चारों वेद ही इस देश से।
कर के देशाटन महाशय उनको फिर फैला गए॥ २ ॥
देश हितैषी वह महार्षि दयानन्द सरस्वती।
अपने शुभ उद्योग से वह मोक्ष पद को पा गए॥ ३ ॥
न्याय युक्ति है टपकती उन के सत्य सत्यार्थ से।
भूल न जायो कदापि जो तुम्हें समझा गए॥ ४ ॥
आज जो उत्सव हुआ यह उनका ही उपकार है।
दूर दूर से आर्य्य गण मिल इस नगर में आ गए॥ ५ ॥
सैकड़ों विद्वान् कवी जन उनकी स्तुति लिख चुके।
तुझ से गायक कितने अभीचन्द्र श्रेष्ठ भजन सुना गए।

भजन १३३ पहाड़ी

टेक—धन जन योवन सङ्ग न जावे, यह सब पीछे रह जावें।
रैन गवाई देह निसारे, खा कर दिवस गवावे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मानुष जन्म अकार्थ खोया, मूर्ख समझ न आवे ॥ १ ॥
धन कारण जो होवे दीवना चारों दिशा को धावे ।
राम नाम कभी न सिमरे, सो अन्ते पछतावे ॥ २ ॥
जो ठाकुर सब को प्रतिपाले, सकल उपाय बनावे ।
नमस्कार उन्हें बारम्बारा, उन्हीं की महिमा गावें ॥ ३ ॥
प्रीति सहित मिल आओ साधो ईश्वर के गुण गावें ।
जिस के किये सदा शुभ होवे, तिसको काहे भुलावें ॥ ४ ॥

—०—

खमाच] १३४ भजन [ताल मुगयी

गाफिल समय क्यों खो रहा, उठ देख क्या है हो रहा ।
किस नींद में तू सोरहा, कुछ ईश का भी ध्यान कर ॥
ले सुबह से ता शाम है, विषयन में तेरा काम है ।
और होरहा बदनाम है । कुछ ईश० ॥
लालच से तुझ को प्यार है, और झूठ का व्योहार है ।
दिन रात यही कार है । कुछ ईश० ॥
धन का तुझे अभिमान है, लिया धर्म्म इस को मान है ।
उस में ही तू गलतान है । कुछ ईश० ॥
कहीं मित्र गूढ़ बनावे तू, कहीं वैर को ही कमावे तू ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

लाखों फरेब बनावे तु, कुछ ईश का भी ध्यान कर ॥
तेरा जो महल और बाडी है, सामान लाख हज़ारी है।
आखिर को यहीं खाक सारी है, कुछ ईशं का भी ध्यान कर ॥
यह उमर बे बुनियाद है, नहीं मौत तुझको याद है।
गफ़लत में अब तु शाद है कुछ ईश का भी ध्यान कर ॥
सज्जन को दुशमन जानता, सत्य धर्म को नहीं मानता।
ऐसी हुई अज्ञानता, कुछ ईश का भी ध्यान कर ॥
जान और की बरबाद है, तेरा मज़ा और स्वाद है।
सुनता नहीं फ़रयाद है, कुछ ईशका भी ध्यान कर।
खावे शराब कबाब तू, रक्खे उमीदे सवाब तू।
आखिर को देगा हिसाब तू, कुछ ईश का भी ध्यान कर।
काफिर बना आ द से, प्रीति करी पाखण्ड से।
हरगिज़ न खौफ है दण्ड से, कुछ ईश का भी ध्यान कर
वेदों में जो विस्तार है, आर्य्य करे प्रचार है।
करता न तु स्वीकार है, कुछ ईशं का भी ध्यान कर।
मूर्ख तुझे भरमावे है, सब गप्प शप्प सुनवावे हैं।
खुद को ब्रह्म बतावे है, कुछ ईश का भी ध्यान कर।
भक्ति को जो सिखलाते हैं वह और भी जतलाते हैं।
ईश्वर को जड़ बतलाते हैं, कुछ ईश का भी ध्यान कर।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सत संग से तुझ को आर है, नहीं सूझ नाही सार है।
तू भूला फिरे गंवार है, कुछ ईश का भी ध्यान कर।
नित्य कर्म संध्या छोड़ कर, पत्थर से माथा जोड़ कर।
क्या होगा माथा फोड़ कर, कुछ ईश का भी ध्यान कर।
यह देह न बारम्बार है, क्यों करता नहीं सुधार है।
आलस्य तेरी पै धिक्कार है, कुछ ईश का भी ध्यान कर।
आर्य धर्म्म प्रकाश है, करता पाखण्ड को नाश है।
सत पुरुषों को विश्वास है, कुछ ईश का भी ध्यान कर।
आर्य्य समाज की ले शरण, सुधरे तेरा जीवन मरण।
देदे इसमें मन तन और धन, कुछ ईश का भी ध्यान कर।
'धर्म' की विनय को जानकर, और सत् धर्म्म को मान कर।
सत् चित् आनन्द का ज्ञान कर, कुछ ईश का भी ध्यान कर।

दोहा

वेदों को छोड़ कर हिन्दोस्तान ने।
हैं दुख उठाये इनको करूं क्या बयान मैं।
आखिर को हाले ज़ार पै खा करके उनके रहम।
ईश्वर ने भेजा स्वामी दयानन्द जहान में।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागधनासरी) १३५ भजन (ताल ३

नख बिन कटा देखे, जोगी कनफटा देखे,
सीस धारी जटा देखे, धूर लावे तन में। १।
मुनि अनबोल देखे, सरी बड़े अचोल देखे,
करत किलोल देखे, बन खराडी बन में। २।
बीर और शूर देखे, माया भरपूर देखे,
जन्म ही के कूड़ देखे, फूल रहे धन में। ३।
आदि अन्त सुखी देखे, जन्म ही के दुखी देखे।
ऐसा कोऊ न देखो, जा को लोभ नहीं मन में। ४।

---

१३६ भजन

बन जाना बन जाना मेरे भाई आर्य्य बन जाना।
(१) हिन्दुआं दे विच दुःख बहुतेरे,
सत् धर्म्म विच करन बखेड़े,
अज्ञान दे विच लाए डेरे,
बन जाना बन जाना मेरे भाई आर्य्य बन जाना।
(२) बाली उमर में ब्याह रचावें,
गंद बोलन ते न शरमावें।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

उन के हुकुम न हरगिज़ भुलाइया । व६०

रागनी भैरवी भजन १३७ (ताल तीन

झूठ को जिसने त्याग दिया और सत्य को मित्र बनाया
मोक्ष का मारग उसी ने निश्चय मृत्यु लोक में पाया ॥ १ ॥
दुःखों का सागर उसने पकड़ा बुद्धि हीन कहाया ।
जगत् पिता की जगह में जिसने और को सीस नवाया ॥२॥
दुःख और दर्द क्लेश कोई भी उसके पास न आवे,
एकाग्र जो मन को करके शरण प्रभु की आया ॥३॥
अपनी २ जिन चीजों को कहकर जान है देता,
मूर्ख अपने मन में समझें तु साथ भी या कुछ लाया । ५
सारे पदार्थ पडे रहेंगे कोई नें साथ चलेगा,
खाली हाथ जायगा यहां से खाली हाथ था आया ॥६॥
जीते जी के सब साथी हैं मरे पर काम न आवें,
बेटा बेटी साला सुसरा जोरू चाचा ताया । ६ ।
केवल अति आनन्द में निशदिन रहता है मन मेरा,
जगत् पिता से निश्चय करके जब से नेह लगाया । ७ ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

गंदा सिठनियां डोली सुनावें,
बनजाना बनजाना मेरे भाई आर्य्य बन जाना
(३) छोटी उमर में रांड बिठावें
दर दर उसको यह भटकावें
इन गौश्रन पर तरस न खावें
बनजाना बनजाना मेरे भाई आर्य्य बनजाना
(४) उनकी आहों से दुःख उठावें
कौम को नरक का अधिकारी बनावें।
बाल विवाह का यह फायदा उठावें
बनजाना बनजाना मेरे भाई आर्य्य बन जाना
(५) वेदों की यह करते हानि
करते हैं अपनी मन मानि
पुराणों मे न करें गिलानी
बनजाना २ मेरे भाई आर्य्य बनजाना
(६) झूठी गाथा हमको सुनावें
ऋषि मुनियों पर कलंक लगावें
कृष्णचंदर को भीख मगावें
बनजाना २ मेरे भाई आर्य्य बनजाना
(७) भैरव को यह शराब पिलावें

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बकरों की वहां भेट चढ़ावें।

जगत नाथ का जूठ यह खावें,

बनजाना बनजाना मेरे भाई आर्य्य बन जाना ॥

(८) स्वामी दयानन्द पर उपकारी,

वेद प्रचार में जान जिस वारी।

चिरंजी लाल भी थे उपकारी,

बजानना बनजाना मेरे भाई आर्य्य बनजाना ॥

(९) लेखराम थे बड़े ब्रजकारी

धर्म्म के लिये जिस जान वारी।

'आर्य्य' कहे सुनलो नर नारी,

बनजाना बनजाना मेरे भाई आर्य्य बनजाना ॥

राग जिला १३६ भजन

टेक—सनातन वेदो की बानी,

जो होवे प्रचलित रहे न मूर्ख अज्ञानी, सनातन०

(१) गुरुकुल पूर्ण कर दीजे, वेद की शिक्षा लेलीजे,

उठो भारत वासियो गुरुकुल करो तैयार।

परस्वार्थ का वक्त है समय न बारम्बार

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सभी मिल कर कार्य्य को कीजे,
सफल हो जावे जिन्दगानी। सनातन० ॥
(२) ऋषि मुनियों की आज्ञा पालो,
इस अमृत सागर में नहालो।
तीन ताप मिट जावें निश्चय करलो जान,
ऋषि पदवी को पायेंगे ऋषियों की संतान।
ब्रह्मचारी बन दिखलाओ,
रहे न कोई भी अभिमानी। सनातन० ॥
(३) नष्ट आश्रम हुए सारे,
कष्ट दुःख सिर पै पड़े भारे।
ब्रह्मचर्य्य बुन्याद है शेष आश्रम दीवार,
बिना ब्रह्मचारी बने जीवन पै धिक्कार।
भेज दो गुरुकुल में संतान।
न भेजे उसकी नादानी। सनातन० ॥
(४) अगर सब आनन्द को चाहो,
वेद प्रचार को फैलाओ।
दुर्भिक्ष आदि इस लिये जो नहीं वेद प्रचार,
महाभारत का लेख है सुनिये सब संसार।
वेद प्रचार करो सारे,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बचेंगे तभी सारे प्राणी । सनातन० ॥

(५) शुकर उसका ही बजा लावें,

उसी का धन्यवाद गावें ।

विद्या पढ़ दयानन्द ने कियो जगत उपकार,

सब के प्रति उपदेश है वेद पढ़े संसार ।

इसी मतलब को गुरुकुल है,

फ़ज़ीलत जिससे हो इनसानी ॥ सनातन० ॥

(६) वेद को साङ्ग उपांग पढ़ लो,

पहिला आश्रम पूरा करलो ।

व्याकरण आदि अंग हैं न्याय आदि उपअंग,

इन सब को पढ़ कर तभी पढ़ले वेद निशंग ।

ऋषि मुनियों की सुगम रीति,

मोक्ष मार्ग में हो आसानी ॥ सनातन० ॥

(७) धर्म्म मर्य्यादा फैल जावे, ओ३म् का झंडा लहरावे

पचीस वर्ष आयु के गुरुकुल को दो दान ।

ब्राह्मण आदि सभी की पढ़े वहां संतान,

उच्च पदवी यह देश पावे ।

भारत हो देशों में मानी ॥ सनातन० ॥

(८) प्रभु जी बल हम को देओ ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

२ अन्तरा

यह दुनिया कूड़ कहानी अन्त को फानी,
चित्त मत लावो चित्त मत लावो।
मत छोड़ ईश को और की शरणी जावो,
हो बान्ध कमर त्यार वेद हथ्यार पकड़ कर जावो
यही चारो दिशा में धर्म्म उपदेश सुनाओ
कुछ चित्त में सोच विचार करो,
भाई ऋषियन का आचार करो।
गुरुकुल को तुरत तैयार करो, बिगड़ी हालत को सुधार करो।
नो सोये पड़े अभिमान चादर को तान उनको जगावो
भाई जी वेदों का प्रचार खूब फैलावो॥

३ अन्तरा

मत आलस्य हिये में कर तू, धर्म्म का पकड़ दम दा है नहीं आसा
यह चल जावे जिवें पानी विच पतासा,
क्यों मरया एथे डेरा, कुछ नहीं तेरा जान मत हासा।
तजे मन्द कर्म्मों को हो ईश्वर का दासा।
तू ओड़क को पछतावेंगा, कुछ समझ तेरी नहीं आवेगा।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अशक्ति सारी हर लेओ।
भारतवासी मिल सभी गुरुकुल करें तैयार,
यथाशक्ति धन दान दे भर देवें भण्डार।
बजे फिर वेदों का बाजा, होवे जो तेरी मेहरबानी।
सनातन वेदों की बानी।
जो होवे प्रचलित रहे न मूर्ख अज्ञानी।
भाई वेदों का प्रचार सभी फैलाओ।

रागनी पीलो) १३७ भजन (ताल कव्वाली

१ अन्तरा

जब होते भारत में पाप होती थी माफ धर्म्म की हानि।
करवाते कार्य जो मन आते प्राणी।
फड़ वेद धर्म्म की तेग सांतू ज्यों मद्य आये जब स्वामी।
तिन के आगे नें रहा कोई अभिमानी।
भाई बाल विवाह को दूर किया, भाई आलस सब काफूर किया
भाई सबके दिल में नूर किया, भाई वेदों का ज़हूर किया
भाई ऋषि मुनियन की रीत, आपस की प्रीत सब को सिखलावो
भाई वेदों का परचार खूब फैलावो।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

धन यौबन काम न, आवगा, बिन हरि न पार लंघावेगा ।
तज काम क्रोध को लोभ मोह को इन्द्रियां वश में लावो
वेदों का प्रचार खूब फैलावो

५ अन्तरा

भाई गफलत से तुम भागो, आलस को त्यागो
सोचो कुछ मन में
क्यों बैठे हो यह समय जाता है क्षण में
तुम सबको करो उपदेश शूद्र और वैश लिखा वेदों में
अब देरी मत तुम करो धर्म्म पालन में
वह सच्चिदानन्द कहाया है, कोई अन्त न उसदा पाया है
घटघट में आप समाया है, चौहां वेदां में एह गया है ।
कहे "कहेसाभर" करो तुम कार होकर हुश्यार मोक्ष को पावो
भाई वेदों का प्रचार खूब फैलावो ॥

---

१३८ भजन

अमोलक मनुष्य जन्म प्यारे,
शहादत दे रहे वेद चारे ।
इस दुनियां में आन के, किया न पर उपकार ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भाई विद्या हीन पशु समान कह गये ऋषि पुकार ॥

योगी जन गुणी ज्ञानी न्यारे,

अमोलक मानुष्य जन्म प्यारे।

शहादत दे रहे वेद चारे।

पर उपकार के कारने यन तन देवो लगा।

भाई भारत की सन्तान है हम हैं सभी भरा ॥

सोच कुछ मन में

क्यों बैठे हो यह समय जाता है क्षण में।

तुम सब को करो उपदेश शुद्र और वैश्य लिखा वेदों में।

अब देरी मत तुम करो धर्म्म पालन में।

वोह सच्चिदानन्द कहाया है, कोई अन्त नै उसदा पाया है।

घट २ में आप समाया है, चौहां वेदां में एह गाया है

अमोलक मानुष्य जन्म प्यारे,

शहादत दे रहे वेद चारे

आंख खोलो प्यारयो, नींद से हो होशियार।

हालत बिगड़ी देश की अब तो करो सुधार।

बुलावें धर्म्म के जयकारे,

अमोलक मानुष्य जन्म प्यारे,

शहादत दे रहे वेद चारे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

(लावनी] १३९ भजन

हिन्दूपन से धोय हाथ अब परमेश्वर के दास बनो।
करो कर्म अनुकूल वेद फिर तुम आर्य्य खास बनो।

चौक १

बिना धर्म्म सुख मिले न स्वपने क्यों वृथा मन भटकावो।
दम्भ कपट छल त्याग न जब तक सीधे मार्ग पर आवो।
चाहे जितनी गंगा न्हावो गया प्रयाग चाहे नित्य जावो।
सुख की शकल देख नहीं पावो चाहे दुनियां में धावो।
सत्य धर्म में श्रद्धा लावो पीछे भोग बिलास घनो।
कर्म करो अनुकूल वेद के फिर तुम आर्य्य खास बनो।

चौक २

दश लक्षण जो कहे धर्म के मनु शास्त्र में सुखदाई।
पहला धैर्य क्षमा दूसरा दम तीजा जानो भाई।
है चौथा स्तेय पांचवां दया शौच पन वतलाई!
इन्द्रिय निग्रह छटा सातवें बुद्धि की निर्मलताई।
अष्टम विद्या नवम सत्य उर दशमें क्रोध का नाश करो,
करो कर्म अनुकूल वेद के फिर तुम आर्य्य खास बनो।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक ३

यही धर्म है मनुष्य मात्र का इसके ऊपर चितलावो ।
क्यों दुनियां में फिरो भटकते, धन देकर धक्के खावो ॥
मन को करो पवित्र चित्त से, राग द्वेष को विसरावो ।
स्थिर हो बैठो एकान्त में, भजन करो शान्ति पावो ॥
लिव लगांओ उस परमेश्वर से जग से निपट निरास बनो ।
करो कर्म अनुकूल वेद के, फिर तुम आर्य्य खास बनो ॥

चौक ४

वैरभाव विसराय परस्पर, प्रीति करो सब नर नारी ।
करो सत्य व्यवहार जगत, उपकार वेद गावें चारी ॥
तजो कुपथ की बान कहालो, मान ज्ञानि इसमें भारी ।
करो भक्ति निष्काम छूटे जन्म मरण की बीमारी ॥
शरण गहो "बलदेव" ईश की, मत विषयन के दास बनो ।
करो कर्म अनुकूल वेद, फिर तुम आर्य्य खास बनो ॥

---

१४० भजन

विवाह आवे संस्कार दिन में, वैश्या बुला नचाते हैं ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

धर्म कर्म जो नष्ट करे, उसे मंगलमुखी बताते हैं ॥
संतानों को सजा २ कर, माहिफल में ले जाते हैं।
गोया बनकर गुरु आप उनको, व्यभिचार सिखाते हैं ॥
बच्चों के हाथों से रुपया, वोह रंडी को दिलवाते हैं।
दान पुण्य में देवें न कौड़ी, वैसे ही लाख लुटाते हैं ॥
रंडी का सुनने को राग, वोह बड़ी खुशी से आते हैं।
कहे "मुरारीलाल" वेद वाणी से मुंह दबकाते हैं ॥

---

१४१ भजन

टेक—होता बरबाद घर रंडीबाज़ी से ॥

अपनी नारी को छोड़ा, रंडी से नाता जोड़ा।
घर में किया फ़िसाद ॥ घर रंडी० ॥
कैसे ये बड़े तुम्हारे, इन पापों से बचने हारे।
जिन की हो औलाद ॥ घर रंडी० ॥
क्यों उनका नाम डबोया। सारी इज़्ज़त को खोया।
तजो कुल की मार्याद ॥ घर रंडी० ॥
लाखों की बिके जिमींदारी, फिरते हैं दर २ मारे।
नहीं जिनकी तादाद ॥ घर रंडी० ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पहके तो माल धन सारा, रंडी के ऊपर वारा।

रोवे फिर कर २ याद ॥ घर रंडी० ॥

जब दौलत माया छीनी, बदले में आतशक दीनी।

लो देखे इसका स्वाद ॥ घर रंडी० ॥

रंडी ने मज़ा चखाया, गर्मी ने आन दबाया।

निकलने लगा मवाद ॥ घर रंडी० ॥

कहे "वसुदेव" यह रंडी है, महां दुखों की मंडी है।

करें कहां तक बकवाद ॥ घर रंडी० ॥

—o—

भजन १४२

भाइयो जगत में आकर वृथा हुआ है जीना ॥

मुशकल से ऐ बुजुर्गो पाया मानुष जन्म था।

अफ़सोस फिर भी मित्रो कुछ भी धर्म्म न कीना ॥

इन्द्रियों के वश में होकर मनका गुलाम बनकर।

विषयों में फंसके पापी तनमन वा धन दीना है ॥

आया था किस लिये तूं कुछ भी ख़बर नहीं है।

बेहोश हो रहा है ऐ मूर्ख बुद्धि हीना ॥

वेमोल तेरा जीवन क्षण २ में जा रहा है।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

हा ! शोक है तो यह है कुछ भी धर्म न कीना ॥
ऐ "वासुदेव" उठो गफलत में क्यों पड़े हो,
समझो सराए दुनियां यहां पर नशा न पीना ॥

(वैश्या संग के निषेध में) १४३ भजन

तन में से काम जावे, लोक में से नाम जावे ।
गांठ में से दाम जावे, रूप जाए रंग से ॥
धन जावे दाम जावे, देह से आराम जावे ।
और सब काम जावे, भरम जावे नंग से ॥
नीत जावे मीत जावे, पत और प्रीत जाए ।
कुल की सुरीत जावे, बल जावे अंग से ॥
रोगी होवे सोगी होवे, सुख से वियोगी होवे ।
दुःख भारा भोगी होवे, वैश्या के संग से ॥

भजन १४४

अहो अन्धे मूर्ख ! तु कैसा है सोया,
अमोलक समय तूने सोते ही खोया ॥ १ ॥
न आंखें ही खोली न करवट ही बदली,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

न दर्पण ही देखा न मुखड़ा ही धोया ॥ २ ॥
गर्भाशय का भी न समझा तू आशय ।
कुए किन २ कर्मों का यह दण्ड होया ॥ ३ ॥
पहना था जामा मनुष्य जन्म का ।
पापों के कीचर में तूने डबोया ॥ ४ ॥
भूषण की शोभा को क्या जाने गर्धभ,
गले में तेरे कैसे माणिक परोया ॥ ५ ॥
'अमीचन्द' बालक जन्मता है रोता,
चलते समय भी यही रोना रोया ॥ ६ ॥

१४५ भजन

ईश की भक्ति में तन मन को लगाना चाहिये,
झूठ के फंदे से इस दिल को बचाना चाहिये ।
आये थे हम किस लिये और कर रहे हैं क्या यहां,
गौर करके खूब इसकी तेह को पानी चाहिये ।
जिन्दगी अपनी यहां बेशुबह है मिसले हबाव,
क्यों बगैर अज़ धर्म्म के कोई दम गवाना चाहिये ।
खाने पीने में तो है हैवान भी मिसले आदमी,
कौन सा हम को शर्फ है यह दिखाना चाहिये ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ऐशो आराम और धन दौलत जिसे समझा है तू,
बिन भजन ईश्वर के उनको खाक जाना चाहिये।
मौत के पंजे से बच सकता नहीं कोई कभी,
छोड़ दीजे अकड़पंन हारिगान गाना चाहिये।
इस कदर दुनियां के फिकरों में हैं क्या गलतान तू,
कुछ तो यादे हक़ में भी ध्यान लाना चाहिये।
खाहश बेजा जो है इस नफ़स पर गालिब तेरे,
ले पनाह संतोष की उसको मिटाना चाहिये।
अमल की खेती यह दुनिया जान ले तू ऐ अज़ीज़,
तुखम नेकी बोके फिर उसको उगाना चाहिये।
बुग़ज़ो नख़वत नें किया है कौम को अपनी तबाह,
है यह धब्बा सरबसर इसको उड़ाना चाहिये।
सत की संगत जिसे कहते हैं सोहबते आरिफां,
किमीयां दुनियां में ऐ 'धम' इसको माना चाहिये।

राग बलावल] १४७ भजन

बन्दे तू अपना आप पछान।

जे तैं अपना आप पछाता, साईं दा मिलना आसान।
सोने दे कोट रोपह दे छज्जे, हरि बिन जान मसान॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तेरे सिर पर काल है वजदा, भावें तू जान न जान ।
साढ़ तिन हाथ मुल्क तुसाडा, ऐडी तू तान न तान ।
सोनें रूपा ते माल खाज़ना, होए रहया महिमान ।
कहे 'हुसैन' फकीर नमाना छड दे खुदी गुमान ।

रागनी भाग) १४७ भजन

त्यागेगा जो असत्य को सुख वोही पावेगा,
सत्याचरण हो मोक्ष की पदवी दिलावेगा ॥ १ ॥
जितने हैं पाप झूठ है सब का पितामहा,
जो इसका यार होगा, महां दुःख उठावेगा ॥ २ ॥
सीधा नरक पुरी को यहां से सिधारेगा,
ईश्वर की जगह और को जो सिर झुकावेगा ॥ ३ ॥
आवा गमन के दुःखों से छूटेगा बस वही,
जगदीश के प्रेम में जो लिव लगावेगा ॥ ४ ॥
अन्तः करण की शुद्धि का भागी बनेगा वोह,
सत्याचरण की गंगा में जो जन न्हावेगा ॥ ५ ॥
ईश्वर समझ के पूजेगा जड़ मूर्ति को जो,
जड़ रूप अपनी बुद्धि को निश्चय बनावेगा ॥ ६ ॥
वेना किसी को जो कोई कलपावेगा यहां,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

यह याद रहे वह भी कभी कल न पावेगा ॥ ७ ॥
जो नेक काम करना है कर ले वह आज ही,
गुज़रा हुआ न वक्त कभी हाथ आवेगा ॥ ८ ॥
परलोक को सुधारेगा! इस लोक में न जो,
आखिर वह अपने हाल पै अफसोस खावेगा ॥ ९ ॥
संबन्धि छोड़ देंगे तेरा साथ मरते वक्त,
'केवल' है एक धर्म्म ही जो साथ जावेगा ॥ १० ॥

(कान्हडा) भजन १४८

जादू टूने के फंदे न फंसियो
जाल भ्रम उसे जानियो सखियो।
भूत चुड़ेल की मिथ्या कहानी,
अनपढ़ मूर्ख निश्चय मानी।
भूत चुड़ेल को किसने देखा,
जादूगरें की बातों से लेखा।
सुनी सुनाई हमें सुनावें,
एक ने देखा यह बतलावें।
पर कहो उनसे जो हमको दिखावें

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

झूठी गप्पों से बात टलावें ।
जादूगरों की ऐसी लीला,
झूठा जाने है बुद्धि शीला ।
यह हौले की ठगी मचाई,
लाखों इस से करें कमाई ।
गंडे तावीज़ का जाल बछाया,
बस इन के बश में ईश्वर आया ।
सन्ध्या धर्म्म और कर्म न जांने,
कहते हैं जो हम सांई स्याने ।

भजन १४८

दिल शाद दुनिया से लगाना नहीं अच्छा,
हर वक्त की तकलीफ उठाना नहीं अच्छा ॥
दायम मतवज्जह रहो ईश्वर की तरफ़ तुम ।
दिल मादी चीज़ों से लगाना नहीं अच्छा ॥
करते रहो तुम पंचमहायज्ञ हमेशा ।
बुद्धि को कभी इन से फिराना नहीं अच्छा ॥
जो सच से मिले नाने जवीं वह भी है बेहतर ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जो झूठ से मिलता हो खज़ाना नहीं अच्छा ॥
क्या बाद फ़ना साथ चलेगा यह बताओ ।
जो हक़ है किसी का वह दबाना नहीं अच्छा ॥
बदचाल जो हैं वह भी तो कुछ नेक चलन हों ।
क्या उन को सत उपदेश सुनाना नहीं अच्छा ॥
जो जुल्म किया करते हैं हो जाते हैं बरबाद ।
ज़िनहार किसी दिल को दुखाना नहीं अच्छा ॥
बदनामगी होती है बुज़ुर्गों की तुमारे ।
मैख़ाना की जानब को भी जाना नहीं अच्छा ॥
हम साफ़ कहे देते हैं पछताओगे इक दिन ।
कस्बीसों से यह लुत्फ उड़ाना नहीं अच्छा ॥
फिर क्यों न कहें मांस का खाना नहीं अच्छा ॥
जो शौच की शरत है वह सब कीजिये पूरी ।
गंगा में सिर्फ़ नहाना नहीं अच्छा ॥

१५० भजन

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः,
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्म्मलक्षणम् ॥ मनुः

दोहा—सदा धर्म करते रहो, जब तक घट में प्राण ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

धम्मशास्त्र में दश लिखे उसके खास निशान ॥

टेक—चिन्ह धर्म्म के भाई, महाराज मनु बतलाते ॥

प्रथम तुम धीरज को धारो, दूजे सब के वचन सहारो। (हरे) तीजे अपने मन को मारो, यही उपदेश सुनाते ॥ (महाराज० १) चौथे तज चोरी का पेशा, मिटैं सकल नर तेरे कलेशा (हरे) रहो पांचवें शुद्ध हमेशा। सब ऋषि मुनि गाते (महाराज० २) छठे इन्द्री वश में करना, मसन चित्त विचार में धरना (हरे) अष्टन विद्या मन में भरना जो तुम मनुष्य कहाते (महाराज० ३) नवें सत्य का धारण कीजे। दशवें क्रोध त्याग तनु दीजे। (हरे) प्रभु सिमर मुरारी लीजे क्यों बृथा जन्म गवाते ॥ (महाराज० ४)

---

१५१ भजन

टेक—प्रथय दोनों को मारो। हैं दुष्ट बड़े दुःखदाई ॥

काम क्रोध हैं अति बलिधारी। अस्त्रशस्त्र के निपुण खिलारी। (हरे) जिनके संग में दुनिया सारी। सगे २ दोउ भाई हैं ॥ दुष्ट० ॥ १ ॥ सेना इसकी है बड़ी घाती। बहुत मित्र हैं इस के साथी। (हरे) कुछ नहीं इन से पार बसाती। घर घर

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

फिर दुहाई ॥ हैं दुष्ट० ॥ २ ॥ अटल राज पृथ्वी पर करते नहीं किसी से अब यह डरते। (हरे) शूरवीर इन से नहीं डरते देख कोट और खाई ॥ हैं दुष्ट० ॥३ ॥ जो इच्छा इनसे जीत की। ले तलवारें ज्ञान नीति की हरे) फौज मुरारी बन प्रीति की। इनसे करो लड़ाई। है दुष्ट० ॥ ४ ॥

---

१५२ भजन

दोहा—वही शूर वही बीर है वही बलबान।
जो इन दश को जीत कर वश में करता प्राण ॥

टेक–जिन दश इन्द्रिय को जीता, है मर्द मरदाना।

प्रबल प्रचण्ड इन्ही की शक्ति। नहीं दें करन प्रभु की भक्ती ॥ (हरे) बिन मारे नहीं मुक्ति सुनो तुम मेरे मीता। जय इनसे कठिन है पाना। (है मर्द०) ॥ १ ॥

किया कैद जग इस ने सारा। बजे फतह का नित्य नकारा। (हरे) इनसे लड़े सो शूर भारा। भारी किया फजीता ॥ कोई कैसे हो दाना। (है मर्द०] ॥ २ ॥ ज्ञान खड्ग ले अपने हाथ में। विद्या बुद्धि मित्र साथ में। (हरे०) लगा रहे फिर इन की घात में। वही करे मन चाती।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

न कुछ ही दुःख उठाना । (है मर्द ३ जिसने किया योग का साधन । वश उस के होगया फिर मन । (हरे०) कहे "मुरारी" उत्तम वह जन । ब्रह्मज्ञान जल पीता । ऐसे ही सत् शास्त्र बखाना । (है मर्द वही मरदाना) ॥ ४ ॥

---

१५३ भजन

लगेरे मोहि नाम निरञ्जन प्यारा ।
रसना कैसे न भजे तू हरि पद अघनाशक ओंकारा ॥ १ ॥
अति दुर्लभ मानव शरीर यह मिलहि न बारम्बारा ॥ २ ॥
है प्रभु वही सृष्टि का कर्ता है वही पालन हारा ॥ ३ ॥
जन्म मरण से रहित अमित गुण बुद्धि विद्या भंडारा ॥ ४ ॥
उसे त्याग सुख चहत मन्दमति सो अति मुग्ध गंवारा ॥ ५ ॥
करत सना दीनन पर दया, है सोई नाथ हमारा ॥ ६ ॥
औघट घाट नाव मेरी उरझी, सूझत नहीं किनारा ॥ ७ ॥
तुम्हीं नाथ अब पार लगावो, नाहिं तो डूबत है मझधारा ॥ ८ ॥
कहत 'पलन्दर' हमहि उबारो, हे प्रभू अधम उधारा ॥ ९ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन १५४

कैसे अमूर्ति की मूर्ति बनाएं,
सर्व देशी को एक देशी ठहरावें ।
आवाहन करें तो कहां से बुलावें,
विसर्जन करें तो कहां को पठावें ।
आसन सिंहासन पै तकिये लगावें,
निराधार को किस के आश्रय बिठावें ।
अप्राणी की प्राण प्रतिष्ठा करावें,
जड़ वस्तु को कैसे चेतन बनावें ।
पाद्यार्घ आचमन किस को करावें,
सदा शुद्ध निर्मल को किस में नहलावें ।
धूप और पुष्प गन्ध क्यों कर सूंघावें,
निर्लेप को लेप कैसे लगावें ।
ज्योति की दीपक को ज्योति दिखावें,
सूरज को जुगनू का चांदन बतावें ।
नैवेद्य के पीछे शुद्ध जल चढावें,
क्षुधा को हटा कर तृषा को बुझावें ।
पान और सुपारी इलायची मिलावें,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ये क्या उनके होठों की रंगत बढ़ावें ।
धन धाम जिसका है सर्वस्व जिस का,
देकर टकों दक्षणा बदला चाहें ।
प्रदक्षणा में जिसका नहीं अन्त पावें,
फिरें गिर्द उस के क्यों चक्कर खावें ।
जागृत स्वप्न सुषप्ति से न्यारा,
किस को सुलाएं वे किस को जगावें ।
अजन्मा को जो आज जन्मा बतावें,
'अमींचन्द' क्यों उनके धोखे में आवें ॥

भैरवी] भजन १५५ (ताल कव्वाली

प्रीतम मेरे पास वसदा ढूंडन किस्ये जावना । प्रीतम०
गली ते बाज़ार ढूंडो शहर ते दयार ढूंडो घर, २ हजार ढूंढो,
पता नहीं पावना ॥ प्रीतम ० ॥
मक्के ते मदीने जाइये मत्थे जा मसीत वसाइये,
उच्ची कूक बांग सुनाइये, मिलना नहीं जावना । प्रीतम० ।
गंगा मर्वें जमना न्हाओ, काशी ते प्रयाग जाओ, बद्री
किदार धाओ, मुड़ घर आवना । प्रीतम० ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

देश ते दिशौर ते ढूंडो, दिल्ली ते पिशौर ढूंडो, भावें ठार २
ढूंढ किसे न बतावना ॥ प्रीतम०

बनो जोगी ते बैरागी, संन्यासी नगन त्यागी, प्यारे से
न प्रीत लागी, मेल की वटावना ॥ प्रीतम० ॥

भावें गल माला डाल, चंदन लगाओ भाल, प्रीतें नहीं प्यारे
नाल, जग नूं दिखावन ॥ प्रीतम०

मोमनां दी शकल बनावें काफरां दे कंन कपावें, मत्थे ते
महराब लगावें, मौलवी कहावना ॥ प्रीतम००

'खन्ना' कहे बार २ समझ मन्न ते यार, संई नाल कर ले प्यार
अन्त मर जावना ॥ प्रीतम०

भजन १५६

छोडो न तुम धर्म को चाहे जान तन से निकले।
सच्चा सुखन हो लेकिन शीरीं दहन निकले ॥
ईश्वर कहां वह भाई अकसांना हो गये किया।
माता कौशल्या के जो जो थे तन से निकले ॥
हर वक्त है मौत सिर पर चल लेले तोशा भाई।
म'क्के व नेकी करलो जितनी कि तन से निकले ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चुन लो कर्म धर्म्म के बहारे जवानी में गुल ।
नहीं तो खज़ां में रोता बुल बुल चमन से निकले ॥
रक्खा है क्या वहां पर कैसी है बस्ती सोचो ।
जितने ऋषि जन निकले सब ही वह बन से निकले ॥
अच्छे अमल हों जब कि समझें धर्म है क्या शै ।
ताऊन व हैज़ा क्यों न फिर तो वतन से निकले ॥
अन्धेरा मिटालो सूरज चमका है सोने वालो ।
उठो तायर भी अपने अपने मसकन से निकले ॥
धन से धर्म करो तुम नहीं तो समझ लो 'आजिज़'
सिकन्दर के हाथ दोनों खाली कफ़न से निकले ॥

भजन १५७

है जिसने सारे विश्व को धारण किया हुआ ।
वह है हर एक वस्तु के अन्दर रमा हुआ ॥
मिलता नहीं है इस लिये अज्ञानियों को वह ।
अज्ञान का है बुद्धि पै परदा पड़ा हुआ ॥
दुनिया के दुःख रूप समुद्र से है वह पार ।
जगदीश से है प्रेम भी जिन का लगा हुआ ॥
सच्ची खुशी से रहते हैं वह जन सदा अलग ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मन जिनका विषय भोग में होवे फसा हुआ,
मन तो मलीन वैसा ही मूर्ख रहा तेरा।
गंगा में रोज़ जाके न्हाया तो क्या हुआ,
खोते हैं खेल कूद में जो उमर रायगां।
अफसोस उन की बुद्धि को क्या जाने क्या हुआ,
अज्ञानियों से रहता है केवल वह दूर २।
खुल जावें ज्ञान चक्षु तो वह है मिला हुआ,

—o—

भजन १५८

टेक—सायं समय और प्रातःकाले छोड़ छाड़ कर सब धन्दा।
जब तक जीवे वेद रीति और प्रेम प्रीती से कर सन्ध्या।
चौक १—बाला बूढ़ा, हो अधेड़ चाहे हो तरुण पर कर सन्ध्या।
ब्राह्मण क्षत्री वैश्य द्विज, चाहे कोई वर्ण हो कर सन्ध्या।
राजा प्रजा पुरुष स्त्री धनी व निर्धन कर सन्ध्या।
महल अटारी जंगल बन, एकान्त देश में कर सन्ध्या।
चाहे वस्त्र धारण करके, चाहे तन से हो नंगा।
जब तक जीवे वेद रीती और प्रेम प्रीती से कर सन्ध्या।
चौक २—दुःख में सुख में भले बुरे में रोग अरोग में कर सन्ध्या
हंसी खुशी आनन्द बीच, तज हर्ष शोक तू कर सन्ध्या।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मात पिता दारा सुत बिछड़े, तज वियोग तू कर सन्ध्या।
सेपत विपत अलग दोनो मे, होकर निर्द्वन्द तू कर सन्ध्या।
लङ्गड़ा लूला हो या बहरा, कोई चाहे हो कर अन्धा।

जब तक० ।

चाक ३—दुबला पतला निर्बल हो, चाहे बलवाला हो कर सन्ध्या
सुरत बदसूरत गोरा हो, चाहे काला हो कर सन्ध्या।
भाई बन्धु जोरु जातक, सुसरा साला हो कर सन्ध्या।
नौकर चाकर बान्दी लौंडी, घर वाला हो कर सन्ध्या।
माता बहु बेटी और जनिता, बिधवा हो चाहे हो सन्ध्या।

जब तक० ॥

चौक४—सरदी गरमी वर्षा में तू हरएक ऋतु में कर सन्ध्या।
पूर्व पश्चिम दक्षिण उत्तर सभी सिमत में कर सन्ध्या।
बुद्धि ज्ञान की चाहे उन्नति, अर्थ सहित तू कर सन्ध्या।
योग युक्त और मुक्ति चाहे, तो सत् चित् से ५ कर सन्ध्या।
"नवलसिंह" तू कर सन्ध्या, जो भ्रम जाल कट जा फन्दा।

जब तक० ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन १५१

टेक—सारी आयु बीती जाय, भाइयो अब चेतो रे।

दोहा—आये थे एक धाम में, और उतरे एक ही घाट।
हवा लगी संसार की, हो गये बारह बाट।
मात पिता सुत भगनी दारा, कोई न अपना होवे
अन्त समय कोई काम न आवे, धर्म ही अपना होवे
माला तेरी काठ दी, धागे लइ परोय
मन में घुएडी पाप दी, राम भजे क्या होय।
माला फेरत जन्म गया, पर गया न मन का फेर।
हाथ का मनका छोड़ के, और मनका मनका फेर।
माला मो से लड़ पँड़ी, तू क्यों फेरत मोहि।
मन की माला फेर जो, ईश्वर मिल जाए तोहि।
बालापन सब खेल गंवाया, यौवन विषयों साथ।
बृद्ध भया कुछ बन नहीं आवत, कांपन सगरे गात।
रंज क्या २ न सहे, धर्म्म से गाफिल हो कर।
पाप क्या २ न किये, विषयों में माइल हो कर।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१६१ भजन [लावनी)

शेर—टूटते जाते हैं बन्धन झूठ और पाखण्ड के ।
टर गया है भार खुल गये भाग भारत खण्ड के ॥

टेक—सत्यविद्या वेद तज झूठ पाखंड को गावें क्या मतलब
उलटे मार्ग में चल कर हम दुःख उठावें क्या मतलब ।

चौक १—निराकार चेतन की हम जड़ मूर्त बनावें क्या मतलब
अनन्त और सर्वज्ञ को हम एक घर में बैठायें क्या मतलब
शुद्ध पवित्र जिसका पद हो, फिर उसे नहलावें किस्या मतलब
भूख प्यास से रहित जो है, उसे भोग लगावें क्या मतलब
जिस के नहीं शरीर उसको हम वस्त्र पहनावें क्या मतलब
उलटे मार्ग०

चौक २—बिन बोले जो सुने, उसे हम कूक सुनावें क्या मतलब
जिसके अनहद बाजे हैं, हम गाल बजावें क्या मतलब
फूल पत्र में रमा जो उसे हम पुष्प चढ़ावें क्या मतलब
जो सब को प्रकाश करे, उसे दीप दिखावें क्या मतलब
जड़ पदार्थों की संगत में, जड़ हो जावें क्या मतलब ॥
उलटे मार्ग०

चौक ३—जो है मुक्त स्वभाव उसका हम जन्म बतावें क्या मतलब

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जो है सब का पिता, किसी का पुत्र बनावें क्या मतलब ।
जो है बेअन्त उसकी हद ठहरावें क्या मतलब ॥
करके कैद एक मन्दिर में, फिर कुफल लगावें क्या मतलब ।
जो है सबका रचता, उसे रचना में लावें क्या मतलब ॥

उलटे मार्ग।

चौक ४—जो मस्तक में रहे उसे हम सीस नवावें क्या मतलब।
जो हाथों में बसे, उसे हम हाथ बंधावें क्या मतलब।
जिव्हा में जो रहे फिर हम ज़बान हिलावें क्या मतलब ॥
मन में रहे उसे मान, फिर मन को डिगावें क्या मतलब !
नैनों में जो रहे फिर हम निगाह चलावें क्या मतलब ॥

उलटे मार्ग।

चौक ५—दशवें द्वार का भेद न जाने, द्वारका जावें क्या मतलब
हरि छुपा है हिरदे में, फिर देह दिगवावें क्या मतलब ।
जगन्नाथ सारे जग में फिर उड़िया धावें क्या मतलब ॥
सारे जगत की जूठ खाय के भ्रष्ट कहावें क्या मतलब ।
जहां पर होवें क्लेश हम कहां पै जावें क्या मतलब ॥

उलटे मार्ग।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक ६—माता पिता को घर में छोड़कर इत उत जावें किआ मतलब।
अन्तःकरण हो शुद्ध फिर हम गंगा न्हावें किआ मतलब।
सत्य व्रत को छोड़ के फिर अन्न न खावें किआ मतलब॥
इन्द्रियों को दमन करें, फिरं बन में जावें किआ मतलब।
तीन ताप से तपें सदा, फिर तपिये कहावें किआ मतलब॥

उलटे मार्ग०

चौक ७—पीर और पैगम्बर पर, हम ईमान लावें किआ मतलब।
लाशरीक पहले कह कर, फिर शिरक बढ़ावें किआ मतलब।
बुतपरस्ती छोड़ कर हम, काबे जावें किआ मतलब॥
पूर्व में किआ नहीं सीस पश्चिम को नवें किआ मतलब।
दिन को रोज़ा राखें रात भर फिर हम खावें किआ मतलब॥

उलटे मार्ग०

चौक ८—सारे रसकी जड़ काट छिलके को खावें क्या मतलब
दूध दहीं तज मक्खन को फिर हाड़ चबावें क्या मतलब।
होकर जो निर्दय किसी पर छुरी चलावें क्या मतलब॥
करनी भरनी पड़े एक दिन, गला कटावें क्या मतलब।
मनी हैज़ का खाके खून सूत्र से घृणावें क्या मतलब॥

उलटे मार्ग०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक ६—जीते माता पिता को भोजन बिन तरसावें क्या मतलब
मरे हुए के सुख के हेतु पिण्ड भरावें क्या मतलब।
अपने पति की आज्ञा तोड़ें, सति कहलावें क्या मतलब।
अपनी नार को दुःख दे वह पति कहावें क्या मतलब।
पर नारि से भोग करें वह पति कहावें क्या मतलब॥

उल्टे मार्ग।

चौक—१०—बाली उमर में व्याह कराके बल वीर्य्य घटावें क्या मतलब।
बाली कन्या व्याह के फिर, उसे रांड बिठावें क्या मतलब।
व्याह काज में धन खोकर, कङ्गाल कहावें क्या मतलब।
जग ज्योंनार के बीच, वेश्या भांड नचावें क्या मतलब।
धन दौलत घरबार लुटा कर, मज़ा न पावें क्या मतलब।

उल्टे मार्ग।

चौक—पर दारा से प्रीति लगा, दिल दाग लगावे क्या मतलब।
लाज शरम को छोड़ जिगर में आग लगावें क्या मतलब।
औरों के सुख सम्पत को, हम देख हिरसावें क्या मतलब।
सबर और सन्तोष छोड़, मन को तरसावें क्या मतलब।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

इधर उधर गलियों में दिन भर मन भटकावें क्या मतलब ।

उलटे मार्ग०

चौक १२—राम कृष्ण का स्वांग बनाकर भीख मंगावें

क्या मतलब ।

रास और लीला में, सीता राधा को नचावें क्या मतलब ।

भरी सभा में नाच कूद ताड़ी पटकावें क्या मतलब ।

ललिता और विसाखा बन, आंखें मटकावें क्या मतलब ।

श्रीकृष्ण को चोर जार कह, नहीं शरमावें क्या मतलब ।

उलटे मार्ग०

चौक १३—साहूकार चोरों के संग में धन को लुटावें

क्या मतलब ।

ठठ्ठा की बातों में आकर, हम जान गंवावें क्या मतलब ।

मूर्ख की संगत में सज्जन, धोंखा खावें क्या मतलब ।

जो न आप से रुके, उसे फिर हम आप बुलावें क्या मतलब ।

पोपों की सोहबत में पण्डित, मान घटावें क्या मतलब ।

उलटे मार्ग०

चौक १४—विना परीक्षा किये किसी से प्रीति लगावें क्या

मतलब ॥

बढ़ा के पहले प्रेम मित्र से, फिर जो घटावें क्या मतलब ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पहले छाती ठोक के हम, फिर पुश्त दिखावें क्या मतलब।
धरके कदम आगे तो युद्ध में फिर हटावें किआ मतलब।
मूर्ख पहले ब्रह्म बने फिर मांग के खावें किआ मतलब।

उलटे मार्ग० ।

चौक १५– एकताई नाहिं करें फिरें वह दुःख उठावें।
किआ मतलब।
एक २ से लड़ें फिर हम सुख को लुभावें किआ मतलब।
विद्या को नहीं पढें फिर हम विप्र कहावें किआ मतलब।
पुरुषार्थ को छोड़ पेट फिर भर कर खावें किआ मतलब।
कर्म धर्म दें छोड़, ब्रह्मण पदवी पावें किआ मतलब।

उलटे मार्ग०

चौक १६– दयानन्द ने जगा दिये, फिर हम सोवें किआ मतलब
दियानन्द दुःख भगा दिये, फिर अब हम रोवें किआ मतलब।
चार वेद सत्य के सागर में, मन हीं धोवें किआ मतलब॥
[illegible]ा वचन यह सुना दिया, अब थूक विलावें किआ मतलब॥
[illegible]ल्लासिंह' कह बे मतलब हम झूठ जो गावें किआ मतलब॥
[illegible]लटे मार्ग में चलकर हम दुःख उठावें किआ मतलब॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

राग आसा) १६२ भजन (ताल चंचल

टेक—सिमर प्रभु दिन रात रे मन।

उस बिन तेरा कोई न सहाई सिमर ॥ प्रभु० ॥

सिमरण कर अन्तर्यामी का,

जग कोई दम की बातेरे मन। उस बिन तेरा० ॥ १ ॥

कर सन्ध्या और पढ़ गायत्री,

दूर होवें कुल आफात रे मन। उस बिन तेरा० ॥ २ ॥

परिपूर्ण की कर उपासना,

तब ही मुक्ति पात रे मन। उस बिन तेरा० ॥ ३ ॥

दुनिया मिसल सराय मुसाफिर,

लाय रहा यम घातेरे मन। उस बिन तेरा० ॥ ४ ॥

खुश हो कर सिमरण ईश्वर का,

"बेकस" मुक्ति पात रे मन। उस बिन तेरा० ॥ ५ ॥

राग सिन्धड़ा) १६३ भजन (ताल रूपक

सदाकत के लिये गर जान जाती है तो जाने दो।

मुसीबत पर मुसीबत सिर पै आती है तो आने दो॥

लगी है आग गफ़लत की धूआं हरसू है आलस का।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

करो कोई उपाय जल्दी, भड़कती को बुझाने दो।
ज़रूरत कौम की देखो, हुआ इदबार क्यों हाइल।
नहीं फिर वक्त मिलने का, समय को मत टलाने दो।
सभा आर्य के होने से नसीबा कौम का जागा।
करो सत्संग रलमिल कर, धर्म्म वैदक सुनाने दो।
जहालत का समुन्द्र था, नज़र से दूर साहिल था।
ज़हे किस्मत मिली किश्ती, हमें अब पार जाने दो।
शिरोमणि जो जबानों की, खज़ाइन इल्म है जिस में।
है केवल बेद की विद्या, यही पढ़ने पढ़ाने दो।
कदीमी इल्म की ख्वाहिश, अगर कुछ दिल में है बाकी।
आचार्य कुल बनाने के लिये ज़र को लुटाने दो।
ऋषि मुनियों के जीवन को निगाहे गौर से देखो।
लिखा जो सत्य ग्रन्थों में, वही दिल में समाने दो।
अगर आर्य्य बने हो नाम मात्र तुम मेरे साहिब।
रजिस्टर में सभा के नाम मत अपना लिखाने दो।
तरक्की धर्म की करना कठिन है फ़र्ज़ आला है।
बिना सोचे कदम मैदान में, हरगिज़ न आने दो।
स्वार्थ सिद्ध करने की जिन्हें आदत हुई है बद।
सरासर हसद करते हैं, उन्हें बकने बकाने दो॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

डरो न मुश्किलातों से, अवश्य है खौफ पापा का।
बढ़ाकर हौसला बुद्धि को, ग़लवा उन पे पाने दो।
बला से हाल साज़ों की, शिकायत और वदगोइयां।
भरोसा ईश पर रख "धम" न दिल को डगमगाने दो।

१५२ भजन

टेक—क्यों सोया उठ जाग, समय चला जाता है भाई।
जिस जीवन को स्थिर माने, है बादल की छाई।
ये संसार असार है सारा, ज्यों सुपना रैनाई ॥ १ ॥
बाल सखा संग झूठ खेल में, बीत गई लड़काई।
विषय सेवा में गई है जवानी, बृद्ध अवस्था आई ॥ २ ॥
दुर्दशा होगी जो आगे बुढ़ापे में, देता हूं तुझे समझाई।
सख्त वस्तु कोई खा न सकेगा, तोड़ेगी दांत मिठाई ॥ ३ ॥
कान भी बिन ऊंचे शब्दों के बात न सुनत सुनाई।
हाथ पांव देह कांपेगी सारी, आंखें न देखेंगी राई ॥ ४ ॥
बात पित्त कफ रोगों की पीड़ा, अति होगी दुखदाई।
निकट बैठ कोई बात न पूछे, मांगे न मिलत दवाई ॥ ५ ॥
घर के बाहर वासा मिलेगा, टूटी सी चारपाई।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कपड़े मिलें तो कैसे निकम्मे, चीथड़े लेफ तुलाई ॥ ६ ॥
हो परवस पड़ा खटिया पर, रो २ देत दुहाई ।
पछताने से अब क्या होवे, बैठा है खेत लुटाई ॥ ७ ॥
कुटुम्ब कह हुआ बहत्तर वर्ष का, दादा हुआ सौदाई ।
जो माया है प्राणों से प्यारी, पल में होत पराई ॥ ८ ॥
बार २ पूछत सम्बन्धी दम कुछ धरी धराई ।
"अमी" रस पी कर अमृत होजा, काल से होवे रिहाई॥९॥

---

१६५ भजन

क्यों पड़ा है स्वपन में भई भोर निद्रा त्यागरी ।
सास ननद देत निहोरे, नागरी तू जागरी ॥ १ ॥
हे पतित हे अधम बुद्धे सो गई आलस भरी ।
शान्ति २ शब्द कहकर चरण पति के लागरी ॥ २॥
स्नान कर उठ धार अम्बर, कर सिंगार लगा सुगन्ध ।
जौन विधि रीझे रिझाले, मन से कर अनुरागरी ॥ ३ ॥
सफल यौवन करले मुग्धे, यह समय दुर्लभ है ।
पश्चाताव रहे न "अमीचन्द" चार दिवस का फागरी ॥ ४ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन १६६

लगा दिल ईश से प्यारे, अगर मुक्ति को पाना है।
बगैर अज़ यासो हसरत के सिवा क्या हाथ आना है ॥१॥
यह दुनियां चन्दरोज़ा है यहां रहना नहीं दायम।
जवां हो, पीर हो, तिफ्लक, सभों ने छोड़ जाना है ।२॥
करोड़ों हो गएँ योद्धा, जो भारत के सितारे थे।
नशां उनका कहां बाकी, कहां उनका टिकाना है ॥ ३ ॥
बहारे जिन्दगी पर किस लिये भूला फिरे नादां।
ख़जां को याद रख जिसने निशां तेरा मिटाना है ॥ ४ ॥

भजन १६७

लगी जिनकी जगदीश से हो लगन,
नहीं काम में उनके होता विघन।
नहीं कोई होता है उनको कलेश,
जो रखते है वेदोक्त अपन चलन।
सदा वही पाते हैं प्रतिष्टता,
बुरे काम से भागते हैं जो जन।
किसी से नहीं बैर बुद्धि जिन्हें,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वह रहते हैं हर वक्त मन में मगन।
गये दोनों लोकों उसके "केवल" सुधर,
जिसने किया इन्द्रियों को है दमन।

राग भैरव] भजन १६८ (ताल मुगलई

हर जगह मौजूद है वह पर नज़र आता नहीं,
योग साधन के बिना उसको कोई पाता नहीं ॥ १ ॥
मरने और जीने के बन्धन से बरी वह है सदा,
उस का कोई ज़ौज बेटा और पिता माता नहीं ॥ २ ॥
गान विद्या से अगर कुछ लाभ है मद्दे नज़र।
फिर जगत स्वामी के तु गुणवाद क्यों गाता नहीं ॥२॥
जो जगत करता की मन से आज्ञा है पालता।
कोई भी दुख दर्द उस को शकल दिखलाता नहीं ॥४॥
रास्ती को जिसने छोड़ा कजरवी की अख्त्यार।
मंज़िल मकसुद तक उसका कदम जाता नहीं ॥ ५ ॥
मुस्तहक के हक दबा लेने की आदत जिसने की।
कौन है जो पेचताबे ग़म से घबराता नहीं ॥ ६ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

है समझ जिन को वह उनको जानते हैं कम समझ,
जो यह कहते हैं कोई कर्मों का फल दाता नहीं । ७ ।
कुच्छ भी पर उपकार में होती नहीं तुझ से मदद,
हैफ़ अपने दिल में तु 'उर्फ़' शरमाता नहीं । ८ ।

१६९ भजन

टेक—नाम जपन क्यों छोड़ दिया ।
क्रोध न छोड़ा झूठ न छोड़ा, सत्य बचन क्यों छोड़ दिया ।
झूठे जग में दिल ललचा कर, असल वतन क्यों छोड दिया ।
कौडी को तो खूब सम्भाला, लालरत्न क्यों छोड दिया ।
जिन सिमरन से अतिसुख पाव, तिन सिमरन क्यों छोड दिया ।
'खालिस' एक भगवान् भरोसे, तन मन धन क्यों छोड दिया ।

१७० भजन

नकारा धर्म का बजता है आए जिसका जी चाहे ।
सदाकत वेद अकदस आज़माए जिसका जी चाहे ॥१॥
मुनादि शहर में कर दो, कि एक जगदीश है सबका ॥
बिना उसके बुतों को सिर झुकाए जिसका जी चाहे ॥२॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

नहीं है साला सुसरा बेटा पोता जगत कर्ता का।
कलंक इस किस्म के झूठे लगाए जिसका जी चाहे ॥ ३ ॥
सिफ़ारिश औलियाओ अंबिया की वह नहीं सुनता।
अबस इलजाम रिशवत का लगाए, जिसका जी चाहे ॥४॥
नहीं वह काठ पत्थर, आहिनी सीसा जरो गौहर।
हज़ारों बुतकदों में, बुत बनाए जिसका जी चाहे ॥ ५ ॥
जो एली २ करता था न हक ने मददगारी की।
तो फिर खातिर पै उसका जां गंवाए जिसकी जी चाहे ॥६॥
दिलो जां से करो सन्ध्या पढ़ो वेदे मुकाद्दिस को।
टैक्स से पाप के धन को बचाए, जिसका जी चाहे ॥ ७ ॥
नहीं है श्राद्ध मुर्दों का खिलां वेदे मुकाद्दिस में।
यह हुंडी जाल की उनकी, चलाए जिसका जी चाहे ॥८॥
कोई बिन वेद पुस्तक नहीं है मानने लायक।
पुरानी सब से और सच्ची, दिखाये जिसका जी चाहे ॥ ९ ॥
सिदक दिल से करो भक्ति, प्रभु की वेद के द्वारा।
वरना शर्मसारी को उठाए जिसका जी चाहे ॥ १० ॥

राग पीलो) १७१ भजन (ताल ३

टेक—नेक कमाई कर कुछ प्यारे, जो तेरा परलोक सुधारे ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

इस दुनियां का ऐसा लेखा, जैसा रात को स्वपना देखा।
ज्यों सुपनें में दौलत पाई, आंख खुली तो हाथ न आई ॥१॥
कुटुम्ब कबीला काम न आवे, साथ तेरे एक धर्म ही जावें।
सब धन दौलत पड़ा रहेगा जब तू यहीं से कूच करेगा ॥२॥
तोशा कुछ नहीं सफर है भारा, क्योंकर होगा तेरा गुजारा।
अबतक गाफिल रहा तू सोया, वक्त अमोल अकार्थ खोया।३।
टेढ़ी चाल चला तू भाई, पग पग ऊपर ठोकर खाई।
खूब सोच ले अपने मन नें, समय गंवाया मूर्खपन में ॥ ४ ॥
यदि अब भी नहीं यत्न करेगा, तो पछताना तुझे पड़ेगा।
कर सतसंग और विद्याध्ययन, तब पावे तू सुख और चैन ॥५॥
एक प्रभु बिन और न कोई, जिसके सिमरे मुक्ति होई।
उसीका 'केवल' पकड़ सहारा, क्यों फिरता है मारा २ ॥६॥

भजन १७२

विश्वपति के ध्यान में, जिसने लगाई हो लगन।
क्यों न हो उसको शांति, क्यों न हो उसका मन मगन ॥१॥
काम क्रोध लोभ मोह, शत्रु हैं सब महा बली।
इन के हनन के वास्ते, जितना हो तुझ से कर यत्न ॥ २ ॥
ऐसा बना स्वभाव को, चित्त की शान्ति में तू।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पैदा न हो ईर्षा की आंच, दिल में करे कहीं जलन ॥३॥
मित्रता सब से मन में रख, त्याग के वैर भाव को ।
छोड दे टेढी चाल को ठीक कर अपना तू चलन ॥४॥
जिस से अधिक न है कोई, जिसने रचा है यह जगत ।
उसका ही ले तू आसरा, उसकी ही तू पकड शरण ।
छोड के राग द्वेष को, मन में तू उसका ध्यान कर।
तुझ पै दयाल होवेंगे, निश्चय है यह परमात्मन् ॥ ६ ॥
जैसा किसी का हो अमल, वैसा ही पाता है वो फल ।
दुष्टों को कष्ट मिलता है, शिष्टों का होता दुःख हरण ॥७॥
आप दया स्वरूप हैं, आप ही का है आसरा ।
कृपा दृष्टि कीजिये, मुझ पै जब हो समय कठिन ॥ ८ ॥
मन में मेरे हो चांदना, मोक्ष का रस्ता मिले ।
मार के मन जो 'केवला' इन्द्रियों को करे दमन ॥६ ॥

—o—

भजन १७३ काफी

टेक—हृदय में हरि को जान, भजन कर अन्तर ध्यान हो ।

कली १—अग्नि वायु और जल थल में, व्यापक एक समान,
सब ही लोक उस से प्रकाशित, क्या चन्दा क्या भान ।
भजन कर०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दोहा—आंख नाक मुख मुन्द के, जो नाम निरंजन लेय।
अन्दर के घट तब खुलें, बाहर के पट देय। भजन कर०

कली २ लड़का बगल में, ढोल शहर में क्यों भूला नादान।
बिना शुद्धता अन्तःकरण के, चाहे मिट्टी छान।

भजन कर०

दोहा—भूला मृगा बंन में भटकत, नाभी बीच सुगन्ध।
इत उत मूर्ख फिरे भरमता, पावे कहां आनन्द।

भजन कर०

कली ३—अपने घर की सुधबुध नाहीं, परघर फिरत हैरान।
मन्दिर में दुःख दीपक बिनां, ज्यों जीवं को दुःख विनं ज्ञान॥

भजन कर०

दोहा—ज्यों सूरज और नयन का हर दम है सम्बन्ध।
जो है समाखा वह लखे क्या जाने कोई अन्ध,

भजन कर०

कली ४—काम क्रोध और लोभ मोह की, जब लग मन में खान।
"नवलसिंह" हरि कैसे देखे, भरा कपट अभिमान।

भजन कर अन्तर ध्यान हो।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

राग आसा] १७४ भजन [ताल चंचल

हरि २ गुण गाओरे साधों, हरि संग प्रीति लगाओरे साधो।
कर्म धर्म की धूनी तपालो, सत्य की खाक लगाओरे साधो।
ज्ञान की माला ध्यान के वस्त्र, निश्चय की अलख जगाओरे साधो
विद्या का प्रचार करो तुम, ग़फ़लत दूर भगाओरे साधो।
लाभ करे स्मरण ईश्वर का, सत मार्ग में आओरे साधो।

रागनी आसावरी) १७५ भजन (ताल झप

यह कर्म की गति न्यारी रे ऊधो, यह कर्म की गति न्यारी।
मूर्ख २ राज करत हैं, पण्डित फिरत भिखारी रे ऊधो०।
गङ्गा यमुना दोनों हैं मीठी, सागर कित बिध खारीरे ऊधो०
उज्वल पंख दीने बगले को, कोयल कित गुण कारीरे ऊधो०

१७६ भजन [लावनी

टेक—पक्षपात और अस्वार्थ को छोड़ सरल हो कर तू ध्यान।
न्याय तुला पर तोल दिखाऊं जो पूरा हो उस को मान॥

चौक १

इधर अजन्मा, अमृत्यु है, उधर जन्मता और मरता।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

इधर है आनन्द स्वरूप ईश्वर, उधर दुःख सुख में पड़ता ।
इधर अभय नित्य अविनाशी है, उधर छछूंधर से डरता ॥
इधर अचल अखण्ड एक रस, उधर गांठ बांधे फिरता ।
इधर है ईश्वर सर्व शक्तिमान, उधर झाड़ जड़ द्रव्य पाषाण

न्याय तुला०

चौक २

इधर सनातन वेद का पुस्तक, उधर नये २ अनेक ग्रंथ ।
इधर एक मत वेद सनातन, उधर सम्प्रदा लाखों पन्थ ॥
इधर हैं ब्राह्मण कर्म पे केवल, उधर जन्म पे है बे अंत ।
इधर है ईश्वर अथाह अगोचर, उधर ईश्वरका आद और अंत
इधर प्रभु है सर्व व्यापक, उधर डिबिया में विराजमान ।

न्याय तुला०

चौक ३

इधर हवन से पवन सुधारें, पका मांस रहे उधर बिगाड ।
इधर मलाई मक्खन भोजन, उधर चबा रहे कड़२ हाड ।
इधर दमन इन्द्रयों की आज्ञा, उधर नहीं इकपमती जाड़ ॥
इधर धर्म का झंडा गाड़ें, उधर अधर्मी रहे उखाड़ ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

इधर उन्नति गो रक्षा की, उधर गौ की कर रहे हान,
न्याय तुला पर तोल दिखाऊं जो पूरा हो उसको मान !

चौक ४

इधर शुद्ध बुद्धि मुक्ति विज्ञानी, उधर भ्रम में पड़ा हुआ,
इधर आकाशवत् परिपूर्ण है उधर मन्दिर में खड़ा हुआ।
इधर सकल सृष्टि का कर्त्ता, उधर मनुष्य का घड़ा हुआ,
इधर नाड़ी नस का नहीं बन्धन, उधर ज़मी में गड़ा हुआ,
इधर ज्ञान से उसको देखें, उधर चरम दृष्टि से ध्यान।

चौक ५

इधर पवित्र है पद प्रभु का, उधर करांब नित्य स्नान,
इधर वह प्रकाश स्वरूप है, उधर दीप विन अंधा जान।
इधर रहता है भूख प्यास से, उधर वह करता खान और पान
निराकार निर्विकार इधर है, उधर सब उसके नाक और कान
इधर तीन कालों का ज्ञाता, उधर कहीं हो गया अज्ञान। न्या०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक ६

इधर सन्ध्या और नित्य गायत्री, उधर बजावें गुलगुलगाल ।
इधर कहा मनको स्थिर कर, उधर बजावें टुनटुनटाल ॥
इधर ध्यान है ओ३म अर्थ का उधर न ऊकन पावें ताल ।
इधर एकांत में भजन कहा है, उधर घाट पर लायाजाल ।
इधर अनाथ का पालन करना, उधर मुचंडे मांगें दान । न्या०

चौक ७

इधर उपासना योग युक्ति से, उधर झांज घरांटे की घोर ।
इधर प्राण तक का है साधन, उधर जगत् में कर रहे शोर ॥
इधर मगन आनन्दस्वरूप में, उधर पथरियां रहें बटोर,
इधर प्रेम का प्याला पी रहे, उधर मद का चल रहा दौर ।
इधर भलाइं सब जीवों की, उधर गो आदिका वलिदान ॥ न्या०

चौक ८

इधर मातापिता गुरू की सेवा, उधर मरों का है सत्कार ।
इधर पितर जीते जी रक्षक, उधर मरों को रहे पुकार ।
इधर जीवत को भोजन वस्त्र, उधर मरों का रचा भंडार ,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

इधर गया है नाम ज्ञान का, उधर गया नदी की धार।
इधर मोक्ष नहीं बिना ज्ञान के, उधर मोक्ष हो कर स्नान ॥न्याय०

चौक ९

इधर रीति है ब्रह्मचर्य्य की, उधर रचा है बाल विवाह ।
इधर उन्नति बुद्धि विद्या की, उधर वीर्य्य बल किया तबाह ॥
इधर व्यवस्था गुण से वर्ण की, उधर जन्म पर करें निगाह ।
इधर चार आश्रम को माने, उधर बाल लिया मूंड मुंडा ॥
इधर अतिथि है सत्य उपदेशक, उधर चरस में हैं गलतान ।
न्याय तुला० ॥

चौक १०

इधर मेल और जोल का करना, उधर फूट में शिर गये फूट।
इधर परस्पर करनी रक्षा, उधर एक को एक रहा लूट ॥
इधर प्रेम है करनी सबको, उधर एक से एक रहा रूठ।
इधर सत्य व्यवहार करें सब, उधर देख लो झूठ ही झूठ ॥
इधर कपट की कहीं नहीं आज्ञा, उधर कपट की खुली दुकान।
न्याय तुला० ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक ११

इधर सभा और समाज उत्तम, उधर रंडी भड़वों का नाच ।
इधर कान भर गए ज्ञान से, उधर नैन की खा गई आंच ॥
इधर शब्द का अर्थ विचारें, उधर नाच नखरे की जांच ।
इधर प्रभु के गुण वर्णन हों, उधर कोक कथा रहे बांच ॥
इधर रीति है आर्य्यावर्त्तकी, उधर सचमुच हिंदुस्तान । न्या०

चौक १२

इधर जहां तक है विचार सब,उधर है अन्धम परम्परा ।
इधर हैं करना पर उपकार का, उधर कुल अपस्वार्थ भरा ॥
इधर से मन अपना प्रसन्न है, उधर से जाय जिया डरा ।
इधर का मार्ग ग्रहण करो सब, उधर नहीं है राह खरा ॥
'नवल सिंह' कहे आओ इधर उधर मुफ़त रहे मिट्टी छान ।
न्याय तुला० ॥

भजन १७७

खादन्ति वृक्षा न फलोद्गमे,
पिबन्ति नापः स्वयमेव निम्नगाः ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वहन्ति नद्यः हेतवे स्फुटाः,
परोपकाराय सतां विभूतयः ॥

दोहा

वृक्ष फले नें आप को नदी न अचवे नीरं ।
पर कार्य्य के कारणे सन्तन धरा शरीरं ॥

भजन

टेक—दयानन्द दया ऐसी कीनी भारत का भार उतार गयो ।

कली

कर वेद भाष्य दियो धर्म्म राख, सब बिगड़ी डगर सुधार गयो
फिर देश देश, कर सत्य उपदेश, भारत क्लेश सब टार गयो ।
फिर नगर२ और झगड़ २ पाखण्डो लोग सब हारगयो ।
'नवलसिंह' वह निष्कलकं कर, जग उद्धार पधार गयो ।

---

१७९ भजन

टेक—बिनां ज्ञान जीव कोई मुक्ति नहीं पावे ।

कली

चाहे धार माला चाहे बांध मृगछाला ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चाहे तिलक छाप चाहे भस्म तू रमावे। बिना०
चाहे रचके मन्दिर मठ पत्थरों के लादे ठंड,
चाहे जड़ पदार्थों को सीस नित्य नवावे। बि०
चाहे बजा गाल चाहे शंख और बजा घड़याल,
चाहे डफ डौरू चाहे झांझ तु बजावे। बि०
चाहे फिर तु गया प्रयाग चाहे काशी में प्राण त्याग,
चाहे गंगा यमुना चाहे सागर में तू न्हावे। बिन०
द्वारका और रामेश्वर बद्रीनाथ पर्बत पर,
चाहे जगन्नाथ में तू भ्रष्ट भात खावे। बि०
चाहे जटा सीस बढ़ा बोहर में चाहे कान फड़ा,
चाहे यह पाखण्ड रूप लाख तू बनावे। बि०
ज्ञानियों का कर ले संग पोपों का तज दे भंग,
'नवलसिंह' मुक्ति का साधन तब आवे। बिन०

१७६ भजन

टेक—है प्रभु वही सब पर है जिसे बढ़ाई।
है भक्त वही जिन प्रीति प्रभु से लाई॥

चौक १

है ज्ञानी वह जो वेद की विद्या जाने,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

है ध्यानी वह जिस का चित्त रहे ठिकाने।
है वही कवीश्वर सत्य शब्द लगे गाने,
है वही श्रोता सत्यासत्य जो छाने।
जिन सत्य से प्रीती कर असत्य से करी जुदाई। है भक्त०

चौक २

ज़रदार हुआ ज़र जिस ने प्रथम लगाया,
सरदार हुआ सर जिस ने प्रथम झुकाया।
नामर्द हुआ जिस ने मुरदार को खाया,
हो दर्द उसे जो दुःख नहीं तके परायां।
जिस ने हिंसा को तजा जिन्दगी पाई। है भक्त०

चौक ३

जो करे उपकार उसका उपकार होता है,
जो अपस्वार्थ में फसा वह कुछ खोता है।
काटेगा वही जो पहले बीज बोता है,
जो कल्लर में बीज बोता है बीज खोता है।
जो पुरुषार्थ नहीं तजे वह करे कमाई। है भक्त०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक ४

जो काम को जीते वही कामिनी पावे,
जो क्रोध को जीते सब को वही हरावे।
जो लोभ को जीते सब को वही लुभावे,
जो मोह को जीते वह मोहा नही जावे।
जिन खुदी को जीता उसने पदवी पाई। है भक्त०

चौक ५

जिन जीभ को जिता स्वाद को उसने पाया।
मन जीता जिसने हुआ काम मन भाया।
जिन आप को जीता जीता सभी जमाना।
जिन तुच्छ बुद्धि को तना वह हो गया दाना।
अहंकार को तजे तो मिले बड़ाई। है भक्त०

चौक ६

जो परदारा को तजे तो पावे नारी
जो झूठ वचन दे छोड़ शुद्ध हो बानी।
जो वीर्य्य की रचा करे तो चढ़े जवानी।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

करे सत्य व्यवहार तो रिद्धि मिले मन मानी।
कहे 'नवल सिंह' बिन विद्या दुर्गत पाई ॥ है भक्त०

भजन १८० (चौताला

ऐसी आर्य्य रची समाज, वेद ध्वनि साज बाज।
होम यज्ञ धर्म्म काज, रोग दुःख जाय भाग ॥ १ ॥
विद्वान देत ज्ञान, विद्या का देत दान।
श्रोता के भरत कान, जासु भ्रम होत त्याग ॥ २ ॥
ब्रह्म को विचार होत, बुद्धि को सुधार होत।
देश को उपकार हेत, आर्य्य पुरुष रहें विराज ॥ ३ ॥
प्रेम को करो उपाय, विरोध को धरो उठाय।
परस्पर होत सहाय, जासु छाय जाय धर्म्म राज ॥ ४ ॥
सुगन्धियों से हो हवन, दुर्गन्धता का होत हनन।
शुद्ध होत वृष्टि पवन, अमृत होथ जल फल अनाज ॥ ५ ॥
दयानन्द किया प्रबन्ध, काट गये पोप फन्द।
नवलसिंह स्वामी जी को देत असीस दीन अपाहज ॥६॥

भजन १८१

वेद प्रचार कैसे होवे ऐसी गाढ़ो पी लई।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पगड़ी तो उतरी फिर, फिर भी कहे उतरी नहीं ॥
आबरू जब तक ही जानों, जब तक आदर आब है ।
मूर्ख होकर आब उतरी, फिर भी कहे उतरी नहीं ॥
'तेज सिंह' है शर्म जो, शर्माय खोटे काम से ।
व्यभिचार करते शर्म उतरी, फिर भी कहें उतरी नहीं ॥
मिला लाखों का घर ख़ाक में कहो अब क्या कसर रही है ।
पढ़ देखो तारीख पुरानी, यह घर था सब घरों में नामी ।
अब यह करता फिरे गुलामी, मिल गई आबरू ख़ाक में ।
अति भारी विपति सही है । कहो अब० ॥ १ ॥
जो थे ख़ास तुम्हारे भाई, होगये मुसल्लमान ईसाई ।
कैसी तुम्हें क्षमा सी आई कई करोड़ लाख में ।
उन की तादाद कही है, कहो अब० ॥२॥
रही सही को क्यों खोते हो, क्यों फसाद अंकुर बोते हो ।
किस ग़फ़लत में तुम सोते हो, धर्म्म कर्म्म धर ताक में ।
अधर्म बांह की गही है, कहो अब० ॥३॥
करो मित्र वैदिक प्रचारा, वैर भाव से करो किनारा ।
'तेजसिंह' सुख मिले अपारा, लिखा वेद की शाख में ।
इस में कुछ झूठ नहीं है, कहो अब क्या० ॥४॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन १८२

सूर्य्य वैदिक निकला भाई क्या अब भी नहीं चेतोगे ? ॥
उठो २ ग़फ़लत को त्यागो, उमर गुज़र गई अब तो जागो ॥
करवट बदल पड़े अभागी, कैसी नींद है आई ॥ क्या० ॥१॥
जगज़ाहिर इक़बाल तुम्हारा, हा हा ! मिला ख़ाक में सारा ॥
कहते सीना फटे हमारा, सुना नहीं जाई ॥ क्या०॥२॥
भाई मित्र अरू सुत नर नारि, प्राण प्रिय सन्तान तुम्हारी ॥
होती आई बारा बारी, यवन और ईसाई ॥ क्या० ॥३॥
आंख मल कर मूंह धो डालो, सत्य ज्ञान के जल में न्हालो ॥
पुरुषार्थ का खड्ग सम्भालो 'शर्मा' समुझाई ॥ क्या० ॥४॥

१८३ भजन

जो शुद्ध आत्मा होवे, सन्ध्या कर दोनों काल में ।
जल से होती तन की शुद्धि, तप से मन अरु ज्ञान से बुद्धि ।
प्रतिमा पूजन वेद विरुद्धि, फंसे भर्म के जाल में ।
तू किस गफलत में सोवे ॥ १ ॥
सत् जल से स्नान किया कर, ओ३म् नाम का ध्यान कियाकर
प्राणायाम का ज्ञान किया कर, चित् धर दीनदयाल में ।
गुरुमन्त्र हृदय मल खोवे ॥२॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रोक इन्द्रियां विषय कर्म से। सुकर्म कर नित दया धर्म्म से।
रहे सदा आनन्द परम से। कर्ता की प्रतिपाल में।
जो इस विध नियम संजोवे ॥ ३ ॥
पञ्च महायज्ञों को करना। श्रुति शास्त्रों में चित धरना।
'घासीराम' कुमति से डरना। सुमति राख ख्याल में।
नर काटे जैसा बोवे ॥४॥

१८४ भजन अग्निहोत्र में।

दोहा—अग्नि होत्र के करन से, सुख पावे संसार।
सत्य श्रुति का लेख है, बड़ा बड़ा उपकार ॥

करो अग्नि होत्र चित्त लाके, जो सुख पहुंचे संसार को। स्वार्थ बहुत लोग करते हैं, परमार्थ न चित्त धरते हैं। दुर्गति होके सो मरते हैं, ढोय पाप के भार को, सब अपना धर्म गंवा के ॥ १ ॥ अग्निहोत्र सा उपकार को है, पानी पवन की शुद्धि हो है, अन्न औषधि निर्मल सो है, पुष्ट करे नर नार को, तन अरोग हो सुख पाके ॥ २ ॥ द्रव्य सुगन्धित अग्नि जरेंगे, प्रमाणु वायु में मिलेंगे बड़े सुगन्धित मेह वर्षेंगे, फैलावें महकार को। दुर्गन्धि को हटा के ॥३॥ भया प्रचार बन्द ये जब से, दाबा जगत् रोगों ने तब से, अब मेरी

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

विन्ती है सब से, जारी करो प्रचार को अज्ञान अधर्म विसराके ॥ ४ ॥ कठौर दौलत को खोते हो, महायज्ञ करते रोते हो, कहे 'घासी' कैसे सोते हो।, जागो समझ सुधार को मैं कहता हूं समझा के ॥

१८५ भजन विवाह के विषय में।

दोहा

वेद विरुद्ध विवाह से, विपत भरे दिन रात।
नर नारी में प्रीति ना, रहे कलह उत्पात ॥

वेदोक्त विवाह रचावो, जो सुख पावें नर नारी।
कर कन्या वर कर्म विचारें, रूप उमर गुण दोष निहारें।
स्वतन्त्रतासे गृहस्थ धारें, काटें उमर सुखारी। ये बात ध्यान में ल्यावो ॥ १ ॥ कन्या बड़ा होय वर छोठा, निश्चय जानो लहना लोटा। भूले फिरो समझ का टोटा, कहां गई अकल तुम्हारी। सुत पुत्री को विसरावो ॥ २ ॥ जनक भूप सीतो पर्णाई, बहुतेक राजा लिये बुलाई। निज इच्छा से वरे रघुराई। जयमाला डारी। सो क्यों मर्याद मिटावो ॥ ३ ॥ वेद विरुद्ध विवाह करोगे, निज सन्तानों को दुःख दोगे। कहे

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

'घासी' कब फिर चेतोगे, पल २ हो रही भारी । किस काज महा दुःख पावो ॥ ४ ॥

भजन १८६

दोहा

करो विवाह विचार के, वेद शास्त्र की शोध ।
बिना स्वयम्बर क्या करो, ये सब नीति विरोध ॥

शुभ रचो स्वयंबर शादी, सुख सम्पत प्रीति आराम हो । वर कन्या गुण कर्म में सम हों, बुद्धि अवस्थामें ना कमहों । तब तो विवाह अति उत्तम हों, सुख से उमर तमाम हो । ना वैर होयं ना व्याधि ॥ १ ॥ बाल उमर में शादी करना, गुड्डा गुडिया खेल ये वरना । वेद विरुद्ध दोष सिर धरना । विरोध आठों याम हो ।ऐसा मत करो उपाधि ॥२॥ क्या हासिल रण्डी को नचाना, हराम में पैसे को गंवाना । भांड नचाके कुफर मचाना, महिफल भी बदनाम हो । ये क्या बदरस्म ठहरा दी ॥ ३ ॥ आतिशबाज़ी बाग़वी वाड़ी धन खाने को तरह निकाली । कितने ही पछतायें पिछाड़ी जब कुर्की नीलाम हो । रोवें सुन ढोल मुनादी ॥ ४ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बखेर का करना फिजूल है, बहुत बखेरा फिर भी धूल है। पोच कर्म सो दुख का मूल है, कभी सिद्ध न काम हो। हर समझ बरबादी ॥ ५ ॥ तुरंग बैल की जोट मिलाओ, सुत पुत्री पर ख्याल न ल्यावो। कह 'घासी' पाछे पछ-तावो, बदनामी मुदाम हो। मे सांची वात सुनादी ॥ ६ ॥

१८७ भजन

दोहा

चार आश्रम से है बड़ा, गृहस्थ आश्रम जान।
इस की निन्दा जो करे, सो मूर्ख अज्ञान ॥

टेक—गृहस्थ बड़ा उत्तम है, सर्दार आश्रम चार का। इसी से सुर ऋषि मुनि भये हैं, कविजन पण्डित गुणी भये हैं। यति मति और गुणी भये हैं, मूल सकल संसार का। ये ज्येष्ठ श्रेष्ठ आश्रम है ॥ १ ॥ इसी से है राजे महाराजे, शूरवीर जो रण में गाजे। सखी सखावत कर २ लाजे, क्या कहना उपकार का। निन्दा कोई करे अधम हैं ॥२॥ इसी से यशी होय यश पा गये, बड़े २ पुरुषार्थ कमा गये। गृह-स्थियों का सीस निवा गये, भला चाहे नर नार का। जब तक

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रहा दम में दम है ॥३॥ पर देखो पाखण्डी आकर, त्यागी बनते मूंड मुंडाकर। फिर भी भिक्षा मांगत आकर, सांसा वस्त्र अहार का। खा पी के बनते बेग़म हैं ॥ ४ ॥
इसी से चारों वर्ण कहावत, चार आश्रम का बोझ उठावत। तिसे बुरा कहत न लजावत। ये प्रथा बुरे विचारका। किस तरह बताया कम है ॥ ५ ॥ फ़क़ीरी से कोई भी भया ना, प्रभुता का अभिमान गया ना। गृही ऊपर रख दया ना। तजा खौफ कर्त्ता का। 'वासी' तो रज के सम है ॥ ६ ॥

भजन १८८ संन्यासाश्रम में।

दोहा

परमहंस जन हंस हैं, बसें सुधा के ताल।
निर्भय हो क्रीड़ा करे, अमल कमल की डाल ॥

टेक—जब तुरीयपद को पावे सत्पुरुष सुघड़ सन्यास ले।
वेद पढ़े तज पद विरुद्धी, सत जल से तन मन की शुद्धि।
ब्रह्मज्ञान करे निर्मल बुद्धि, इस का कर अभ्यास ले।
क्यों बृथा जन्म गंवावे, छलियों के फन्द में आवे।
जड़ को चैतन्य बनाया, रघु भूत ईश बिसरावे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कर ठिकाने होश हवास ले ।१। दशों जीत छोड़े मत काऊ समदृष्टि कर शीत स्वभाऊ । हर्ष शोक सुख दुखई नसाऊ ।
एक नाम की आस ले अब तजके योग कमावे ।
चित ध्यान निरन्तर लावे । पुनः प्राणायाम चढ़ावे ।
तन मन पवित्र होजावे । कर शून्य महल में बास ले ॥२॥
पर उपकार कर गुण रासी, सत उपदेश सदा सन्यासी । मार मार विद्या की गांसी, अघ अज्ञान विनाश ले । दिल, असतय से हटाये । सत मार्ग गमन करावे । भ्रम जाल को दूर उड़ावे ।
सुख उपजे दुःख नसावे । सज्जन जन मेटो त्रास ले ।३।
तुरीय[1] जानें तुरीया वाले।इसके हैं कुछ ठाठ निराले। 'वासिराम' प्रभु के गुण गाले। गुण की कर तलाश ले । सब गुणियों के मन पावे, सुकर्म ही पार लावे, मत ना पाखण्ड मचावे ॥ सच आर्य धर्म कहलावे, पढ़ सत्यारथ प्रकाश ले ॥४॥ १२॥

---

१८६ भजन वर्णव्यवस्था में ।

टेक— उस बाल्मीकि भक्त के गुण गाते विप्र सुजान है॥
निष्ट मात्र मानुष था खोट[1], निपट शूद्र बुद्धि का टोटा।
तस्कर हिंसक पापी मोटा, हते सैंकड़ों प्राण हैं ॥कुछ रचा

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कहने तंगी के०॥१॥ सत्य उपदेश ऋषिन से पाकर ।
ऊंचे कर्म किये चित लाकर । विप्र भया अज्ञान गंवाकर ।
जानता मुल्क जहान है । सर्व कर सत्य संगी के ।२।
रामायण जो नहीं बनाता, कौन राम फिर उसका गाता ।
इसी कथन से जग विख्याता, प्रगट भया गुणवान है ।
लख ठाठ कथन चङ्गी के ॥३॥
गर्भ से सब शूद्र आते हैं, गुण कर्मों से पद पाते हैं
'घासीराम' हरि गुण गाते हैं, भटी पुरा सुस्थान है ।
चले ज्ञान बात जंगी के ॥४॥ २० ।

भजन १९०

दोहा—विषय बानर रोगिया, ज्वारि लुच्ची नार ।
पांचों की कुछ पत नहीं, षष्टम झूठ लवार ।

टेक—खेलन में नफा नहीं है, पेशा बुरा जुवारी का ।
धर्म न्यायनृप नीति रहना । शील दया सुख प्रीति रहना॥
हार जीत कोई मीत रहेना किसी खिलारी का ॥ पत किसी
की नाय रही है ॥ १ ॥ राज्यपाट धन वस्त्र हरादे ।
बेटा बेटी को पकड़ादे । औरें के हाथ दिलादे ।
अपनी नारिकूं । मैं सांची बात कही है ॥ २ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जीता जुवारी मड़क बनावे, हारा खोटा पाप कमावे।
माल बिगाना ठग २ लावे चोरी जारी का।
संगत भी सदा रही है ॥ ३ ॥
धर्म त्याग कर अधर्म करना, सत्पुरुषों का कभी न वरना।
"घासी कहे ध्यान उर धरना, कथन हमारी का।
सत मन की डगर गही है ॥ ४ ॥

भजन १६१

दोहा—राजा नल से हर गये डिगे युधिष्टर भूप।
सब प्रभुता घट जात है, जो नर खेलत जूप ॥
टेक—धिक्कार जुआ खेलत को, मत चाल चलो उत्पात की
धर्म से बढ़ प्रताप नहीं है, ओ३म् से बड़े कोई जाप नहीं है,
जुवे से बढ़कर पाप नहीं है, ये आदत बदगात की लानत
उन गुरु चेलन को ॥ १ ॥ जीता जुवारी धन खावेगा।
हारा मूंड पकड़ रोवेगा। विपत मेरा ना सुख सोवेगा।
नींद जाय दिन रात की दुखिया पापड़ बेलन को ॥ २ ॥
गहना तक बालक मारेंगे, छल चोरी पर चित धारेंगे।
पर तिरियों पै हाथ डारेंगे, टूप तारने गात की। अमृत
में विष मेलन को ॥ ३ ॥ सर्वस खोये हिर्स मिटे ना।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

हँसे वा रोवे हिर्स मिटे ना। नार बिछाए हिर्स मिटे ना।
सुने न गुरू पिता माता की। घासी सब की झेलन को ॥४॥

भजन १६२

दोहा—दया धर्म ऊपर चले, तब तो है इन्सान।
ना इस जग में मनुष्य से, बहुत भला हैवान ॥

टेक—मुख भजन करने को दीना, नर छोड़ झूठ तूफान को।
सत्य कहे ना सत्य सुनाता, झूठी साक्षी में क्या पाता, अन्न छोड़ के मांस को खाता, दधि तज मदिरा पान को धिक्कार जगत में जीना ॥१॥ वेदों का ना करे उच्चारण लगा पुराणों में शिर मारण। बृथ ग्रन्थ पढ़े किस कारण बु इञ्जील कुरान को, बना चाहे परवीना ॥ २ ॥ आंखें जती सती लखने को, सन्तों के दर्शन करने को॥ आप लगे गणिका तकने को, खो बैठे ईमान को। ऐसा क्यों अधर्म कीना। ३ चरण दिये सत पर चालन को, दौलत दीनों के पालन को, पीटन लागे कंगालन को। हाथ दिये ये दान को, मत खेल जुआ मति हीना ॥४। कान दिये ब्रह्मज्ञान सुना

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कर ठुमरी टप्पे, सुनता जा कर 'घासी' के ऊपर पा कर। घर ईश्वर के ध्यान को। सत धर्म चाहिये चीना ॥५॥

भजन १९३

टेक—जिससे सब रोग कटे हैं। एक जड़ी हमारे पास है।
मूल का नाम ओ३म् हैं भाई। गायत्री डण्डी कहलाई।
जप तप टहनी पर छाविछाई। निगम बाग में बास है।
फल की ना चमक घटे है॥१॥ नियम धर्म के पाते कहाते।
सत के फूल खिले लहराते। प्राणायाम के फल मन भाते।
मिट जावे सब त्रास है। सन्मुख ना पीड़ा डटे है॥ २॥
उरु का खरल सफाई तन की, बुद्धि का रगड़ा सूमती मनकी
सन्ध्या प्रातः समय घोटन की। मूल सजीवन ख़ास है।
त्रिदोष असाध्य हटे है।३॥ तीनों ताप पास न आवें, तीनों
पाप शीघ्र नश जावें। घासी राम छन्द कथ गावें।
सब गुणियों का दास है। कर्त्ता के नाम रटे है ॥ ४॥

भजन १९४

टेक—दश नियम धर्म के भाई, जिन को आर्य बतलाते।
प्रथम सत्य विद्या को जाने, दूजे निराकार को मानो।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तीजे सत्य वेद पहचानो। पढ़ाकर दो सभ्य पढ़ाई, स्वामी जी यही फरमाते। जिन को०। चौथे सत्य को मन में धारो असत्य सब हृदय से टारो। पञ्चम हरदम धर्म विचारो। यही है नेक कमाई। ऐसे सब ऋषि सुनाते। जिन को० छटे सबका उपकार करावो। जभी आर्य खास कहावो। सप्तम सब से प्रीत लगाओ। अष्टम विद्या को गाई। अविद्या को दूर भगाते। जिन को०॥ नवें उन्नति सब की करना, दशों नियम हृदय में धरना, 'गंगासहाय' कह जब हो तरना भव सागर दरियाई। यों बिरथा जन्म गंवाते। जिन को०॥

भजन ११५

टेक—जिस की तू फिरे तलाश में। वह सदा पास रहता है सच्चे घर को नहीं पिछाना। इसी भूल में फिरा दिवाना। कांशी मथुरा में ईश्वर जाना। वो रह नहीं मक्के खास में, सब के घट २ बसता है। वह सदा पास०, भागा २ क्यों फिरे वो वामी। वही एक है जग का स्वामी, है निराकार और अन्तर्यामी। रहो उस की आश में। जो आप जगत् कर्त्ता है। वह सदा पास०। वेद मनु भी यही सुनावे

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अजर अमर ईश्वर कहलावे । फिर क्यों ना तू ध्यान लगावे। पूर्ण ब्रह्म प्रकाश में जो कभी नहीं मरता है वह सदा पास० । पोप जाल को तोड़ भगावो, सन्ध्या पढ़ो गायत्री गाओ सत्यधर्म में मन ठहराओ । रहो मुक्ति के वास में, यूं गंगासहाय कहाता है, वह सदा पास० ॥

भजन ११६

टेक—सब सज्जन करो विचार वर्णों के कर्म सुनावें,

वेद पढ़े औरों को पढ़ावे यज्ञ करे पर घर करवावे, दान, दे औरों से दिलवावे, करे वेद प्रचार, शर्मा जब ही कहलावे, वर्णों० ॥ यज्ञ करे नित वेद को जाने, दान देय और धर्म पिछाने, रण में जाके शस्त्र ताने, दे दुशमन को मार तब पदवी वर्मा पावे, वर्णों० ॥ देश और परदेशों जावे, माल बेचकर नफा उठावे, कर्म धर्म में चित्त लगावे, है वैश्य वोही शुमार, जो सुद सवा का खावे वर्णों । शूद्र वही जो मूरख भाई, तीनों वर्णों की टहल बतलाई 'गंगासहाय यूं कहे सुनाई, नहीं और कर्म अधिकार ऐसे सब वेद बतावे, वर्णों० ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन १९७

उठ मुंह धो डालो बहुत ही सुलाया आलस नींद ने।

टेक—फूठ मद पीकर सोये। बुद्धि बल सर्वस खोये।

यवन मत दिखाया, आलस नींद ने। उठ० । १ ।

ग्रन्थ सत् जलाये सारे। अरु जनेऊ तोड़ न्यारे।

हिन्दू पद दिलाया, आलस नींद ने। उठ० । २ ।

बिन विवाही बेटी प्यारी, रोती अरु कलपती सारी।

हमसे छिन छुड़ाया, आलस नींद ने। उठ० । ३ ।

ये गुलाम लौंडी कहां के सोचे रहने वाले यहां के,

हा! हां! क्या कराया, आलस नींद ने। उठ० । ४ ।

नाना मत अंधेरा भागा, वेद सूर्य चमकन लागा।

हा! क्या फिर सुलाया, आलस नींद ने। उठ० । ५ ।

कमल ज्ञान बिकसा पाठका, सकुचे धूर्त्त कैरव बाधका,

जाने क्या सुंघाया, आलस नींद ने। उठ० ॥ ६ ॥

भजन १९८

जब से छोड़ी बान अग्निहोत्र की तुमने। टेक।

दिन रात काल पड़ते हैं, लाखों प्राणी मरते हैं।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मुफ़त देते हैं ज्ञान, अग्नी० ॥ १ ॥

कहीं है विशूचका मारी, कहीं प्लेग महा दुखदारी।

कांपत सुन २ प्राण, अ० ॥ २ ॥

वायु है बहुत जरूरी, बिन जल भी हो मजबूरी।

दुहुन दोषन की खान, अ० ॥ ३ ॥

नहीं अन्न स्वच्छ पाते हैं, हम रोगी हो जाते हैं।

व्याधि ने घेरे आन, अ० ॥ ४ ॥

सुन्दर सन्तान न होवे, होवे तो रोगी होवे।

देख कर बनो अजान, अ० ॥ ५ ॥

अब भी जो यज्ञ रचाओ,

जल वायु अन्नशुचि पाओ,

नहीं दुख होय निदान, अ० ॥ ६ ॥

भजन १९९

पड़े क्यों ख्वाबे ग़फ़लत में समय अनमोल खोते हो।

भुलाकर नाम ईश्वर का सुखों से हाथ धोते हो॥

अदा अपना फ़रायज़ को जो तुम अब तक नहीं करते।

समझलो अपने हक़ में तुम दुःखों का बीज बोते हो॥ १॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जो है फ़रमान वेदों का अमल उस पर नहीं मुतलक़।
ग़ज़ब की नींद सोते हो नहीं बेदार होते हो ॥ २ ॥
कुफ़र को छोड़ दो भाई बनों वेदों के अनुयायी।
मिले जब शांति सुखदायी वृथा क्यों भार ढोते हो ॥ ३ ॥
कमालो धर्म को प्यारे ये जिन्दगी चन्द रोजा है।
बचन 'बलदेव का सुन लो वृथा क्यों जग रोते हो ॥४॥

ग़ज़ल भजन २००

भक्ति भगवान में दिल अपना लगाओ तो सही।
वेद मारग पै क़दम अपना बढाओ तो सही।
ठोकरें खाते न शरमाते हो उठाते तकलीफ़।
खोटे कामों से ज़रा दिल को हटाओ तो सही ॥१॥
वक्त नायाब को नाहक़ न गंवाओ साहिब।
ग़ौर से सोचो ज़रा होश में आओ तो सही ॥२॥
इस मुसाफिर खाने में ठहरे हैं मुसाफिर कितने।
दुशमनो दोस्त इन में कौन बताओ तो सही ॥ ३ ॥
बेवफा खुदगर्ज़ों से दो छोड़ लगाना दिल का।
मेल 'बलदेव' उस मालिक़ से मिलाओ तो सही ॥४॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन २०१

हरि सों प्रीति करो मन मेरे।
जिन २ प्रीति करी प्रीतम से।
जैसे लोह परसि पारस सों, कञ्चन होत खेरे ॥ १ ॥
जिहि सुमरत कलि कलुष विनाशत विघ्न आवत नेरे।
जैसे रञ्चक अग्नि जरावत घास के कोटि घनेरे ॥ २ ॥
काम क्रोध मद मोहादिक यह प्रबल शत्रु हैं तेरे।
इन के वश होय जीव जगत में भोगत दुःख बहुतेरे ॥ ३ ॥
मोह नींद को त्याग जाग जड़, प्रभु चरणन चित दो रे
विनय दास 'बलदेव' जासु के सुर नर मुनि सब चेरे ॥४॥

भजन २०२

तुम्हें इन्साफ़ करने को प्रभु ने नर बनाया है।
फ़र्ज अफसोस अपने को मगर तुमने भुलाया है।
रहम अबला अनाथों पर जो करना तुम को लाजिम था।
सितम ईजाद कर २ के उन्हें तुम क्यों सताया है ॥ १ ॥
चलो बस देखली हमने तुम्हारी सिफत दानाई।
जो खंजर जुलम का तुमने गरीबों पर चलाया है। २।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जहां से पुत्र की उत्पत वहीं से पुत्रियां जन्मे।
तो फिर पुत्री के पालन में कहो क्यों जी चुराया है। ३।
सुतन विद्या पढ़ाते हो उन्हें महरूम रखते हो।
तुम्हें बे मुन्सफी करते न दिल में तरस आया है। ४।
बदों बुड्ढों मरीज़ों से न करते व्याह शर्माते।
हुए हाऐ सख्त दिल ऐसे जिगर पत्थर बनाया है। ५।
अग्नि को बीच में देकर जो पकड़ा हाथ पञ्चों में।
बचन दें सात वेदों पर जिन्हें पत्नी बनाया है। ६।
उन्हीं के शिर पै बेश्या को बना सौतन बिठाते हो।
अहद तो उम्र उल्फत से कदम अपना हटाया है॥ ७॥
जुलम करते हैं जोरुओं पर तरस खाते न शर्माते।
न करते खौफ़ ईश्वर का जो घट २ में समाया है॥ ८॥
रुदन करती हैं अबलायें नहीं सत्कार पाती हैं।
वही कुल नष्ट होता है मनु ने भी बताया है। ९॥
करो निज धर्म का पालन समय 'बलदेव' जाता है॥
बड़े ही पुण्य से प्यारो मिली मनुष्य की काया है। १०।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कौंसिया) भजन २०३ (ताल ३

पढ़ो २ रे वेद सत्पन्थ चलो, अब आर्य बनो जो भयो सो भयो।
वेदों का प्राचार करो अब अज्ञान में काल गयो सो गयो १
धन देह सुकर्म में दीननको, अब लों कुदान दयो सो दयो २
प्रीति परस्पर करो सकल मिल फूट ने लूट लयो सो लयो।३।
गयो हाथ सें ताको न सोच करो, करो वाको सम्भाल रह्यो सो रह्यो ४
बनो भक्त 'पुलन्दर' ईश्वर के, अबलों दुःख सह्यो सो सह्यो ५

भजन २०४

दुर्दैव घटा घिर आई, अब जागो भारत भाई।
बक दादुरवत प्रजा पुकारे, करत न कोई सहाई १
वैदिक धर्म समूल नशावत, पवन पखंण्ड चलाई २
सत्य सुमति एक्यता छिपें सब, चक्रवाक की नाई ३
धन विदेश को चल्यो जाय जिमि, सरित सिन्धू को जाई ४
रोग वृष्टि भारत पर वर्षे, नित नूतन अधिकाई ५
दुखकर सिन्धू बढ़त दिन दूनो, लखि २ जिय घबराई ६
कहत 'पुलन्दर' उठहु भरात अब, सोच हु कोई उपाई ७
डूबन चहत देश भारत यह, ... में ... बचाई ८

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

२०५ भजन

हरि बिन और हितू नहीं कोई - (अन्तरा)
निशिदिन भ्रमत फिरत मन मूर्ख क्षण हरि भजन न होई।
काल कराल शीश पर डोलत खान चहत अब तोई । १ ।
हाथी घोड़ा महल खजाना सुत दारा दिक सोई।
अन्त सहाय न करे एक हू चले यहां से रोई ॥ २
कन्हिा बनज लाभ नहीं पाया गांठ की पूंजी खोई ॥
सुधा क्षेत्र में जड़ मति हो कर बिष की बेल तैं बोई ॥
हरि सिमरण की सुरत भुला के पाप मोट शिर ढोई
जन्म जुआ में हारि 'पुलन्दर' सुख की नाव डबोई । ४ ।

गजल] २०६ भजन

ऐ ... दिल हो कैसे देश में सत धर्म का प्रचार ।
जब तक न भेद वेद का सब पर हो आशकार । १ ।
मुश्किल है वेदवाणी सिखाना अवाम को ।
उपदेश ही से देश का जल्दी करो सुधार । २ ।
ईसाई और कुरानी जबानी कहानी से ।
दिन रात अपने मन को बढाते हैं होशियार । ३ ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

खुर्शीद वेद धर्म का हरसू हुआ प्रकाश ।
मिसले चिरागो लैम्प हुए फीके मत हज़ार ॥ ४ ॥
जैसे हो वैसे मित्र के परम प्रेम से सभी।
इस आर्य्य भूमि देश का जल्दी करो सुधार ॥ ५ ॥
बांधो कमर कसर न करो धर्म कार्य्य में।
आसा नहीं है पाना मनुष्य जन्म बार बार ॥ ६ ॥
फैलाओ ब्रह्मज्ञान का चर्चा हरेक जगह।
नैपाल और अमरीका क्या चीन और तातार ॥ ७ ॥
मशरिक यही है नैयर इल्म और अक्ल का।
दौरे फलक से ग़र्ब में गो अब है आशकार ॥ ८ ॥
अफसोस आप चीज़ थे नाचीज़ बन गये।
घर खोके फिर भी आप को सूझी न एक बार ९
जागो उठो संभालो बचालो रही सही।
सच्चा जो वेद धर्म है उस पर चलो विचार। १०।
उस को पढ़ो पढ़ाओ सुनाओ सुनो सदा।
संसार भर में वेद है सब विद्याओं का सार ।११।
तन मन धन से कीजिये रक्षा स्वधर्म की।
विनमाली 'मिश्र' कहता है कर जोड़ बार बार ।१२।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ग़ज़ल भजन २०७

चापलूसी और है सत लिन्नता कुछ और है।
वैडाल बृत्ती और है धर्मज्ञता कुछ और है। १ ।
कहते हैं वह कहते नहीं कहते सो कर पाते नहीं
बातें बनाना और है कर्त्तव्यता कुछ और है २
जीव ईश्वर दोनों को वाहिद बताना भूल है।
अज्ञानता भ्रम और सर्वज्ञता कुछ और है ॥ ३ ॥
स्वामी सेवक दोनों की 'बलदेव' होवे न तुल्यता।
परतन्त्रता कुछ और है स्वतन्त्रता कुछ और है ॥ ४ ॥
जीव है बन्धन में आता ईश मुक्त स्वभाव है।
बन्धन की विपता और है मुक्ति की प्रभुता और है। ५ ।

(कवित) भजन २०८

धन से क्या लाभ जो न खावे और खवावे क्यों देवे ना दिलावे कुछ पर उपकार में, बल से क्या लाभ जो न शत्रु को सतावे पर भूमि न दिवावे न लगावे नेक काम में। शास्त्र से लाभ क्या जो होवे न विवेक हिये धर्म को न जाने न स्नेह सदाचार में। नर तन से लाभ क्या जो ईश

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

को न ध्यावे तनक। चित्त न लगावे 'बलदेव' सद्विचार में॥४॥

सवैया) २०९ भजन

कर्म वही अनुकूल जो धर्म के, धर्म्म वही जो कलेश मिटावे। नारि वही पति की हितकारिणि, तारि दुहू कुल स्वर्ग सिधावे। पुत्र वही पितु मातु को सेवहि, मित्र वही जो विपत्ति बटावे। त्याग वही 'बलदेव' कहे, कुछ कंचन देखि न चित्त चलावे॥५॥

कवित) २१० भजन

जन्म ही प्रथम अनित्यता की गोद बैठे पीछे निज माता की गोदी मांझ आवे हैं। पीछे संयोग के वियोग है सदा से लगी जैसे दिन रात एक आवे एक जावे है। क्षण प्रति क्षीण होतें काया पै न जाने परत जैसे घट काचों जल बीच ही विलावे है। यौवन धन रूप के गुमान में भूले सठ प्रेम 'बलदेव' क्यों न प्रीतम सो जतावे है॥६॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कवित २११ भजन

विद्या, बुद्धि, शूरता, उदारतादि एको गुण पाय के पायो नाम जगत में आयके। स्त्री पुत्र गुरु अतिथि भृत्य दीन बन्धुन को कीन्हो सत्कार न दयालुता दिखाय के। योग यज्ञ जप तप धारणा समाधि ध्यान भक्ति हु न कीन्हीं मन चित्तको लगायके। बीत्यो 'बलदेव' जन्म श्वान के समान तैमे कौन फल पायो हाय नर तन पायके ॥७॥

कवित २१२ भजन

सागर में तारिबे को जहाज बहु भांति रचे अन्धकार हारिबे को दीपक जलायो है। न्यारी के चलायबे को पंथ भांति २ रचे गजन वश कारिबे को अंकुश बनायो है। शीत उष्ण टारिबे को नानाविधि वस्त्र रचे और बहु रोगन को सु औषधि सुहायो है। सुधरे स्वभाव 'बलदेव' याते दुष्टन को ऐसो न उपाय हाय काहू ने बतायो है ॥ ८ ॥

कवित २१३ भजन

मुंह सों कहीं बात पशु पक्षी हूं पिछान लेत सोटा के

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सहारे गधा करते पयान है। अकुंश के इशारा को गजहू खूब जानत है बाग के इशारा को घोड़े पहिचान है। लकड़ी के इशारा पाय बन्दर बहुनाच नचे स्वामी को बोल पहिचान ज्यों श्वान है। बिना कहे जान तत्व बात पहिचाने बलदेव सोई बुद्धिमान पण्डित सुजान है॥

कवित २१४

काया मांहि देखिये कलेश को खजानो भरो सम्पति में देखिये बिपत्ति ही को धाम है। भोग माहि रोग और संयोग में धरो वियोग सुख दुःख दोनों को निवास एक ग्राम है। निश दिन हानि लाभ जीवन मरण आदि एक के सुपीछे एक चलत मुदाम है। ऐसे काल चक्र के फिरत 'बलदेव' सदा हर्ष शोक मानिबे को यामें कौन काम है॥

सवैया २१५

शान्ति नहीं जिनके चित में मन इन्द्रियन पै जिनको वश नहीं
कुंजर की स्नान समान क्रिया उन को अरु कर्म हु याहीं।
ज्यों विधवा तरुणी को सिङ्गार और वृक्ष बिना फल २ रुखाहीं।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कवित २१८

चाहे नीति निपुण कोई निन्दा और स्तुति करे चाहे लक्ष्मी जू घर आवे चाहे आवे ना चाहे देह छुट जाय आज कल्पान्त में जन्म पर्यन्त सुख पावे चाहे पावेना । चाहे 'बलदेव', गति पृथ्वी की पलटि जाय भावे काहू के मन चाहे काहू भावे ना । धरि के न्याय पन्थ मांहिं पग को सुधीर पुरुष कोटिन विघ्न आवे तहू पीछे को हटावे ना ॥

कवित २१६

आपनो विगार करे उपकार सोई उत्तम पुरुष तिहुंलोक में प्रधान है । प्रथम बनाय निज और को बनावे पीछे तेऊ कोटि मध्य में गणित सुजान है ॥ आपनो बनावे चाहे और को बिगार चाहे अधम निकृष्ट वही राक्षस महान है । करत 'बलदेव' दोनों अपनी पराई हानि उनको नाम जानिवे में हम हूं तो अजान हैं ॥ १४ ॥

कवित २२०

रजनी बिन चन्द जैसे रदन विन गयन्द जैसे पर बिना

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

परिन्द जैसे कमल बिन सर है । सुन्दर स्वरूपवान विद्या बिहीन जैसे कृष्णा धनवान बिना दुम बनचर है । कहत 'बलदेव, होय सुजन दरिद्री जैसे दुष्ट दुखदाई तिय पतिव्रता को बर है । कंटक समान ऐते खटकत महान् जैसे पुरुष बिना नारी और नारी बिन नर है ॥

कवित २२१

नारी नैनवान जाके चित्त में न बंधे कबों क्रोध रूप अग्नि जाके चित्त में न लागी है । विषयन के जाल में फंस्यो चित्त जाको कबों इन्द्रीजीत भोगन से रहित विरागी है ॥ कबहुं 'बलदेव' कह्यो मुखसों न मिथ्या बने हिंसा पर निन्दा पैशुन्य जिन त्यागी है । ऐसे त्रयलोक तिलक दुर्लभ संसार माहि उपजै जिहि कोखि धन्य मातु बड़ भागी है ॥

कवित २२२

प्यास लगे सुखे कंठ शीतल जल पाय मिटे भूख लगे भोजन करि क्षुधा मिटावे है । शीत उष्ण टारिवे को वस्त्र बहु भांन्ति चाहे धूप लग छांह में सो व्याकुल हुवे धावे है ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जगे 'बलदेव' अग्नि काम की प्रचण्ड जब सुन्दर तरुणी को हिये लायके बुझावे है। एक २ व्याधी की जो औषधी विरंचि रंची बुद्धि को दरिद्री तिन्हें सात सुख बतावे है ॥

कवित २२३

जौलो यह शरीर हृष्ट पुष्ट शुद्ध रोग रहित जौलौं नहीं निकट बुढ़ापा दुष्ट आया है। जौलों शक्ति इन्द्रिय की शिथिल भई है नाहिं जौलों कोई बुद्धि में विकार ना जनायो है। तौलों 'बलदेव' खोजी पकड़े कल्याण पन्थ सोई नर बुद्धिमान पण्डित कहायो है। आग लगी घर में तब पानी हेतु कूप खोदि कहो तत्काल फिर कौन ने घर बुझायो है ॥

कवित २२४

कहा कियो सम्पति कुबेर के समान पाय कहा कियो वस्त्र बहु मूल्य तन धारिके। कहा कियो गजरथ तुरंग की स्वारी बैठि कहा कियो शशि मणि मुकट सवारि के। कहा कियो सुघर सुन्दरीन के कपोल चूमि कहा कियो प्रबल शत्रु सेन

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

को सघारिके । कहत 'बलदेव' परलोक ना सवारो तिन कहा कियो व्यर्थ बात ज्ञान को बघारिके ॥१६॥

कवित २२५

दूर ते पतंग दौरि २ परत दीपक पर मोह वश तनकहु न सूझ लाभ हानि है। मछली तनक मांस देखि कांट को निगल जाय ताहि के पीछे पुन खोवाति निज प्राण है। मुनि के मृदु बीन गान वन को मृग मोहि जात तब ही दुष्ट व्याध खेंचि मारत हिये बाण है। त्योंहि 'बलदेव' जानि बूझि फंसत बिषयन में देखो प्रिय मित्र मोह महिमा बलवान है॥

भजन २२६

नर ओंकार का ध्यान धर, जिस ने यह जग रचाया।

टेक—वेद शास्त्र के लिखा संस्कारे, ऋषि मुनि कहते गये सारे। हरे व्यापक है प्रभु अंदर बाहर, नित्य उसी का गान कर। सुधेर यह तेरी काया, जिसने यह जग रचाया॥ १॥

अविनाशी प्रभु रक्षा करता, नहीं जन्मता वह मरता। हरे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पत्थर पूजा फिर क्यों करता, पत्थर पड़ गया ज्ञान पर।
ईश्वर का नाम भुलाया जिसने० ॥ २ ॥
मन विषयों से रहित हो जावे, ऋषि कहे यह ध्यान कहावे। हरे
मन चञ्चल को वश में लावे, तीर क्यों चढ़े कमान पर।
त्यों ओं को धनुष बनाया जिसने० ॥ ३ ॥
बाण रूप आतम कर लीजो, परमात्मा को लक्ष्य करजो। हरे
लक्ष्य भेद कर सुख में भीजो, आनन्द हो इस ध्यान पर।
यह 'धर्मदेव' को भाया जिसने० ॥ ४ ॥

रागनी भैरवी) २२७ भजन (ताल खवी

मेरा मन मुझको कैसे सतावे,
कैसे सतावे कैसे सतावे कैसे सतावे।
मैं समझूं मन समझे नाहीं,
उलटे मार्ग में मुझ को लेजावे।
झूठ कपट छल शिक्षा देवे,
पाप सागर में मुझ को डुबावे।
कभी पूर्व कभी पश्चिम जावे,
कभी उत्तर कभी दक्षिण धावे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सत्संगत का संग न करता,
खोटी संगत की कथा सुनावे।
मन पापी कपटी अति प्रबल,
मैं 'अधीन' की पेश न जावे।

ठुमरी] २२८ भजन (खम्माच

टेक—थाम चतुर चञ्चल मनको तु थाम चतुर चञ्चल मन को।

कली—कब हूं मन कञ्चन महल रचत है।
कबहूं मन धाय चले बन को।
कबहूं कहे यह देह दिन दश है।
मान करे कबहू जोबन को।
कबहूं त्याग वैराग करत है।
कबहूं चाहे मिथ्या धन को।
कबहूं कहे पुरुषार्थ करें कुछ।
कबहूं चले भीख मांगन को।
कबहूं रुखी सुखी में तृप्त।
कबहूं चाहे मन्न तर भोजन को।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

'नवलसिंह' बिन आड ज्ञान के ।
कठिन वेग मन इञ्जन को ॥

भजन २२९

कबहूं मन रंग तुरंग चढ़े कबहुं मन चाहत है धन को ।
कबहूं मन वेद पुराण पढ़े कबहूं मन चाहत है रण को ।
कबहूं तिरया देख लुभाए चलो कबहूं मन मृग होइ बन को ।
'तुलसीदास विचार करो समझाय चलो कपटी मन को ।

भजन २३०

कहूं मन की कथा क्या मैं मति कुछ इस की न्यारी है,
मनोर्थ नित्य नये रचता खेल ऐसा खिलारी है,
करे विचार मन जब यह तो पानी छान कर पीवे,
भ्रष्ट मन देखिये कैसा मद्य मांस आहारी है ।
मन ही चतुर आंधेक भाई महा मूर्ख है मन भोला,
मन ही कड़वे बचन बोल कहे मन बात प्यारी है ।
तपस्वी मन ही बन जावे करे तप लोह सम देखे,
मन ही शठ विषयी पामर अति मिथ्या आचारी है ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

राग भूपाली) २३१ भजन (३ ताल

टेक—चल रे मना हरि दर्शन पा।

काम क्रोध मद लोभ सभी को दूर हटा,
अपने आप से दुर हटा।
खप २ मरता इस दुनियां पर,
क्या समझा अपने चित्त में क्या समझा।
आयु खोई पाप कमाया जन्म गया,
प्रभु के भजन बिन जन्म गया।
छोड़ सकल संसार के धंधे,
शरण आ अपने प्रभु के शरण आ।
धन दौलत दारा सुत भाई,
न तेरा इन में कोई सहाई, न तेरा० ॥

भजन २३२

कोई मन मेरे नूं आ समझावे सैय्यो लख २ मिनतां लावे।
मैं समझाऊं मन समझे नाहीं हर दम आन सतावे,
जी २ करदी हार गई पर मन नूं समझ न आवे।
मैं मोड़ं मन मुडदा नाहिं उठ २ जग नूं धावे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मैं पापी नूं प्यार करां मन बनके सिह डरावे।
वेद शास्त्र पढ़ां निश दिन मन फिर भी बदी करावे,
भूखी प्यासी सबर करां मन दर २ भीख मंगावे।
सीधे रस्ते चलदी नूं मन पुट्ठे राह चलावे,
मिनतां करदी हार गई मन गुतनी नूं हथ पावे।
दया धर्म दी मैं प्यासी मन खोटे पथ चलावे,
पुत्र २ आख रही मन पुत्रां वांगि न आवे।
शर्म दी मारी मैं मरदी मन खड़ी बाज़ार नचावे,
मैं डरदी अन्दर वड़दी मन धौलयां नूं दाग लगावे।
मैं बांदी हां उस दी जेड़ा मन नूं रस्से पावे,
इस पापी निर्लज पशू ते मेरी जिन्द छुड़ावे।

राग बिहाग] भजन २३३ [ताल ३

यह मन कब समझेगा बावरा,
कब समझेगा बावरा कब समझेगा बावरा ॥ १ ॥
अमृत सागर को तज मूर्ख पीवत है जल कौड़ा ॥ २ ॥
विषय आनन्द की मृग तृष्णा में फिरत इत उत दौड़ा ॥ ३ ॥
व्यभिचारी मति मानत नाहीं खावत है विष मौहरा ॥ ४ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अकार उकार मकार फूल की रस ले तू बन भौरा ॥ ५ ॥
'अमीचन्द' बेद न मानत नाहीं मुग्ध गंवार निगौड़ा ॥ ६ ॥

भजन २३४

मेरे मन ने मुझ को दीवाना किया है।
न सत्य धर्म्म की ओर जाने दिया है ॥
न जपने दिया है नाम उस का।
कि जिस ने यह अमोलक जन्म दिया है ॥
विषय भोग की ओर लेजा के उसने।
मुझे जगत स्वामी से बेमुख किया है ॥
जो मुक्ति के साधन थे सारे छुडा कर।
पत्थर पूजा में खूब लाया जिया है ॥
कभी देवी के आगे बकरा चढाकर।
मुझे जीव हत्या का भागी किया है ॥
भला बकरा देने से मुक्ति कहां हो।
कि दूजे को दुःख देके सुख किस लिया है ॥
यह मन मेरा किस रोज समझेगा मूर्ख।
जान बूझ के यह पशू बन रहा है ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कभी देख पर नारि भरमें है पापी ,
चोरी जारी को ही धर्म्म मन लिया है ॥
हाए हैफ़ सद हैफ़ जवानी पै 'चन्दा'
मनुषा जन्म को सुफल न किया है ॥

भजन २३५

कोई मोड़े दिलां दियां वागां नूं
मन समझाया समझे नाहीं—रात दिने उठ पैंदा राहीं ॥
ढूंढन साध समाधां नूं ।
यह मन मेरा कौआ कहिये बिना हंस क्यों मोती लैये ॥
मिल हंसां तन कागां नूं ॥

भजन २३६

मन मानत नाहीं ऐसा उत्पाती है ।
टेक—दिन रात करत यह घात बडा घाती है ।
यह काम सदा उलटे ही करवाता है ।
इन्द्रियों के वश हो विषयन में जाता है ॥१॥
अति ही चञ्चल स्थिर क्षण भर नहीं रहता है ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

नहीं अपनी बदी से जरा बाज़ आता है।
छोड़त नहीं मूरख अपनी बदकारी है।
दिन रात करत यह घात बड़ा घाती है॥ २॥
कभी फिरे बनाता यह अटा अटारी।
कभी रचता कूप तड़ाग बाग़ फुलवारी।
कभी काम विवश हो चाहत सुन्दर नारी।
कभी दीन हीन क्षण ही में होये भिखारी।
कभी युद्ध क्षेत्र में लड़े ठोक छाती है।
दिन राति करत यह घात बड़ा घाती है॥ ३॥
कभी भंग चरस पीवे शराब का प्याला
कभी नृत्य करे गावे होकर मतवाला
इस मन मूरख ने बहुतों का घर घाला।
बहुतों का जप तप ज्ञान भ्रष्ट कर डाला
इसके वश होकर सुधि बुद्ध सब जाती है।
दिन राति करत यह घात बड़ा घाती है॥ ४॥
जगदीश्वर इस दुःख से हमें छुड़ाओ।
हे मन! करूं हाथ ऐसा सामर्थ्य बढ़ाओ।
करि दूर विषय से अपनी ओर लगाओ।
मोहि जानि आपनी दास नाथ अपनाओ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दुःख हरो दास की तबीयत घबराती है ॥
दिन राति करत यह घात बड़ा घाती है ॥ ५ ॥

रागनी टोड़ी २३७ भजन [ताल झप

मेरे मन ने मुझ को बहुत ही सताया ।
कुसंगी किया और कुमार्ग चलाया ॥ १ ॥
मुझे झूठी बातों से बहका के इस ने ।
असत काम में वक्त मेरा गंवाया ॥ २ ॥
बढ़ाई रुचि खोटे कर्मों में मेरी ।
दिया मुझ को धोखा भ्रम में फंसाया ॥ ३ ॥
कराई कभी इस ने पत्थर की पूजा ।
कभी इस ने पीपल कभी बढ़ पुजाया ॥ ४ ॥
कभी मुक्ति पाने अमर नाथ पहुंचा ।
पहाड़ो की चोटी के ऊपर फिराया ॥ ५ ॥
कभी वामियों की लगावट से इसने ।
विषय भोग को मोक्षमार्ग बताया ॥ ६ ॥
नया रोज़ धोखा दिया मुझ को इस ने ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बिगाड़ा मेरा काम अपना बनाया ॥ ७ ॥

कराई कभी लिंग की इस ने पूजा ।
कभी देवी की प्रतिमा को पुजाया ॥ ८ ॥

वहां बकरा चढ़वाया कह कर इसी ने ।
मुझे जीव हत्या का भागी बनाया ॥ ९ ॥

अविद्या के जंगल में चक्कर दिलाये ।
हर एक काम उलटा ही मुझ से कराया ॥ १० ॥

भयानक सुनाई सदा इसने बातें ।
सदा इस ने झूठा मुझे डर दिखाया ॥ ११ ॥

न जाने दिया सीधे रस्ते पे मुझ को ।
मुझे विद्वानों में मूर्ख बनाया ॥ ११ ॥

किये इतने झगड़े बहुत ख़ाक छानी ।
मगर शान्ति को कहीं भी न पाया ॥ १३ ॥

गरज इसने धोखे से रक्खा भ्रम में ।
न करना था जो कुछ वो मुझ से कराया ॥ १४ ॥

न मानूंगा अब तो कभी मन का कहना ।
समझ को मेरी इसने बट्टा लगाया । १५ ।

खुलें ज्ञान चक्षु तो फिर हर जगह पर ।
जगत स्वामी का मैने प्रकाश पाया । १६ ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

नहीं कोई 'केवल' रहा मुझ को संशय।
मुझे वेद मार्ग है अब हाथ आया। १७।

राग भुपाली) २३८ भजन (३ ताल

मन मेरा मद माते हाथी की न्याईं,
वश में कदापी न आवे है पापी। १।
निर्मल नदी को करे है गंदीला,
उजले गंगा जल न न्हावे है पापी। २।
अपनी सफाई को आप ही बिगाड़े,
सिर पर धूल उडावे है पापी। ३।
पर धन पर हिंसा पर नारी ऊपर,
लोभक नयन चलावे है पापी। ४।
वट आदि वृक्षण की तोड़े है शाखा,
गन्ने में तृप्ति न पावे है पापी। ५।
बन्धन को तोड़े है अंकुश न माने है,
पापों के मार्ग में धावे है पापी। ७।

भजन २३९

मन मूर्ख को समझ न आवे वृथा अपनी उमर गंवावे,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

गंगा न्हाये माने मुक्ति जान बूझ कर गोते खावे।
कहां तक कहूं बुद्धि हीना जड़ वस्तु को सीस नवावे।
सब से बढ़ कर जो है चतुराई ईश्वर का अवतार बतावे।
पत्नी उन को का स्वांग बनाकर भरी सभा में नाच नचावे।
भ्रम में भूला फिरे भटकता जहां जावे वहां ठोकर खावे।
सारे जगत का जो है स्वामी उस से क्यों नहीं प्रीत लगावे।
मन को योग्य है अति मग्न हो गुण ईश्वर के प्रेम से गावे।
केवल तत्त्वज्ञान को समझे तब मन में कुछ शांति पावे।

॥ इत्युपदेश प्रकरणम् ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

॥ ओ३म् ॥

आर्यगायनम् ।

दूसरा खंड ।

स्त्रियों के हितार्थ गीत ।

(स्तुति और उपासना)

१ गीत

हर गुण गाईये माये, हर गुण गाईये माये ।
आनन्द पाइये नी सैय्यो, आनन्द पाइये नी माये ।
भक्ति करिये माये, भक्ति करिये माये ।
पार उतरिये नी सैय्यो, पार उतरिये नी माये
दीनाबन्धु माये, दीनाबन्धु माये ।
करुणा सिन्धु नी सैय्यो, करुणा सिन्धु नी माये ।
एहो स्वामी माये, एहो स्वामी माये ।
अन्तर्यामी नी सैय्यो, अन्तर्यामी नी माये ।
करनी करिये माये, करनी करिये माये ।
इस विध तरिये नी सैय्यो, इस विध तरिये नी माये ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कूटां चारे माये, कूटां चारे माये।
व्यापक सारे नी सैय्यो, व्यापक सारे नी माये।
शास्त्र कैंहदा माये, शास्त्र कैंहदा माये।
बेला बैंहदा नी सैय्यो, बेला बैंहदा नी माये।

---

२ गीत

टेक— हर गुण गाईये माये।
हर गुण गाईये भैना जो हमरा स्वामी नी सैय्यो।
मुक्ति दाता सब का वह अन्तर्यामी नी सैय्यो।
है वह प्रीतम प्यारा अन्तर्यामी नी सैय्यो।
तन मन धन से उस दी करो गुलामी नी सैय्यो।
एक दिन चलना होसी यह दुनियां फानी नी सैय्यो।
उस दिन भैना भाई लोग तमामी नी सैय्यो।
धर्म कमाईये जग में जो होवे हामी नी सैय्यो।
आज्ञा प्रभु दी पालो कैंहदी 'रामा' नी सैय्यो।

---

३ गीत

जुत्ती नारोवाल दी वे सतारियां जड़त जड़ी।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

(इस गीत की आवाज पर निम्न लिखित)

भक्ति मेरे राम दी सर्व सुखां दे नाल भरी ।
वे रामा भक्ति होवे तां एहो जही ॥ १ ॥
कर भक्ति खोटे सङ्ग में जो कोई बैठेगा एक घड़ी एक घड़ी
वे रामा उस दी आयु व्यर्थ गई ॥ २ ॥
ऊंची भक्ति राम दी जिस दे हृदय दे वीच जमी वीच जमी
वे रामा उस नूं आंउदी है शान्ति ठण्डी ॥ ३ ॥
सारे मुनि जन गाऊंदे उसदी महिमा दा अन्त नहीं अन्त नहीं
वे रामा साडे जिवड़े नूं समझ नहीं ॥ ४ ॥
की कीता की कर रिहा साड़े करने दी एहो घड़ी एहो घड़ी
वे रामा सानूं इतनी भी खबर नहीं ॥ ५ ॥
मूर्खता बिच पड़ रिहा धर्म करने दी चाह नहीं चाह नहीं ।
वे रामा साड़ी आयु व्यर्थ गई ॥
जीवड़े नूं नहीं सुझदा कर्म करने दी जांदी घड़ी जांदी घड़ी ।
वे रामा साडे मूर्खता मगर पई ॥ ७ ॥
जो बीते दिन होगये ओन्हां गयां दा सोच नहीं सोच नहीं
वे रामा सानूं अग्गे नूं समझ देवी ॥ ८ ॥
खोटे कर्म छुड़ाय के चंगे करने दी चाह देवीं चाह देवीं ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वे रामा साडी मूर्खता दूर करीं ॥ ९ ॥
हायनी अकले मेरिये नी तूं प्रभु जी से बेमुख रही बेमुखरही
नी मूइये नी तूं तांहें तां दुखी रही ॥ १० ॥
जे कर्म करें तूं चंगड़े तां तूं सुखां दे नाल भरी नाल भरी
नी मूइये नी तूं प्रभु जी दी शरण पवीं ॥ ११ ॥
भक्ति करदे जो जन ओन्हां मुक्ति दी आश लगी आशलगी
वे रामा सानूं भक्ति दे योग्य करीं ॥ १२ ॥
'भगवती' हथ जोड़दी सची विद्या दा दान देवीं दान देवीं
वे रामा साडी अविद्या नूं दूर करीं ॥ १३ ॥

३ गीत

घड़ सुनियारिया मेरे हथ्थां दा चूड़ा वे । रखनी हैं डबुए बिच मैं एनी मेरियांए केसर भिन्नियां भेढियांए ।

(इस गीत की आवाज़ पर निम्नलिखित)

दयानन्द सरस्वती स्वामी ने भारत का दुःख किया हरन,
वेद भाष्य कर धर्म्म और कर्म्म प्रीति किया यत्न।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

"नवलसिंह" कहे इसी यत्न में तन मन धन करदो अर्पण,
राम लक्ष्मण कहां गये भरत कहां गये शत्रुघ्न।

११२ गीत

एक दिन भारत यह, सब देशों के सिरका ताज था।
जिस जमाने में यहां पर, क्षत्रियों का राज था॥

टेक—भारत को सूना छोड़ के वे कहां गये महाराजे॥

गये राम लखन कहां शूरवीर बलधारी। जिन के बल से पृथ्वी कांपे थी सारी॥ गये कहां युधिष्टर भीम भीष्म तप धारी। कहां परशुराम अर्जुन से शस्त्र खिलाड़ी। कहां करण गये अभिमानी, कहां गुरु गोविन्द लासानी॥ परतापसिंह बलवानी, जिन की विख्यात कहानी॥ किये काम उन्होंने बड़े, न मन में डरे युद्ध में लड़े, नहीं मुंह मोड़ के। रण अन्दर दुन्दम गाजे॥ (वे कहां० १) कहां गये वशिष्ट और व्यास से विद्याधर। कहां कणादि गौतम कपिल जैमिनी मुनिवर। कहां पातञ्जलि से ऋषि और पराशर, जिन की कृपा से विद्या फैली घर घर॥ कहां गये पाणिनी भाई। जिन रच दई अष्टध्यायी॥ कहां गये कृष्ण

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सुखदाई । जो वैदिक धर्म अनुयाई ॥ गये नारद ब्रह्मा कहां, करूं क्या बयां, रहे नहीं यहां, वे नाता तोड़ के जाकर परलोक बिराजे । (वे कहां० २) । कहां हरिश्चन्द्र से राव गये सत्यवादी । दिये पुत्र स्त्री त्याग और राज्यादि । कहा गये दशरथ और जनक धर्म अनुयायी । नहीं टरे बचन से प्यारी जान गँवाई । कहां शिव दधीच राजा नल कहां मोरध्वज विक्रम शल । कहां दलीप अज रघु निर्मल । रहे बने धर्म में निश्चय । अब क्या तदबीर बनाये, कहां से लायें, मुफ्त चिल्लायें, भरे सिर फोड़कर । सब होगये काज अकाजे (वे कहां० २) क्षत्री कुल में होगए वेश्या गामी । हो डोर धर्म को छोड़ पाप की थामी ॥ ब्राह्मण कुल जो ऋषि मुनियों में नामी । वे होगये विद्या हीन और बहु वामी । सन्ध्या गुरु मन्त्र बिसारा । लगे आग्नि होत्र नहीं प्यारा । यों भारत दीन पुकारा कुल डूबा सभी हकारा ॥ अब भी सोचो मत हीन, बनो प्रवीन, "मुरारी" दीन, कहे कर जोड़के वेदों के बजाओ बाजे । (वे कहां गये महाराजे०) ॥ ४ ॥

इति भारत दशा

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अवैदिक मत समीक्षा

११३ भजन

टेक—ढूंडा सारे शास्त्र पुराण में पर हिन्दु कहीं न पाया
वेद मनु और छौ शास्त्र में, पता मिला नहीं कोश मात्र में
हिन्दु पद नहीं (१) तंत्र में, यह सत् वचन सुनाया। पद० १
लुग़त फारसी में ग़यास है, उस में हिन्दु लिखा खास है।
देखो खोलो जिस के पास है, काफ़िर-चोर बताया। पद० २
जब संकल्प पढ़ो भाई, शब्द आर्य देव सुनाई। फिर क्या छाई मूर्खताई, हिन्दु वहां नहीं आया। पद० ३
यह है पक्ष यवनों का सारा, हिन्दु रख दिया नाम हमारा
कहे 'मुरारी' मित्र तुम्हारा, नया छंद यह गाया। पद० ४

हीनं च दूषयत्येव हिन्दुरित्युच्यते प्रिय।

मेरुतन्त्र २३ प्रका०

तथा—हिन्दु धर्म विलोप्तारो भविनश्चक्र वर्तिनः।

इत्यादि 'मेरुतन्त्र' में 'हिन्दु' शब्द तो यवन समकालीन ही है॥ परसराम शर्मा

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन ११४

महाभारत के बाद पोप ने, ऐसा जाल बिछाया है।
मिथ्या कथा सुना लोगों को, सारा देश फंसाया है॥
शीघ्रबोध की शिक्षा देकर, बाल विवाह प्रचार किया।
बल वीर्य को हनन कराके, विद्या हीन बनाय दिया॥
रोगों की माला पहिना कर, अपना काम बनाय किया।
वर तो भेंट हुआ चचक की, कन्या को रांड बिठाय दिया।
कात पीस रो रो के कन्या, सारा जन्म बिताया है।
मिथ्या कथा सुना लोगों को, सारा देश फंसाया है॥१॥
फैलाया व्यभिचार देश में, दशम स्कन्ध सुना करके।
सोलह सहस्र गोपियों से किया, कृष्ण ने रहस नचा करके।
ललिता और विशाखा की, को कथा नैन मटका करके॥
धर्मभ्रष्ट कर दिये हज़ारों, वृथा गपौड़े गा करके।
करे अगर सन्देह कथा में, उसको पतित बनाया है।
मिथ्या कथा सुना लोगों को, सारा देश फंसाया है॥२॥
किसी के कोई मेरे पोप जी, गऊ दुधार मंगाते हैं।
वैतरनी के पार करन का, ठेका आप लिखाते हैं।
महा ब्राह्मण बन ये कोई, मुर्दों का माल उड़ाते हैं।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मुंह मांगा धन इन्हें न दें तो, प्रेत योनि में जाते हैं ॥
झूठा डर दिखाया लोगों को, धन ले कर धमकाया है ।
मिथ्या कथा सुना लोगों को, सारा मुल्क फंसाया है ॥३॥
पोप जाल को काट दयानन्द, वेद भाष्य कर दिखा दिया ।
विद्या दिनकर उदय हुवा, माया का अन्धेरा भगा दिया ॥
सोता था भारत निद्रा में, सब को ऋषि ने जगा दिया ।
मन माना नहीं खेल पोप की, सच्चा मार्ग सुझा दिया ॥
कहें 'पुलन्दर' हे जगदीश्वर, यह सब तेरी दाया है ।
मिथ्या कथा सुना लोगों को, सारा मुल्क फंसाया है ॥४॥

भजन १२५

टेक—जो है सब जग की माता, कैसे बच्चों को खावे ।
जिस को दुर्गा कहें भवानी, देवी चामुंडा कर मानी । हरे०
नहीं उसे कुछ आए ग्लानी, जरा नहीं शरमाते ।
डाइन को तर्स नहीं आता । जो है सब०
मांगे भेट बकरा और भैंसा, यह अपराध किया अब कैसा । हरे०
माता को नहीं चाहिये ऐसा, गला जो बोह कटवावे ।
वह खड़ा खड़ा डकराता । जो है०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वाम मार्ग का है यह झंडा, मार चत्री खाते सदा । हरे०
पूजा मूर्खन का अब डंडा, क्यों न धर्म अब जावे ।
औरों के मास को खाता । जो है०
हिंसा पाप लिखा अति भारी, इस से बचो सभी नर नारी ।
मनुष्य वही है जो कहे "मुरारी" मन में दया जो लावे ।
प्राणी को नहीं सताता, जो है सब जग की माता ॥

=—

११६ भजन

दोहा

टके सेर मुक्ति बिके, लो इसे ख़रीद,
रजिस्टरी करवाए लो, दे है पोप रसीद ॥

टेक—कुछ काम ने जप तप ज्ञान से लेलो सस्ती मुक्ति
जगन्नाथ जाने से मुक्ति, जूठा भात खाने से मुक्ति ।
अनन्त बंधवाने से मुक्ति, कहीं गंगा असनान से ।
क्या सहल निकाली मुक्ति, लेलो सस्ती है०
एकादशी रहने से मुक्ति, मरा मरा कहने से मुक्ति
पिण्डदान करने से मुक्ति, कभी चरणामृतपान से ।
कहीं है कभी नहीं रुकी, लेलो सस्ती है०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

काशी में मरने से मुक्ति, चार धाम करने से मुक्ति
ईश्वर के लड़ने से मुक्ति, जो हे सिद्ध प्रमाण है
उसको नहीं करते भक्ति, ले लो सस्ती है०
रुद्राक्ष और तिलक छाप से, दशम भागवत के प्रताप से
कभी होवे बम् बम् के जाप से, और पूजन पाषाण से
'शर्म्मा' सुन तबीयत फुकनी, लेलो सस्ती है मुक्ति॥

---

११७. भजन

टेक—ज्योतिष का जाल फैलाया लोगों ने।
ज्योतिष थी गणित की विद्या उसे करके फलित अविद्या।
भ्रम में दीना डाल, फैलाया०
भूगोल खगोल न जाने, नहीं अर्थ ग्रन्थ पहचाने।
लिखा है क्या २ हाल, फैलाया०
इक जन्म पत्र लिख लाए, नव ग्रहों के हाल सुनाए।
जन्म कुण्डली निकाल, फैलाया०
कहीं शनि की दश्या आई, कहीं आषाढ़ मिति बतलाई।
कहीं अन्न पड़ा बवाल, फैलाया०
दशा मारकेश की आई, है राहु केतु दुःख दाई।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

शाईद हो जावे काल, फैलाया०

मृत्यु से बचना चाहो, मृत्युञ्जा जाप कराओ।

ग्रह देवेंगे टाल, फैलाया०

मंगल बुद्ध दान बताके, चावल घृत गेंहू मंगाके।

और लो कपड़ा लाल, फैलाया०

चांदी के चन्द्र बनवाओ, सोने का सूर्य्य ले आओ।

दान करो पीली दाल, फैलाया०

नहीं सूर्य्य सिद्धान्त पढ़े हैं, सब अपनी २ घड़े हैं।

न जाने ग्रहों की चाल, फैलाया०

कहे 'वासदेव' यह झूठे, ज्योतिष का नाम ले लूटें।

ठगा धोखा दे माल। फैलाया ज्योतिष का जाल॥

११८ भजन

टेक—मन में छाया अभिमान क्या, बन बैठा ब्रह्म अनाड़ी

अहम् ब्रह्म जब कहने लगा कर्म धर्म सब करना त्याग, हरे फूला २ फिर अभागा, हुई बुरी बीमारी। बन बैठा०

जप तप की नहीं इन्हें जरूरत यही ब्रह्म की बनगये मूरत, हरे अच्छी मोक्षकी सूझी सुरत, अन्त होयगी ख्वारी। बन बैठा

झूठा सारा जगत बतावे, ब्रह्म भ्रम से जीव कहावे, हरे०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अब कैसें छुटकारा पावे, फंसा पाप में भागी। और बैठा०
अब भी ज़रा चेत में ओवो, प्रभु जी के सेवक कहलाओ, हरे
मत अपने को ब्रह्म बताओ, यह अब कहे "मुरारी"। बन
बैठा ब्रह्म अनाड़ी ॥

---

११९ भजन

टेक—कैसा उलटा यह यारो सनातन धर्म्म।

नहीं वेद विद्या के पढ़ने से काम,
गपौड़े सुनाना सनातन धर्म्म ॥
कहें हमतो पैदा हुए खास मुख से,
यूंही ब्राह्मण बन जाना सनातन धर्म्म ॥
ले लोटे साटे को कूचे बकूचे,
कुत्ते भुकाना सनातन धर्म्म ॥
कैसी है सन्ध्या कैसी गायत्री,
टल्ली बजाना सनातन धर्म्म ॥
हिलाते हैं घंटा और करते हैं टंटा,
पूजारी बन जाना सनातन धर्म्म ॥
पूजा की करता है पत्थर सफाई,
बहयन नहलाना सनातन धर्म्म ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

आर्य्य समाजों को बुरा बताना,
पर रण्डी नचाना सनातन धर्म्म ॥
नियोग को समझें हतक आबरू,
हमल का गिराना सनातन धर्म्म ॥

१२० भजन

कहैं जो कुछ आर्य्य सुनों प्यारे भाइयो ।
है वेदों पे चलना सनातन धर्म्म ॥
मत करो जड़ों की सेवा, कर पूर्ण ब्रह्म उपासना ।
जड़ से जड़ होजावे बुद्धि, ब्रह्म ध्यान बिन हो ना शुद्धि ।
प्रतिमा पूजे वेद विरुद्धि, जिस से कोई आस ना ।
क्यों चढ़ें मिठाई मेवा ॥ १ ॥ सुने न सूझे हिले न चाले ।
तिस पर पुष्प और जल डाले । पत्थर सो किस के दुखटाले ।
अपना मेटे त्रास ना । सुख कैसे दे दुःख देवा ॥ २ ॥
पति की सेवा तज के नारी, मन्दिरों में जावे मति मारी ।
तर्के कुदृष्टी तिन्हें पुजारी, तिन का कुछ विश्वास ना ।
हैं मस्त रेड़के लेवा ॥ ३ ॥ परमेश्वर तो रम रहा तन में
फिरे भरमते परदेशन में । कह 'वीसा' क्यों भटके बन में
घट का खोज कयास ना । कस्तूरी मृगका नेवा ॥४॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१२१ भजन

टेक—मिल सज्जन सभी विचारो।
क्या अजब पंथ है जैनी॥
परमेश्वर नहीं जगत बनावे।
आप ही कर्मों सें बन जावे। हरे।
नहीं आदि सृष्टि की आवे।
नहीं मूल नहीं टहनी॥ क्या अजब०।
इन के मनुष्य बने परमेश्वर।
बैठे फटक सिला पर जाकर। हरे।
चौबीस हुए इकट्ठे वहां पर।
क्या कुछ हुई कुचैनी। क्या अजब०।
हैं जड़ कर्म ज्ञान नहीं जिन को।
खुद ही बने बनावें किन को। हरे।
जो जग का कर्ता कहे उन को।
रखे बुद्ध नहीं पैनी॥ क्या अजब०।
सौभाविक गुण जीवे रखे जो।
दूर नहीं फिर ईश इन बने। हरे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जो नर "शर्मा" मानो उस को।
पड़े आपदा सहनी ॥ क्या अजब०।

---

१२२ भजन

टेक—मत चला नास्तिक जैनी, जो विमुख रहे करतार से। जीव और संसार को जाने, करता धरता ना कोई माने। अपना वल पौरुष पहचाने। संसारी व्यवहार से इन की लीला क्या कहनी ॥१॥ स्वभाव से उत्पत्ति मानते। प्रलय को भी ना पिछानते। आवागवन को नहीं जानते प्रीति करें नरनार से। जड़ छोड़ सींचते टहनी ॥ २॥ मूर्ति पूजा चली इन्हीं से जगत् की विद्या रली इन्हीं से। हुई कौन सी भली इन्हीं से धर्म उठा संसार से। परजा में हुई कुचैनी ॥ ३ ॥ पति परमेश्वर को विसरा कर। बुतपरस्त भये धर्म निशाकर। 'घीसा' मगन ईश गुण गाकर। भजन कह सुखे प्यारे से। भक्ति कर स्वर्ग निशेनो ॥४॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१२२ भजन

बिन वेद पता नहीं पाया मैं प्रीतम प्यारे लाल का

पूछा जाके मैंने ब्राह्मण से, बोला मिलेगा शिव पूजन से

पूजा करी मैंने लाख यतन से, नाश किया धन माल का

जब शिव मन्दिर बनवाया, सोने का कलश चढ़ाया।

पर कुछ भी हाथ न आया, पर प्रीतम प्यारे लालका ॥१॥

फिर जो मिला यादव मतवाला, उसने कहा जपले नंदलाला

वही करे तेरी प्रतिपाला, भय मिट जावे काल का ॥

मैंने वैसा ही अमल कमाया, मंदिर में टाल बजाया।

बृन्दावन चक्र लगाया, पर प्रीतम प्यारे लालका० ॥२॥

योगी बैरागी सब मैंने छाने, दादुपन्थिये और मसताने।

जैनी कुरानी किरानी पहचाने, महरम हुआ सब हालका।

अब जगन्नाथ चित चाया, हंस जूठा भात वहां खाया।

फिर आगे कदम बढ़ाया, पर प्रीतम प्यारे लालका० ॥३॥

फिर मैं द्वारका आया प्यारे बदरीनाथ कनखल हरिद्वारे।

तन मल मल गोते मारे, न मिला जवाब सवाल का।

तब खाली लौट घर आया, फिर भी मेरा मन घबराया।

तब चक्र अकल ने खाया, पर प्रीतम प्यारे लाल का० ॥ ६॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

फिर जा पूछे मुल्लां काज़ी, कहते हज्ज में अल्ला राज़ी
पढ़े नमाज़ जो बने नमाज़ी, खतरह नहीं ज़वाल का
हक़ तआला ने फरमाया, तब उठ मसजद को धाया
कहां जाके सजदह बजाया, पर प्रीतम प्यारे लाल का० ॥५॥
तब भी मुझे शांति नहीं आई फिर मिलगया मुझ को ईसाई
उसने इक कहानी सुनाई, किस्सा मसीह के हालका
मेरे मन को और भटकाया, गिरजे लेना बतलाया
करक वाज़ समझाया, पर प्रीतम प्यारे लाल का० ॥ ६ ॥
सारा जहां मैंने ढूंडा भाला, ढूंढभाल होगया मतवाला
तत्व पतों का सभी निकाला, बंधा पहाड़ खयाल का
जो दिल में किसी के आया, वही लिखाके ग्रंथ बनाया
पर मुझको नहीं कुछ भाया, पर प्रीतम प्यारे लाल का० ॥७॥
मिला मुझे तब इक सन्यासी, ब्राह्मण वंश दक्षिण का वासी
बात मेरी मत जानो हांसी, तोड़ बंधा पढ़े जंजाल का
संध्या करना सिखलाया, वेदों का ज्ञान बतलाया
मुक्ति का राह दिखलाया, पर प्रीतम प्यारे लालका० ॥ ८ ॥
सुनों बात मेरी बुद्धवानो, यह महाऋषि दयानन्द जानो
कहे सिर्फ इक ईश्वर मानो, मालक शाहों कंगाल का

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कहे 'खन्ना' यह उसकी माया, सारा ब्रह्माण्ड रचाया
घट २ में आप समाया, पर प्रीतम प्यारे लाल का० ।९।

१२४ भजन

हम से धर्म्म का राज छुपाया नहीं जाता।
जो सच है उसे झूठ बताया नहीं जाता।
गिरराज जी के किस्से का आता नहीं यकीन।
उंगली पे इक पाहड़ उठाया नहीं जाता।
मर्यम के पेट से हुआ पैदा यसूमसीह।
हम से खुदा का वेटा बताया नहीं जाता।
लिखा कुरान में क़तल करो काफ़रों को तुम।
वैहशीपने पे दिल को जमाया नहीं जाता।
राज़क़ का क़र्ज लेने का इलज़ाम लगा कर।
इज्ज़त को उस की हमसे घटाया नहीं जाता।
अपने शिक़म के वास्ते ग़ैरों की रूह को।
बिस्मअल्ला कर के हम से सताया नहीं जाता।
इदुलजहा के रोज़ उमीदे सवाब पर।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बकरों के सिर को तन से कटाया नहीं जाता ।
धोखे में ऐसे लोगों के हरगिज़ न आईयो ।
वैदिक धर्म्म को 'शर्म्मा' गंवाया नहीं जाता ।

१२५ भजन

क्या अजब दीन इसलाम है, तुम ज़रा गौर फर्माना ।
बुतपरस्त औरों को कहते, त्वाफ़ खुद काबे का देते । हरे ।
बोसा संग असवद का लेते, इसका क्या अब नाम है ॥
हजरत की कबर पर जाना ॥ तुम जरा०
कुनसे बनगई दुनियां सारी, क्या फिलास्फ़ी इनकी भारी । हरे
किस पे हुआ हुकुम यह जारी, किसने सुना कलाम है ॥
हो अकल तो अब बतलाना ॥ तुम जरा०
हाजिर नाजिर एक खुदा है, यही कुरान के बीच लिखा है । हरे
फिर किस लिये मेरान हुआ है, सोचो क्या अंजाम है ॥
यह कैसा किया बहाना ॥ तुम जरा०
हुकुम कुरान में है जहाद का, यह झण्डा है कुल फसाद का ।
कहे 'मुरारि' खुदा याद का, उस में कुछ नहीं काम है ॥
समझो जो मर्द हो दाना । तुम जरा गौर फर्माना ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१२६ भजन

टेक—क्यों खुदा कसम खाता है तुम सुनों मुहम्मदी भाई।
देखो उन्नीस ग्यारह सूराए कसम दस आइत प्यारा,
जिस में तुम को साफ़ ईशारह क़ुरान बतलाता है।
वह झूठी कसम जिन खाई, तुम सुनों० ॥
औरों को वह करे नसीहत, अपने तांई चाहे फ़ज़ीहत,
कैसी उस का है बदनीयत, तुम को बहकाता है।
क्या है पूरा अन्याई तुम सुनों० ॥
कभी तूर घोड़े कुरान की, कभी हवा अर्बी जबान की,
कभी कसम वह आसमान की, खाकर समझाता है।
क्या वैहशत दिल में छाई, तुम सुनो० ॥
कसम कयामत दरया घर की, छत सतारे पैग़म्बर की,
कसम 'मुर्गी' रात फ़जर की, गफलत समझाता है।
दुनियां मैंने बनाई, तुम सुनों० ॥

---

१२७ भजन

स्वर—प्रभु प्रीतम जिसने बिसारा।

आकर हमको कोई बतावे, ईसा ईश्वर कैसे कहलावे ॥ टेक

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ईश्वर जन्म मरण से न्यारा ।
ईसा जीव था मरने हारा ॥
मर करके परलोक सिधारा ।
ईश्वर अविनाशी रूप कहलावे ॥ १ ॥
लोग कहते हैं ईश्वर का जाया ।
ईसा जन्म के दुनियां में आया ॥
बिना बीजके कैसे उपाया ।
जैसे सब जग जन्म को पावे ॥ २ ॥
कहते मर्यम के पेट में आया ।
फिर वह रूह उकदस कहलाया ॥
बिना संगम कैसे समाया ।
मर्यम कुंवारी कन्या कहलावे ॥ ३ ॥
स्त्री यूसफ की थी वह भाई ।
उसके साथ थी उसकी सगाई ॥
देखो कैसी कहानी बनाई ।
जिसका मुंह सिर नज़र न आवे ॥ ४ ॥
ईश्वर का यह नियम है भाई ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

माता पिता विन जन्म न पई ॥

खोलो आंख तो देवे दिखाई ,

बिना ज्ञान के समझ न आवे ॥ ५ ॥

क्यों तुम ईश्वर को दोष लगावो ।

मर्यम के संग मेल बतावो ॥

कंवारी कन्या को पेट बताओ ।

कहते हुए भी लाज न आवे ॥ ६ ॥

क्या था एको ही ईश्वर का जाया ।

वह भी दुनियां में रहने न पाया ॥

यहूदी लोगों ने मार मुकाया ।

रो २ सूली पै हाल बनावें ॥ ७ ॥

बेटा ईश्वर का क्यों था रोता ।

ऊपर सूली के क्यों जान अपनी खोता ॥

छुड़ाता ईश्वर जो बेटा वह होता ।

सूली पर चढ़ा अफसोस खावे ॥ ८ ॥

सुनो भाई क्यों मूढ़ता छाई ।

बेटे ईश्वर के हैं सारे भाई ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

न थी ईश्वर की कोई लुगाई।
जिस से ईसा जन्म को पावे ॥ ९ ॥
जो कोई ईश्वर के गुण गावे।
दुःख दूर हो सुख उठावे ॥
फिर वह मौत से न घबरावे।
करे योग तो मुक्ति को पावे ॥१०॥
जो कोई गुण ईश्वर के न गाता।
आचरण अपने न शुद्ध बनाता।
नित्य पापों में चित्त को लगाता,
लोक परलोक में दुःख उठावे ॥११॥
दुष्ट कर्मों का फल दुःख होता,
करत पाप वही जान रोता।
पछितावे जो धर्म को खोता।
ईसा मसीह न उस को छुड़ावे ॥१२॥
भरोसे ईसा के पाप कमावो।
सारी आयु ही दुःख उठावो।
तुम तो शरण प्रभु की आवो।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वही सब को मुक्ति दिलावे ॥ १३ ।

मोजज़े ईसा के तुम जो बतावो,
पुराणों ऊपर क्यों न निश्चय लावो ।
सत्य अपने वह झूठ बतावो,
दोनों झूठे यह आर्य्य बतावे ॥ १४ ॥

अंधा ईश्वर ने जिस को बनाया,
समाखा ईसा ने कैसा बनाया ।
क्या वह ईश्वर का बाप कहाया,
लूला लात कभी नहीं पावे ॥ १५ ॥

आओ भाई क्यों जन्म गंवाओ,
आर्य बनो और धर्म कमाओ ।
वेद पढ़ो और सुनो सुनावो,
धर्म करने से नेक कहावो ॥ १६ ॥

करे नेकी सो आर्य कहाया,
यही वेदों ने है फरमाया ।
छोड़ा वेदों को दुःख उठाया,
"धर्मदेव" यह सत्य बतावे ॥ १७ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१२८ भजन

मुर्दा खाने वालों को उपदेश ।

दोहा—बकरी खाती पात है, ताकी काढ़ी खाल ।
जो बकरी को खा गये, तिन के कौन हवाल ॥

टेक—नर दोज़ख़ को जो जाते हैं, बे खता जीव को मार के । और के गल पर छुरी धरें हैं, नहीं संग दिल दया करे हैं । पापी कुष्ठी होय मरें हैं । दिल से रहम बिसार के । गल अपना कटवाते हैं ॥१॥ जो गल कटकर बहिशत जाना, कुटुम्ब को भी पहुचाना, और खुदा को दोष लगाना । उसका नाम पुकार के । दुःख देख न घबराते हैं ॥२॥ घास खाएं सो गल कटवावें । मांस खाय सो किस घर जावें । समझे ना बहु विध समझावें । खुश होते सिर तार के । करनी का फल पाते हैं ॥३॥ बढ़ जाते हैं रोग बदन में, ना कछु ताकत बढ़ती तन में, हे ईश्वर ले ज्ञान उरन मैं, दरशो ज्ञान विचार के, जन 'घीसा' यश गाते हैं ॥४॥

इति मतसमीक्षा

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

स्वामी दयानन्द सरस्वती

गुण वर्णन

१२१ भजन

नाम प्यारा है स्वामी तुम्हारा ॥ १ ॥

प्यारी दया अरु आनन्द भी प्यारा,

दोनों मिला के दयानन्द प्यारा ॥ २ ॥

जगकी भलाई प्रतिज्ञा तुम्हारी,

सोई किया जो मन में विचारा ॥ ३ ॥

पत्थर की पूजा जड़ से उखाड़ो ।

चेतन का सबको दिखाया नज़ारा ॥ ४ ॥

आर्य्य समाजों के नियम बनाये ।

विद्या का सबको दीन्हा भण्डारा ॥ ५ ॥

जैनी पुरानी किरानी कुरानी

मुक्ति का सब को दिखाय दिया द्वारा ॥ ६ ॥

'शीतलप्रसाद' हुआ ऐसा प्रतापी ।

वेदों का जग में बजाया नक्कारा ॥ ७ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भजन १३०

ऋषि ही इन्सान बना गया है।
कि देश भक्ति सिखा गया है॥
अधर्म्म से दिल हटा गया है।
वह वेद विद्या पढ़ा गया है॥
रयाज भारत में गुल खिला था।
वह तुहफा कुदरत से इक मिला था।
खजां के झोंके बुरा हो तेरा,
तू आके उसको सुखा गया है।
ऋषि के प्रचार सोलाने,
हम को कैसा दिया संभाला।
तिमिर के अन्दर किया उजाला,
विचित्र दीपक जला गया है।
श्राद्ध के मानी हम थे भूले,
जो यज्ञ का अर्थ हम थे चूके।
जो भाष्य करने के थे तरीके,
वह स्वामी हम को बता गया है।
ऋषि थां उन्नीसवीं सदी, का

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बजाया हर सिम्त जिस ने डंका।
बताओ है और कौन ऐसा,
जो ऐसी हल चल मचा गया है।
वह जैमिनी जी पै मरने वाला,
कपिल का सत्कार करने वाला।
वह धर्म युद्ध में न डरने वाला,
'फिदा' करशमा दिखा गया है।

—— ——

१३१ भजन

क्या किसे ख़बर थी स्वामी दयानन्द आन जगावेगा,
कर वेदों का प्रचार हमें उपदेश सुनावेगा।
मत भूल गये थे किरानी, अभिमानी हुए थे कुरानी,
यह क्या जाने थे पुरानी, वेदों का भाष्य हो जावेगा।
विद्या को छोड़ बैठे थे, यम नियम तोड़ बैठे थे,
मुंह सत से मोड़ बैठे थे, जैसे कोई नहीं समझाएगा।
मत फैल गये भारत में, ताकत न रही अत सत में,
फंस गये अपस्वार्थ में, कौन अब पढ़ पढ़ावेगा।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पढ़ विद्या दयानन्द आए, वेदों के डंके बजाए,
खुश उदय भानु हो जावे, लोग सब जगता जावेगा

---

१३२ भजन

टेक—चलो कलिकाल सत्य अब आया, चलो कलिकाल।
कली-कोप हुआ ईश्वर अति भारी पोप जाल जब छाया।
बड़ा अनुग्रह हुआ भारत पर दयानन्द तब था उपाया॥ चलो०
भारत की दुर्दशा देख कर दयानन्द फिर पछताया।
विद्या का प्रचार किया और सब के मनका भ्रम मिटाया। चलो०
नगर २ में फिर भारत के बहुता काल गंवाया।
देश २ में चर्चा हुई परम धर्म दयानन्द चलाया। चलो०
अन्तकाल को सब के मन में आदि मता यह भाया।
ग्रहण किया विद्वानों ने पोप पाखण्ड मन से भुलाया। चलो०
सत ज्ञान वेदों का देखकर सब ने सीस निवाया।
'नवलसिंह' धन्य स्वामी जी को भूले हुओं को राह बतलाया। च०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१३३ भजन

भारत तेरे भाग खुल गये, भाग खुल गये आया दयानंद स्वामी

भारत तेरे०

कि धन भाग भारत दे,

भारत सुत्तियां नूं आन जगाया । भारत०

दुखां दे विच मरदे सां, मरदे सां ।

स्वामी नी आन बचाया । भारत०

कि उस ब्रह्मचारी ने, चारी ने,

वेदां दा नाद बजाया । भारत०

वेद चारे छुप गये सी,

स्वामी ने आन छुडाये । भारत०

वेदां नूं कोई न पढ़दा सी, पढ़दा सी ।

स्वामी ने आन पढ़ाए । भारत०

ब्रह्मचर्य नित करना, नित करना,

स्वामी ने आन बताया । भारत०

चरस भंग पींदे सी,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

स्वामी ने आन छुड़ाए । भारत०

पत्थर पूजा कर कर के,

विरथा उमर गंवावे । भारत०

लिगां दी पूजा कर दे सां, कर दे सां,

निराकार आन पुजाया । भारत०

गायत्री दा जप करना, जप करना,

स्वामी जी ने आन सिखाया । भारत०

कि सन्ध्या नित करना, नित करना,

द्विजां दा धर्म्म बताया । भारत०

हवन कोई न करदा सी, करदा सी,

स्वामी जी न आन कराया । भारत०

बाल विवाह करदे सां, करद सां

स्वामी जी ने बन्द कराया । भारत तेरे०

गौआं सी दर २ रोंदियां, रोंदियां ।

कोई साडे प्राण बचाये । भारत०

कि विधवां दी आहो जारी नैं, जारी ने,

बेड़ा गर्क कराया । भारत तेरे०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

यतीमां दी न सार लैंदे सां, सार लैंदे सां,

मरदे सी भुक्खां दे मारे। भारत॰

स्वामी जी नूं दया वे आई, दया वे आई,

सब नूं धीरज बन्धाया। भारत॰

वेदां दा प्रकाश करके, भाष करके,

पोपं पाखण्ड उड़ाए। भारत॰

भाई साडे बिछड़े सी, विछड़े सी,

स्वामी जी ने आन मिलाए। भारत॰

शुद्धि द्वार उस खोलया, उस खोलया,

बिछड़े आन मिलाए। भारत तेरे॰

समाजां बना वे दितियां, बना वे दितियां,

लेखराम जेहे वीर बनाए। भारत॰

गुरुकुल आन वे बने, आन वे बने,

सब सन्तान पढ़ाओ। भारत॰

कपिल और गौतम जी, गौतम जी,

फिर तो आन बनाए। भारत॰

दया ओन्हू प्यारी सी, प्यारी सी,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

आनन्द फिर क्यों न आए। भारत०

दयानन्द स्वामी दे, स्वामी दे,

दुनियां कुल यश गावे। भारत०

"आर्य्य" दल यत्न करो, यत्न करो,

दुनियां सुधर दी जावे। भारत०

भजन १३४

व०। है वह गुल जो देश भारत को अज़सरे नौखिला गया है

ख़जां का मौसिमं मिटाके यारो बहार हरसु खिला गया है।

ख़ज़ाना अपना जो लुट चुका था।

जो अपना विसां ही गुम गया था।

जो अपनी पूंजी ही छिन चुकी थी।

हमारी हमको दिला गया है॥

वह गुम गई थी जो वेद विद्या।

वह मिट चुकी थी जो मातृ भाषा॥

वह उड़ गये थे जो वर्णाश्रम।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दो बारा उन को बेठा गया है।

वह बुतपरस्ती की गुदड़ी।
जिस में हज़ारों मत के लगे थे पैवन्द।

उतार कर तन से वह दियत का।
वह जामा हमको पहना गया है।

मिसाल मेंडक कमाल खुश थे।
शरीर कीचड़ में सुन रहा था।

बदन से आने लगी थी बदबू।
अतर से हमको नहला गया है॥

जो सम्प्रदायों में मुनकिसम थे।
था एक का एक जानी दुश्मन॥

वह एक रसता बताके।
बिछड़े हुओं को बाहम मिला गया है॥

कोई था बदमस्त मै को पीकर।
कोई था अय्याश धन को पाकर॥

उतर गया सब नशा वह यारो।
कि जाम अमृत पिला गया है॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कमाल से अपनी इल्मियत के।
जलाल से अपनी मारफ़त के।
मुख़ालिफ़ों के भी दिल को यक दम।
वह मरदे मैदां दिखा गया है॥
दया थी अव्वल में जब कि उस के।
तो पीछे आनन्द क्यों न होता।
दया से आनन्द करके "शर्मा"।
वह मोक्ष को खुद चला गया॥

---

१३५ भजन

ऐ हिन्द तू भी था कभी दुनिया का आफताब।
मन्तक रियाज़ी फ़लासफ़ा हिन्दसे में लाजवाब।
हरएक मुल्क तुझ से ही होता था फैजयाब।
सारे जहां का तुझ को ही कहते थे इन्तख़ाब।
यकताए रोज़गार जो मौजूद तुम में थे।
कुरुक्षेत्र के जंग ने बरबाद कर दिये।
जब इस तरह से हर तर्फ़ अन्धेरा छा गया।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दुशमन भी तेरे हाल पै आंसु बहा गया।
ईश्वर को तेरे हाल पै कुछ रहम आगया।
भेजा ऋषि जो धर्म का रस्ता दिखा गया॥
पाते हैं निज के नाम से हो रहम और खुशी।
थीं नाम नामी जिनका दयानन्द सरस्वती॥
आए थे सर्व देश के उपकार के लिये।
रसता दिखाने वेद का संसार के लिये॥
दुनियां में चारों वेद के प्रचार के लिये।
हिन्दोस्तान के खास कर उद्धार के लिये॥
क्या शान अपने देश पै इहसान कर गये।
आखिर को अपनी जान भी कुरबान कर गये॥
नाओ थी अपने धर्म की जब डगमगा रही।
उलटी हवा के ज़ोर से चक्कर में आ रही॥
मल्लाहों की अविद्या से सदमे उठा रही।
महफूज़ जा को छोड़ भंवर में जा रही॥
चप्पू लगा के वेद का इसको बचा लिया।
विद्या के बल से उसको किनारे लगा दिया॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जो मुशकलें थीं धर्म्म की आसान कर गये।
दुनियां में सर्व सुख के सामान कर गये॥
वेदों के मुनकरों को पशेमान कर गये।
मगरब के आलमों को भी हैरान कर गये॥
क्या २ न अपने देश पै इहसान कर गये।
आख़िर को अपनी जान भी कुरबान कर गये॥

---

११६ भजन

टेक—स्वामी के बाग़ रड़कें पोप दिलन में॥
रिपु अनेक आहे मतवाले, जिन निज २ शस्त्र संभाले।
चढ़ें आ मेघ समान। रड़कें०

कवित्त

श्री के निशान कहीं छल के नकारे बजा।
अटसट संस्कृत श्रुधन धार के॥
केते तलवार ले पुरानन कुरानन की।
कोई अञ्जील की तोपें संभार के॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जाती जमाती कोई नास्तिक रसालदार,
छड़े पोप गडी को विचित्र ही संभार के।
जय हो सनातन यूं खड़के की टेर भई
मोरचे अनेक थे हज़ारों के वार के।
गरजे तरजे चिल्लाएं, सब अपने मान गंवाए,
लगे जब बाण परमाया। रड़कें०

कबित्त

ओ३म् के निशान व्याख्यानो के नकारे,
बना तर्क तलवार गोली गायत्री के छंद की।
साम गान गड़खा था वेद मंत्र, छर्रन की भई,
टाप शास्त्रन के तुरंग गेंद की।
सेना पीत श्री प्रधान मंत्री, ही रसालदार,
मोरचा समाज सेना सभासद ब्रणद की।
होके घटा टोप चंढ़े वेदन की तोपे भागे भागे
फिर पोप जीत भई दयानन्द की।
ली स्वामी शिक्त इक पकती,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

हुई उमत रिपुअन की मुक्ति भगे कितने ले
पुराण। रण कितने तो त्राह पुकारे कितने हुए शरण
बिचारे, बचा कृपा निधान रङ्के।
जय सदा सत्य की होती,
पर झूंठ बड़ाई खोती, सत से बने बलवान।
सब वेदों को जाने थे,
छे शास्त्रों को माने थे, विरोधि सजे पुराण।

राग कालंगड़ा) १३७ भजन (ताल शूल

उपज्यो दण्डी छुपे पाखण्डी, डरे हैं घमण्डी धूरत अन्याई १
विद्या पाकरानिकलरदिवाकर, तिमिर हटाकर ज्योतिदिखाई २
आये हैं स्वामीदयानन्द नामी, गर्ज सभा में सिंह की न्याईं ३
सत्यका मण्डन दम्भकाखण्डन; पाप तिलक की धूल उड़ाई ४
डरे हैं परमादी, अनीश्वर वादी, पौराणिक दें राम दुहाई ५
बड़े २ नास्तिक होकर आस्तिक, हाथ जोड़ आये शरणाई ६
कर शास्त्रार्थ रच सत्यार्थ, सद उपदेशों की धूम मचाई ७
लोक लोकान्तर, मत मतान्तर, कर न सका कोई उनसे लड़ाई ८

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

देशदेशान्तर, द्वीपद्वीपान्तर, मान चुके उन की पण्डिताई ९
वेदों के बल से, युक्ति प्रबल से कलयुग की काया पलटाई १०
तप अखण्डसे,तेज प्रचण्डसे, रिपुअन की छतियां धड़काई ११
योगिन्द्र महर्षि,आत्मदर्शी,दिग्विजय जिनके हिस्सेमेंआई १२
"अमीचन्द्र"ऐसा होना कठिनहै, धर्मावलम्बी वेदानुयाई १३
कष्ट उठाये, नहीं घबराये, धर्म्म नं हारा यदि विष खाई १४

---

१३८ भजन

टेक—उदय भयो है भानु भारत में, उदय भयो है भानु।

छिप गयो तिमिर धरत के नीच, नष्ट भयो अज्ञान ॥
नगर २ और ग्राम २ में घर २ सभा समाज।
घोर निद्रा से जाग उठे प्रिय भ्रातृगण विद्वान् ॥
यवन देश गई यावनी भाषा, मातृ भाषा की जागी आशा।
अब सत्कार करेगी मेरा, आर्यों की सन्तान ॥
देशभक्त और देश हितैषी, रसिक पुरुष मतिमान।
देश उन्नत और मधुर मनोहर, देते हैं व्याख्यान ॥
स्त्री शिक्षा फिर होवन लागी, भारत भूमि तू बड़ भागी।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कन्या विधवा भई तरी सधवा, पा आदर सन्मान ॥
शिल्पविद्या, भली भान्ति विचारो, ले उपदेश हृदय में धारो ।
कला कौशल आदि रचो सुन्दर, नव यात्रा के यान ॥
वेद उपवेदों की पढ़ो विद्या, जिससे नाशे सकल अविद्या ।
सांच झूठ का निर्णय करलो, छोड़ हठ अभिमान ॥
धार्मिक शील सुशिक्षित पंडित, 'अमीचन्द' चतुर सुजान ।
मिथ्या त्याग करें सत भाषण, छोड़ लाभ और हान ॥

---

१३९ भजन

टेक—अगर देश हितैषी हमें न जगाता ।
तो देश उन्नति का किसे ध्यान आता । अगर० ।
अविद्या की निद्रा में सोता था भारत,
परोपकारी फिरता था घर २ जगाता । अगर० ॥१॥
तपस्वी प्रतापी वह भारत का भानु ।
न होता प्रगट कैसे अन्धेरा जाता । अगर० ॥२॥
हाते किरानी कुरानी बहुत से ।
यदि वेद रीति पुनर न चलाता । अगर० ॥३॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

गौ की विपद देख विधवा का दुखड़ा,
वह कहता था हा देव हा हा विधाता । अगर० ॥४॥
प्रतिष्ठित न होती कभी मातृ भाषा,
जो संस्कृत की फिर रुचि न बढ़ाता । अगर० ॥५॥
महां था कठिन वेदों का भाष्य करना,
अहो उनकी बुद्धि अहो उनकी ज्ञाता । अगर० ॥६॥
किसकी थी सामर्थ्य किस को थी शक्ति,
जो ऐसे समय में समाजें बनाता । अगर० ॥७॥
आज्ञा थी उनको सर्व शक्तिमन की,
वह अतएव आया था भस्मी रमाता । अगर०
स्वदेश और स्वजाती की थी किसे को भक्ति,
छटी संख्या का जो नियम न सिखाता । अगर० ॥९॥
हवन में न पड़ती सुगन्धित सामग्री,
तो वायु यह कैसे सुगन्धि उड़ाता । अगर० ॥१०॥
इकट्ठे न होते जो विद्वान इतने,
हमें घर में आ कौन लैकचर सुनाता । अगर० ॥११॥
भला कैसे होता यह फलों की वर्षा,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कहां कैसे आती यह उत्सव को पाता । अगर० ॥१२॥

परिब्राजकाचार्य्य स्वामी दयानन्द,

पधारा है परलोक डंके बजाता । अगर० ॥१३॥

अमीरस न पीता कवीश्वर कदाचित,

न सत्संग करता न हरि गुण को गाता । अगर० ॥१४॥

शुभागमन हो, उत्तम समय है महाशय,

नमस्ते २ करें आर्य्यभ्राता । अगर० ॥१५॥

---

१४० भजन

टेक–'दयानन्द' स्वामी की कृपा से वैदिक धर्म्म ज़हूर हुआ,

महामलीनं और दुष्टकर्म सब पाप भी हम से दूर हुआ।

पञ्चकर्म्म की विधि बतलाई, ईश्वर की पूजा सिखलाई।

दिल में सब के नूर हुआ। जब वैदिक० ॥१॥

वर्णाश्रम थे सब खोये, धर्म्म कर्म्म से बिमुख होये।

अब धर्म प्रयत्न अरूढ़ हुआ। जब वैदिक० ॥२॥

बाली उमर में शादी कीनी, जूठी सौ विपदा भर लीनी।

बाल विवाह काफ़ूर हुआ। जब वैदिक० ॥३॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

घर २ पहुंची वेद की बानी, उड़ गए जैनी और कुरानी ।
पोप पाखण्ड भी दूर हुआ । जब वैदिक० ॥४॥
संस्कार अब घर २ होवें, भजन कीर्तन दर २ होवें ।
सब को यह मनजूर हुआ । जब वैदिक० ॥५॥
वेदों का प्रचार करो, अब उठो सब सुधार करो ।
अब आलस्य हमसे दूर हुआ । जब वैदिक० ॥६॥
ऋषि मुनियों की रीति चलाई, जग में फेरी वेद दुहाई ।
शान्ति से भरपूर हुआ । जब वैदिक० ॥७॥
'लेखराम' से बनों बलकारी, वेदप्रचार में जिस जानहै वारी ।
सीना पल में चूर हुआ । जब वैदिक० ॥८॥

१४१ लावनी

टेक—'दयानन्द' आनन्द कन्द भये पाखण्डिन के मत टारन,
हुए जगत विख्यात, चहुं दिश परमार्थी तरन तारन ।
चौक (१) बाल अवस्था से पढ़ विद्या, देश देश में रटन ।
भारत की दुर्दशा देख, हुआ विषाद जी में, तपा दिया,
परमार्थ ही परम धर्म है, मन में सोच विचार किया ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

किया प्रकाश वेदों का जग में, तन मन अपना लगा दिया

सुन सज्जन आनन्द हुए, शठ मूरख चिढ़े बिना कारण।

दयानन्द आनन्द कन्द भए, पाखण्डन के मत टारन ॥

चौक (२) यवन तो करदियो दमन, किरानी भूलगये अपनी बानी

खाक छानते फिरे पुरानी, अब नहीं मन मानी।

जैनी भूल गये बहनी, सुन नाम चुप हुए अभिमानी।

छुड़ा दिया जड़ पषान पूजन, निराकार महिमा जानी।

वैदिक मत उपदेश किया, चहुं दिश लगे दुर्जन हारन।

दयानन्द आनन्द कन्द० ॥

चौक (३) वेद शास्त्र की विद्या, सब नगर २ में फैलाई।

कल्पित मत सब किये पराजय, देश देश कीर्ति छाई।

दयानन्द महा विद्वान हुए, देश २ हुई हवाई।

शिक्षा वेद सुन आर्यावर्त, नहीं मुसलमान नहीं ईसाई।

कोई न सामने खड़ा पाखण्डी, इधर उधर लगे गप्प मारन।

दयानन्द आनन्द कन्द० ॥

चौक (४) संस्कार और वर्णाश्रम के भूले कर्म फिर बताये।

हवन यज्ञ सन्ध्या उपासना बीच, नास्तिक लगाये।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

धर्म्म की रक्षा निमित्त, चहुं दिश आर्य्यसमाज बनाये।
भूत प्रेत जादू टूने के सभी भ्रम जिन मिटाये।
अंधाधुंध से गए निकल कुछ लगे लोग अब विचारन।
दयानन्द आनन्द कन्द ॥
चौक (५) अपनी २ बिरादरी में, लगे लोग सब सभा करन।
गौ, कन्या, विधवा, अनाथ के लगे दुःख पर ध्यान धरन।
मूर्ख पाखण्डियों की संगत से, मन में अब लगे डरन।
मद्य मांसके त्यागन का, लाखों ने कर लिया नेम परन।
डूबे हुये भारत जहाज़ को, फेर लागे उभारन।
दयानन्द आनन्द कन्द० ॥
चौक (६) पुत्र पुत्री शिक्षा की, भारत वासियों को कुछ ध्यान हुआ
सब ने निश्चय जान लिया, बिन विद्या यहां नुकसान हुआ
उर्दू फारसी हानिकारक हैं, इसका भी अब ज्ञान हुआ।
सतशास्त्रों के जो वक्ता, उनका अब कुछ मान हुआ।
देवनागरी २ लगे लोग अब पुकारन ॥ दयानन्द० ॥
चौक (७) मेल जोल का बोया बीज, जो हरा भरा यह दीखेबाग
अमृत वर्षा बरस रही, खिल रहे पुष्प मिटगये सब दाग।
इस बागीचे को फल जिसने खाया, उसके धन्य २ भाग।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

'मिश्रीलाल' के कथन छन्द पर सभी महाशय देंगे दाद।
चार चौक परचार चौक कथ, नवनारसिंह किया उच्चारण
दयानन्द आनन्द कन्द० ॥

---

३४२ गीत

टेक—हुये भारत के भानु प्यारे, अन्धेरा दूर हुआ सारे ॥
धन्य भाग इस देश के, आये स्वामी महाराज।
दया कीनी इस देश पर सभी संवारे काज ॥
बिगड़ी हालत को सुधार दिया, झूठे अब फिरते मारे २
हुये भारत के० ॥ १ ॥
वेद शास्त्र की रीति को घर २ दिया चलाय।
झूठी बातें देश की सब को दिया हटाय ॥
जन्म सब का ही सुधार दिया।
पाप सब जड़ से उठा मारे। हुये भारत० ॥ २ ॥
गौ विधवा के दुःख को देख किया विरलाप।
मन अपने में सोच्या कीना पश्चाताप।
विद्यापढ़ दुःख सब टार दिया, दिखाये इसने वेद चारे।
हुये भारत के० ॥ ३ ॥
उसने देखी देश के वेद धर्म्म की हान।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ऐसी हालत देखकर, तन मन कर दिया दान ॥

मुरदा हालत से उभार दिया, किया प्रचार फिरके सारे ।

हुये भारत के० ॥ ४ ॥

जितने शत्रु वेद के सब को दिया गिराय ।

जो २ आया सामने सब को दिया हराय ॥

वेद विद्या का सहारा लिया, झूठे सब सामने आ हारे

हुये भारत के० ॥ ५ ॥

काजी मुल्लां मौलवी जो २ पढ़े कुरान ।

पांडे जोगी पण्डितां जो २ बांचे पुराण ॥

सभी को उसने पछाड़ दिया, ताब नहीं सके उसकी ला रे ।

हुये भारत के० ॥ ६ ॥

वैदिक धर्म प्रचार से सब को दिया जगाय ।

कर्म धर्म पुरुषार्थ पर सब को दिया लगाय ।

ऋषि ने वेद शब्द पुकार दिया, अब तो उठ कुछ कर लो

प्यारे । हुए भारत के० ॥ ७ ॥

'अहंब्रह्म' और 'तत्त्वमसि' सब कल्पित हैं ज्ञान ।

वेदों में मिलता नहीं इन का कुछ प्रमाण ॥

दूध पानी को नितार दिया, अब काहे ब्रह्म बना प्यारे ।

हुये भारत के० ॥ ८ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पं० गुरुदत्त विद्यार्थी एम० ए०

गुण वर्णन ।

१४३ गीत (लावनी)

शेर—शोक है भारत में चहुंदिश, आपत और मातम छाया ।
क्यों न हो गुरुदत्त सा पण्डित जहां से उठ गया ।
टेक—हैं मन्द भाग भारत के सब नर नारी ।
क्या कहूं विथा जो हम पर पड़ी है भारी ॥
चौक (१) नहीं मुक्त हुए थे एक ही दुःख से जब तक ।
दूसरा उपस्थित हुआ, यह आकर तब तक ।
नहीं भूले थे हम दयानन्द को अब तक ।
गुरुदत्त वियोगानल से जलेंगे कब तक ॥
हा देव हमारी आशा मिट गई सारी, क्या कहूं वि०
चौक (२) पावेंगे कहां अब उस धर्मवृत्त गौहर को ।
देखें कहां अब उस की मूर्त्ति मनोहर को ।
और सुनेंगे कैसे अब हम उसके लैक्चर को ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अब देश में क्यों कर फैलावेंगे अक्षर को।
जिस के द्वारा अब देश की मिटे यह ख्वारी।

चौक (३) अब कौन वेदों का इंगलिश भाष्य करेगा।
और कौन मैक्समूलर का मान हरेगा।
और कौन स्वामी के भाष्य लेके बढ़ेगा।
वेदों का मान और गौरव कौन धरेगा।
उपनिषद हों सकें द्वीपान्तरं में प्रचारी। क्या०

चौक (४) मन्त्रों के वेद के व्याख्यान कौन सुनावे।
सायंस भरा अब उन में कौन दिखावे।
मेगज़ीन अब कैसे द्वीपान्तर को जावे।
नास्तिकों को समझा आस्तिक कौन बनावे।
है कौन अब ऐसा संशय और भ्रम हरे री। क्या०

चौक (५) धर्मार्थ अब अपना जीवन कौन लगावे।
परमार्थ की ख़ातिर अब कष्ट कौन उठावे।
अब स्वार्थ को अपने पास से कौन भगावे।
निज सुख को सब हित पर अब कौन चढ़ावे।
यह काम आप ही का था धर्म व्रत धारी। क्या०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक(६) बाइस बरस में ऐम, ए, पास किया था ।
और प्रोफ़ेसर का पद भी तुम ने लिया था ।
परतन्त्र समझ इसको भी छोड़ दिया था ।
क्यों नहीं तुम्हारा ही तो ऐसा हिया था ।
स्वाधीन धर्म्म उपदेश किया था जारी । क्या०

चौक (७) मंझधार बीच जब नाव हमारी आवे ।
तब गुरुदत्त सा मल्लाह जो गुम हो जावे ।
फिर क्यों नहीं मन दुःख सिन्धु में गोते खावे ।
और कौन है हमारा जो बेड़ा पार लंघावे ।
है दुःखं अगाध, नहीं इसकी वारापारी । क्या०

चौक (८) छवीस वर्ष की देह भी न होने पाई ।
गुरुदत्त ने करी हम से बे वक़्त जुदाई ।
जो व्याकुल हमें को छोड़ और असहायी ।
गुरुदत्त स्वर्ग को गये धर्म्म अनुयायी ॥
नहीं दोष किसी का, भाग्य की खोट हमारी । क्या०

चौक (९) "शर्म्मा" विराम कर, क्यों तू इतना रोता ।
धीराम्बु से अपने चक्षु क्यों नहीं धोता ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भवतव्य जो है वह निश्चय ही है होता।
फिर क्यों अधीरज से दुःख भार को ढोता।
हो ऐसा ही कोई और देश उपकारी।
है यह प्रार्थना करुणामय से हमारी। क्या०

पं० लेखराम आर्य्य मुसाफिर
गुण वर्णन

१४४ भजन

टेक—धर्म्म वीरका जबकि जनाज़ा, लाहौर के कूचे से निकला
तू भी देखले कातिल काफ़िर, देखने को आलिम निकला ॥
गली २ और कूचे २ उसका चरचा हो रहा है।
कौन बशर है, जो सुन कर यह सदमा, नहीं रो रहा है।
नगर २ और देश २ में फैल गया यह शोहरा है।
सत पुरुषों का कतल भी भाइयो, बीज धर्म्म का बो रहा है ॥
वेद के मन्त्र पढ़ते २ पण्डित जी का दम निकला।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तू भी देखले कातिल काफ़िर, देखने को आलिम निकला॥१

जान से है जिन को धर्म्म प्यारा, मरने से कब डरते हैं ॥
धर्म्म के लिये जान भी जावे, गर्दन आगे धरते हैं ॥
बुज़दिलों की छुरी को खाकर, होते कतल नहीं करते हैं ॥
ऐसा सच्चा सबक महाशय, वेद में से पढ़ते हैं ॥
जैसा निकला वह शेरे नर, वैसा और कोई कम निकला ॥
तभी देखलै कातिल काफ़िर, देखने को आलिम निकला ॥२॥

कुरान का फोटो खूब खैंच कर पण्डित जी ने दिखलाया ।
खुला पोल इसलाम का भाइयो, तास्सुब ने फिर भड़काया ।
काज़ी मुल्लां कोई मौलवी, सामने उनके नहिं आया ।
कतल किया धोखे से आखिर यह जवाब हमने पाया ।
तहकिकाते मुहम्दी को करने जब निकला बेगम निकला ।
तू भी देखले० ॥ ३ ॥

धन्य २ मात पिता उनके जिन्हों ने बच्चा ऐसा जाया ।
कलम को लेकर तेग मैदान में धर्म्म युद्ध करने आया
ऐसा किया युद्ध वीर की शहादत को सब ने पाया ।
दुश्मन के माथे पर उसने, स्याही का टीका लाया ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

'धर्मचन्द।' फिर आर्य्यवर्त्त में क़दम धर्म्म का जम निकला
तू भी देखले० ॥ ४ ॥

१४५ भजन

दोहा—जननी जने तो वीर जन, लेखराम से वीर ।
जिसने कारण धर्म्म के, त्यागन किया शरीर ॥

टेक—धन्य २ ऐसी माता को, जिन लेखराम सा जाया ।
ऐसा होना बहुत कठिन है, जिसने अपना तन मन धन
किया धर्म्म पै सब अर्पण है, कुछ नहीं शेष बचाया। धन्य०१
अरब रूम काबल कन्धारा, उसने देश हिला दिया सारा,
वीर सभा में जा ललकारा, कोई न सन्मुख आया । धन्य०।
खड़ा मुसलमानों के अन्दर वाज़ किया करता था वेडर,
अज़मत वेदों की दिखलाकर, झूठा कुरान बताया । धन्य०।३।
ब्रह्मणकुल भूषण की प्रभुताई, "मुरारी" उसने कर दिखलाई,
बुझी आग में फूंक लगाई, नाम जगत में पाया । धन्य० ।४।

१४६ भजन

[जब थोड़ा वक्त कूच मुसाफ़िरे कर रहे था,
दरयाव खून कटे सुए शीरयान से बहे था।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पुर दर्दनज़ा को वह ख़मोशी से सहे था,
और वेद मंत्र पढ़ के यह मित्रों से कहे था।
मत समझो कि मौत हुई लेखराम की,
धुन्दली कुछ इस से होगी लेखराम की।
सीने में जब था ख़ञ्जर क़ातिल घुसा हुआ,
नाला था एक खूं का रंगों से वहा हुआ।
और इक जहां था हसरतो गम में खड़ा हुआ।
था उस शहीद को यह जबां पर जड़ा हुआ॥
मत गम करो कि मरता हूं मैं धर्म के लिये।
धर्म्मी फ़िदा होने को ही हैं धर्म्म के लिये॥
यह खून वह है कि जोश पै आएगा एक दिन।
ख़लकत को इक करिशमा दिखाएगा एक दिन॥
दुशमन को यार बन के बनाएगा एक दिन।
बरगशतगों को राह पै लाएगा एक दिन॥
रोयेंगे वह कि हंसते हैं जो अब ढिठाई से।
बाज़ी कभी है झूठ ने जीती सचाई से॥
हां ठहरो ताके विछड़े हुए राह पर तो आएं।
जो नशे हैं सिरों को चढ़े वह उतर तो जाएं॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भटके हुए कदम अपनी राह रास्त पर तो लाएं।
ठहरो कि गुड़गड़ाएं वह पछताएं और लजाएं॥
उस वक्त देखना कि समय कैसा छाएगा।
क्या रंग खून शहीद सदाकत का लाएगा॥
लेकिन नसीहत और वसीयत है कुछ मेरी।
गर तुम पै वज़ा दावा खिदमत है कुछ मेरी॥
गर दोस्तों के दिल में मुहब्बत है कुछ मेरी।
तो आप से आखीरी नसीहत है कुछ मेरी॥
तसनीफ़ को समाज के फैलाओ हर तरफ़।
प्रकाश वेद पाक का पहुंचाओ हर तरफ़॥
संसार को दिखा दो कि किस के हो तुम सपूत।
सन्तान आर्यों की सपूतों के तुम हो पूत॥
दिखला दो धर्म्म शक्ति के तुम जो हैं स्वरूप।
तुम को न कोई कह सके फिर कलयुगी कपूत॥
इक २ नियम पै जब कि हज़ारों शहीद हों।
तब जानना कि आपके जीवन मुफ़ीद हों॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१४७ भजन

टेक—लेखराम जहे वीर जी तुसी वन दिखलाओ ॥

सच्चा भगत स्वामी दा आइयो,

दुशमन दीन इसलाम दा आइयो ।

खाया कलेजे तीर जी, तुसीं वन दिखलाओ ॥

जब लग जीवया धर्म्म फैलाया,

ख़ौफ़ किसे दा मूलें न खाया ।

मार गई तक़दीर जी, तुसीं वन दिखलाओ ॥

कम न करियो बन्द तहरीरी,

यह नसीहत है आखीरी ।

मत होना दलगीर जी तुसीं वन दिखलाओ ।

गायत्री दा जाप करेंदे,

लोकां नूं पंद नसीहत देंदे ॥

धर्म्म हो पाया आखीर जी, तुसी वन दिखलाओ ।

पुस्तक लिखन उपदेश करने विच,

दुशमनां ते नां मुल डरन विच ॥

कौन है उस दा नज़ीर जी, तुसी वन दिखलाओ ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१४८ गीत

दोहा—धन धन धरनी भाव सुत, मातपिता और प्राण।
एक धर्म के सामने, हैं सब तुच्छ समान॥

टेक—धन्य लेखराम से वीरको, जिन धर्म पे जानगंवादी।

लिखी पुस्तक पण्डित जी ने बड़े ग़ज़ब की।
दी पोल खोल सारे इसलाम मज़हब की।
पड़े चौंक मुसलमां आंखें खुल गईं सब की।
लगे कहने झूठी किताब कर दी रब की।
यह दलील कैसी लाया, नहीं जवाब जिसका पाया
मज़हब इसलाम गिराया, कैसा मज़हका उड़ाया।
अब कुछ नहीं पार बसाया, किया क्या हाय।
रहा नहीं जाय बड़ी तौकीर को।
एक दम में आज घटा दी। जिन धर्म पे जान गंवादी। १।

जब नहीं पाई तहरीर की अपनी ताकत।
फिर अजब तरह की सूझी इन्हें हिमाकत।
एक रोज सब ने सलाह कर बदली हालत।
चन्दा करके जा दावा किया अदालत।
वहां से भी मुकद्दमा हारे, पड़े मायूसी के मारे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

फिर चिढ़े मुसलमां सारे, यह क्या किया खुदा हमारे।
लगे ऐसा करन विचार, बुरी हुई हार।
कोई अब यार बंधावे धीर को।
सारी उम्मैद मिटादी, जिन धर्म० ॥ २ ॥
कोई सूरत नहीं जब फतह की अपनी पाई।
करो लेखराम को कतल यही ठहराई।
उठा एक पूरा एक बेईमान अन्याई।
देदगा से उनको मार बात सिखलाई।
वह शागिर्दी में आया, पूरा बिश्वास दिलाया।
एक दिन जो मौका पाया, खञ्जर का हाथ चलाया।
निकला ज़ालिम बेहया, मार भाग गया न आई दया।
दुष्ट वे पीर को मित्र करके बड़ी दगा दी। जिन० ॥३॥
गो पण्डित जी के ज़खम हुआ था कारी।
पर शूरवीर ने ज़रा न हिम्मत हारी।
रोती थी पत्नी एक तरफ महतारी।
करते थे शोर चहुं ओर खड़े नर नारी
यह ईश्वर भक्त पियारा, कहता था बारम्बारा।
जग है ये धुन्द पसारा, कुछ करो न रंज हमारा।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

करो वैदिक धर्म प्रचार, मन में लो धार।
'मुरारी' सारे जन तदबीर को, देशों में करो मुनादी।
जिन धर्म पै जान गंवादी० ॥

वेद प्रचार

१४१ गीत

वेद विद्याओं की है कान, वेद में है परिपूर्ण ज्ञान।
वेद से उपजे ज्ञान अनन्त, पृथिवी से सूर्य्य पर्य्यन्त।
परा अपरा विद्या के भेद, भिन्न २ बतलाते हैं वेद ॥१॥
जीव ईश्वर प्रकृति के लक्षण, वेद से निर्णय होत विलक्षण।
तीन काण्ड का सब सिद्धान्त, वेद बताते हैं भली भान्ति ॥२॥
वेद सनातनधर्म को ग्रन्थ, वेद है मोक्ष द्वार का पन्थ।
वेद से सुख सम्पत हो प्राप्त, प्रतिपादन करते हैं आप्त ॥३॥
वेद के गायत्री आदि छन्द, शब्द अर्थ सारे सम्बन्ध।
उसने यह सब किये प्रदान, जिस को कहते हैं शक्तिमान ॥४॥
वेद अविद्या का करे नाश, सत विद्या का करे प्रकाश।
मन में रख के दृढ़ विश्वास, चार वेद का पढ़िये भाष्य ॥५॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वेदों के सुन २ उपदेश, सत्य ही होगा मुख्य उद्देश।
पञ्च यज्ञादि होंगे कर्म, प्राप्त होगा वैदिक धर्म्म ।।६।।

वेद से मिटे हैं संशय भ्रम, वेद निरूपण करे है ब्रह्म।
वेद का जग में बढ़ा प्रताप, सदा उचित है वेद का जाप ।।७।।

महिमा वेद अमाप अतोल, वेद पदार्थ हैं अनमोल।
वदे अर्थ का करो विचार, 'अमीचन्द' प्रति दिन बारम्बार।।८।।

---

१५० गीत

वेद का प्रचार करना, जगत का उद्धार है।
श्रेष्ठ सब कामों में उत्तम, और पर उपकार है।
ऋषियों के मुनियो के बचनों को, निगाहे गौर से।
देखिये तो सब का यही तत्व है यह सार हैं।
ईश्वरीय आज्ञा का दुनियां में न हो प्रचार जब।
किस तरह सम्भव हमारे देश का सुधार है।
नाम वेदों पर ही केवल, तृप्त होजाते हैं जो।
आर्यपद का उन को कैसे मिल सके अधिकार है।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वेद पाठी हों न घर २ जब तलक ए आर्य गण।
सच तो यह है, हम को बस धिक्कार है धिक्कार है।
गांव कसबों में जब तक वेद प्रचारक न हों
सर्वथा दुस्तर ही जानो धर्म का प्रचार है।
अपने पुरुषार्थ को खोया अब तलक तुमने किधर।
धोखे की टट्टी में यारों ने बनाई अड़ है॥
खूं बहाकर अपना पुरुषार्थ दिया था जिन के हाथ।
वो बना बैठे विरासत और निज अधिकार है।
शोक अपनी भूल पर मत कीजिये और जागीये।
उपकार का कर्त्तव्य अब तो वेद का प्रचार है।
दीजिये इस को मन से धन से, जिस तरह हो पुष्टता॥
"बस" की विनती यही हर बार है सौ बार है॥

भजन १५१

टेक-वेदां दा प्रचारर करो, तुसी आनन्द रहियो॥
उठो आलस त्यागो भाइयो, गहरी नींद से जागो भाइया
बांध कमर हो तैयार, जी तुसीं आनन्द रहियो॥ १॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सुत्ते लोग जगाओ जाके, धर्म उपदेश सुनाओ जाके।
हर घर और हर बार जी। तुसीं आनन्द रहियो॥ २॥
इस दुनियां दे धंदे गंदे, क्यों इन्हां दा तूं होया बन्दे।
जीवना हैं दिन चार। जो तुसीं आनन्द० ॥ ३॥
असली सबूत दिखाओ प्यारे लोग तुसानूं देखन सारे
तन मन धन देओ वार, जी तुसीं आनन्द ॥ ४॥
गुरुकुल को हुन करो तैयार, जिस से पैदा हों ब्रह्मचारी
आश्रमां दा हो सुधार। जी तुसीं आनन्द० ॥ ५॥
चहुंवेदां दी होवे पढ़ाई, षट दर्शन और अष्टाध्यायी
मिट जाय धुन्द गुबार, जी तुसीं आनन्द० ॥ ६॥
एह कम आर्यों ने ही करना, होर किसे नहीं सिरपर धरना
माता निधि दी एह पुकार। जी तुसीं आनन्द० ॥ ७॥
सार रलमिल जोर लगाओ, अपना अपना बल दिखलाओ
बेड़ा होजाय पार। जो तुसीं आ०
हे ईश्वर, हे दीन दायाला, तेरी कृपा से होवे उजाला
पकड़ी शरण तिहार। जी तुसीं आनन्द रहीयो ॥ ९॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१५२ भजन

टेक—करो सज्जन वेद प्रचार तुम। क्यों मित्रो देर लगाई।
बजे वेद का जग में डंका। फिरै हो मूरखता का फंका (हरे)
मिटे अविद्या रूपी शङ्का। करो यही उपकार तुम।
इससे नहीं अधिक भलाई क्यों मित्रो देर लगाई० ॥१॥
चन्दा कर उपदेश कराओ। छोटे २ ट्रैक्ट छपाओ। (हरे)
देशों देश धर्म फैलाओ। जो जीवन का सार तुम ॥
है यही नेक कमाई। क्यों मित्रो देर लगाई० ॥२॥
बातें छोड़ो अपस्वारथ की। हालत देखो तुम भारत की (हरे)
रक्षा करो दीन भारत की। इसकी सुनों पुकार तुम ॥
यह शरण तुम्हारे आई। क्यों मित्रों देरं लगाई ॥३॥
इससे भरोसा बड़ा तुम्हारा। नहीं किसी का और सहारा। (हरे)
कहे 'मुरारी' दीन विचारा। कीजेगा उद्धार तुम ॥
सब मिल करो सहाई। क्यों मित्रो देरं लगाई० ॥४॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

गुरुकुल महत्व ।

१५३ भजन

हुआ है नमूदार अब फिर गुरुकुल, रहे सर्वदा शाद ईश्वर गुरुकुल ॥ १ ॥

यह करता रहे रोज़ अफ़ज़ूं तरक्की, रहे ऐश में ज़िंदगी भर गुरुकुल ॥ २ ॥

बहुत उन्नति हो ज़माने में इसकी, लगाय देशों के चक्कर गुरुकुल ॥ ३ ॥

यह कहता है भारत कि मैं खुश रहूंगा, रहा साया अफ़गन जो सर पर गुरुकुल ॥ ४ ॥

ऋषि महर्षि खूब पैदा करेगा, न छोड़ेगा हम को निरक्षर गुरुकुल ॥ ५ ॥

बनावेगा भारत को धर्म्मात्मा यह, कि है धर्म्म शिक्षा का अफ़सर गुरुकुल ॥ ६ ॥

न फंसेगा तनज्ज़ल के पिंजरे में हरगिज़, उड़े औज पर खूबले पर गुरुकुल ॥ ७ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मगर हमपै है फ़र्ज़ इमदाद करना, न कुछ कर सकेगा यह बेज़र

गुरुकुल ॥ ८ ॥

इसे दान कुछ दीजिये आर्य्यगण, दुआ आप को देगा लेकर

गुरुकुल ॥ ९ ॥

इयानत जो धन मन से इसकी करोगे, संभालेगा तुमको संभलकर

गुरुकुल ॥ १० ॥

यही आर्य्यवर्त्त में मिशल होगा, इसे होने देगा न अबतर

गुरुकुल ॥ ११ ॥

कहां वह समय हाय खोया गया है, कि था जिन दिनों हर जगह पर

गुरुकुल ॥ १२ ॥

ज़लील अब बहुत देश यह हो चुका है, करेगा इसे नामवर फिर

गुरुकुल ॥ १३ ॥

जो ऋषियों की औलाद हो चंदा भेजो, कि दुनियां में सब से है बेहतर

गुरुकुल ॥ १४ ॥

दिलो जान से क्यों इस के शैदा न हों हम, 'फिदा' है हमारा तो दिलवर

गुरुकुल । १५ ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१५४ भजन

टेक—क्यों वृथा समय गंवाओ, करो गुरुकुल की तैयारी।

अपनी सन्तानों को लीजे, भेज आप गुरुकुल में दीजे।
पहला यत्न मित्र यह कीजे विद्या वेद पढ़ाओ,
रक्खो बच्चों को ब्रह्मचारी, करो गुरुकुल० ॥१॥

गुरुकुल भारत से मिटा जब से, हालत बुरी हुई यह तबसे
बारम्बार कहूं मैं सब से, ईधर तो चित्त लगाओ,
तुम बनो देश हितकारी। करो गुरुकुल० ॥२॥

नहीं भरोसा है एक पल का, कीने काज आज कलका।
ईश्वर बल है निर्बलका, मत दिल में घबराओ।
पूरण हो आश तुम्हारी। करो गुरुकुल० ॥३॥

जो है धर्म तुम्हें कुछ प्यारा, तो अब मानों बचन हमारा।
सब झगड़ों से करो किनारा प्रथम इसे बनाओ।
करे बिनती यही "मुरारी" ॥ करो गुरुकुल० ॥४॥

१५५ भजन

दोहा—पोप जाल छूटे तभी, जब हो सत उपदेश।
वेदों का डंका बजे, सुधर जाए सब देश ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

टेक—जल्दी बनाएलो, गुरुकुल बनाएलो, गुरुकुल बनाएलो
गुरुकुल सारी विद्या का भंडार ॥
इस में तन मन धन दीजो, तन मन धन दीजो।
तन मन धन दीजो, यह है सब का उपकार।
जल्दी बनाए ले० ।
इस में पढ़ेंगे ब्रह्मचारी, पढ़ेंगे ब्रह्मचारी।
पढ़ेंगे ब्रह्मचारी, होगा देश सुधार। जल्दी० ।
वैदिक धर्म की शैय्या, धर्म्म की शैय्या।
धर्म्म की शैया पड़ी डूबे मंजधार। जल्दी० ॥
निकले वेद का भानु वेद का भानु।
वेद का भानु, मिट जावे अन्धकार ॥ जल्दी० ॥
स्वामी ने तुम को जगाया, भाई तुम को जगाया।
भाई तुम को जगाया, उतारो ऋषि ऋण भार ॥जल्दी०
कहे "वासदेव" बनो उपकारी, बनो उपकारी।
बनो उपकारी, करो वेदों का प्रचार ॥ जलदी० ॥

---

१५६ लावनी

चार आश्रम चार वर्णा का ठीक ज्ञान हो गुरुकुल से...

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चार वेद के ज्ञाता पण्डित ज्ञानवान् हो गुरुकुल से ॥
वीर्यवान् पूरण बलिष्ठ सुन्दर सुजान हो गुरुकुल से ।
आर्य धर्म तत्वज्ञ सर्व गुण में प्रधान हो गुरुकुल से ॥
स्वामी उद्देशानुसार जग सुधार हो गुरुकुल से ।
आप्त ग्रन्थ जो लुप्त हुए तिन का उद्धार हो गुरुकुल से ॥
ऋषियों के कर्त्तव्य धर्म का भी प्रचार हो गुरुकुल से ।
यथातथ्य पा मुक्ति द्वार सार संसार पार हो गुरुकुल से ॥
मिला लाखों का घर खाक में कहो अब क्या कसर रही है
ब्रह्मचर्य आश्रम को छोड़ा विद्या के बन्धन को तोड़ा
वानप्रस्थ की लखा न ओरा, घुस पापों की नाक में ।
विषयों में बुद्धि गई है । कहुं० ॥ १ ॥
अर्द्ध वन्य हुआ नाम तुम्हारा, सोते २ समय विसारा ।
पुरुषार्थों का नाम बिगारा कस धर्म धर ताक में ।
अवनति की शरण लगी है । कहुं० ॥ २ ॥
वीर्यवान् जो सन्तति चाओ, तो अब गुरुकुल में पढ़ाओ ।
विषय आदि दोषों से बचाओ, रुचि कराया फल शाक में ।
सोने का समय नहीं है । कहुं० ॥ ३ ॥
आठ वर्ष को दाखिल कीजे, देश सुधार बड़ाई लीजे

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

विद्या से अमृत को पीजे, गुण ह ऋषि के वाक में।
"पाठक" क्या खबर नहीं है। कहुं० ॥ ४ ॥

इति गुरुकुल महत्व।

बसन्त और होली

(१) बसन्त

१५७ भजन

अब आया बसंत तिन के घरमांहि, जिन सिमरा प्रभु मन प्रीतिलाहि
रैन दिना हरि चरनन परते, सदा रहे तिन में लिवलाये।
रागरंग तिन के द्वर लाचे, सत्य नाम जिन हृदय बसाये।
निज प्रभु नाम की खेले होरी, रोम २ हरि रंग रमाये।
धन्य भाग तिन हों के जग में, ये वसन्त जिन के मन भाये।

---

१५८ भजन

जब हरि सिमरें सो बसन्त काल, खेलें भक्ति रूप रंग पुष्पमाल
प्रभु से प्रीति हृदय में भीने, हरियश गावे सदा ताल।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

इस के हेतु सकल सुख त्यागे, तिस बिन और न कोई भाल।
प्रेम के बांधे जगत में विचरें, मन में लखें हरि रत्तपाल।
सो मानुष्य हैं अति बड़ भागी, तिसकी लगनमें जोहों निहाल।

---

१५९ भजन

आये बसन्त हिये उमगी री सब हि आर्य्य मिल खेलत होरी। वेद रङ्ग से रंग सब सज्जन देखि अनार्य्य चले मुख मोरी॥ १ ॥ सत उपदेश करते निशवासरें कपट फन्द सब दूर कियोरी ॥ २ ॥ ऐसो साज समाज आज लखि जयाति२ चहुं ओर भयो री ॥ ३ ॥ भयो प्रकाश सत्य वेदनको कहत 'गणेशी' तिमिर गयोरी ॥ ४ ॥

---

१६० भजन

टेक—भक्ति पुष्प खिलें सो बसन्त काल।
कोई धन्य समय सोई धन्य काल ॥ १ ॥

आयें बसे जब प्रभु मन अन्दर, पाप ताप दिये सब ही टाल।
हरि यश रंग रंगे बड़ भागी,कंध में जिन के है नाम माल।२।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जिस मन प्रेम हरि पिचकारी, नाम चन्दन कर तिलकभाल।
धर्म गुलाल भरा जिनके घट हरि यश से मुख सदा लाल।३।
साधु भक्त ऐसी होरी मचावें, महिला रंग सब ही पै डाल।
तिन संग रल खेलें सब सज्जन पुरुष नार और वृद्ध बाल।४
जिन पुरुष को बसन्त स्पर्शे होवे सुखी दुःख क्लेश टाल।
यही दान करो प्रभु पूर्ण सब जग गायके हो निहाल।५।

---

१६१ गति

टेक—जगत् में वैदिक धर्म्म फैलाओ।

कल्पवृक्ष को प्राणों से प्रिय बनाओ।
सदाचार रूपी जल से सींचो, खाद पुरुषार्थ डिलाओ।
मुंह मांगा फल पाओ। जगत में० ॥ १ ॥
नाना पंथ बने जग में, एक बेड़े पर लाओ।
भ्रातृभाव की भावना उत्तम, पृथिवी पर फैलाओ।
सभी बिछुड़े मिले जाओ। जगत् में० ॥ २ ॥
वेद प्रचार फराड रूपी यज्ञ में, तन मन धन आहुती पाओ।
नगर २ और ग्राम २ में, आर्य्य समाज बनाओ।
धर्म्म का राज फैलाओ। जगत् में० ॥ ३ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ऋग यजु साम अथर्व वेदों का. उदय अस्त तक लजाओ
वेद उपदेश मनुष्य मात्र के, कानों तक पहुंचाओ ।
उनकी महिमा दर्शाओ । जगत् में० ॥ ४ ॥
सर्व हितकारी पवित्र यज्ञ को, असुरन से बचाओ ।
वैदिक धर्म्म की रक्षा अपना, मुख्य उद्देश्य बनाओ ।
उस पर न्योछावर हो जाओ । जगत् में० ॥ ५ ॥
अनाथ भारत की गिरी अवस्था, पुरुषार्थ से उठाओ ।
एक वेर हे ऋषि सन्तान ! उन्नति पर पहुंचाओ ।
पृथिवी स्वर्ग धाम बनाओ । जगत में० ॥ ६ ॥

१६२ गीत

सखी वाहूसंग खेलूंगी फाग, सखी वाहूसंग खेलूंगी फाग ।
जिसकी फूली सकल फुलवाड़ी बन उपबन उपबाग ॥ १ ॥
जिस बहुरंगी की अद्भुत रचना, तिससे लग्न रही लाग ।
देख खिलाड़ी के चरित मनोहर, मन उपजे वैराग ॥ २ ॥
जाके मन्दिर में ज्योति जगावत, चन्द्र सूर्य और आग ।
जन के द्वारे तारागण नाचत, वायु गावत राग ॥ ३ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जिनके बने नित अनहद बाजा, महाराजन के राज ।
ऐसे "अमीर"सों खेले जो होरी, सो तिरिया बड़भाग ॥ ४ ॥

१६३ गीत

खेलत फाग भले विधि सज्जन, वैदिक धर्म्म की धूम मचाई ।
शील क्षमा समता शुचि संयम, धीरज की पिचकारी सुहाई १
प्रीति प्रतीति दया रंग राते, क्षण छबि अतिशय अधिकाई २
स्वांग सनातन धर्म विचारत, मार्ग सत्य सप्रेम बताई ॥ ३ ॥
उमिड़ २ चहुंदिश घिर आये, धर्म ध्वजा जग में फहराई ४
ज्ञान ध्यान रंग भर २ मारत, ईश्वर भाव भक्ति दिखराई । ५
वेदगान सुखदान 'गणेशी' धन्य २ जिन राह लखाई ॥ ६

१६४ गीत

आर्य्यों ने ऐसी होली मचाई ।
चहुं दिश से सज्जन सब आए बैठे समाज बनाई ।
गावत वेद तान अति नीको ध्यावत यश जगराई ।
अगम गति जाकी है भाई ॥१॥
खेलत फाग सुलभ शुचि संयम सत पिचकारी बनाई ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

प्रेम रंग रंग भारि २ भारत ज्ञान गुलाल सुहाई ।
रंगे सब सज्जन आई ॥ २ ॥
जप तप दान गान वेदन को हिये उत्साह बढ़ाई ।
मिलत परस्पर प्रेम से सज्जन द्रोह कपट बिसराई ।
करत हैं जगत भलाई ॥ ३ ॥
विधवा अनाथ विपत्ति गौवों की तापर दृष्टि चलाई
कर प्रबन्ध अहरनिशि वासर तन मन धन से सदाई ।
दुःख जिन पर अधिकाई ॥ ४ ॥
सत्य प्रचार सुधार जगत को ऐसी फाग सुखदाई ।
खेलहु खेलहु पर हित कारण देहु अविद्या नशाई ।
"गणेशी" बलि २ जाई ॥

---

१६५ गीत

आदि देव यह विनय हमारी हरो दुःख दीनन सुखकारी ।
तुम ही हमारे प्राण हो स्वामी, तुम ही हो हितकारी ।
करें किस से जाय पुकारी ॥ १ ॥
हम तुमरी भक्ति के प्यासे, आशा करें तुम्हारी ।
निज सेवक और पुत्र जान के, तृप्ति कीजिये हमारी ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मिटे व्याकुलता सारी ॥ २ ॥
काम और क्रोध लोभ की फांसी, मोह के बन्धन भारी।
तुमरे बिना नाथ कोउ न काटे, बने कौन हितकारी।
हरे यह विपद हमारी ॥ ३ ॥
इस दुनियां के सुख हैं ऐसे, नीर होय जैसे खारी।
प्रभु ही 'केवल' अमृत जल है, दे शांति अति भारी।
मिटावे तृष्णा सारी ॥ ४ ॥

१६६ भजन

टेक—आर्यों ने कैसी होरी मचाई देश में धूम मचाई।
विद्या की पिचकारी बनाकर, धर्म की डण्डी लगाई।
सत्य के रंग में भर २, वेद के शब्द सुनाई।
रंगो आत्मा को भाई। आर्यों ने कैसी०।
ज्ञान गुलाल उड़ावन चहुं दिश, तम अज्ञान हटाई।
सत उपदेश का राग हैं गाते, सत्य व्याख्यान सुनाई॥
समाज की रीति चलाई। आर्यों ने कैसी०।
चूर भक्ति के नशे में रहते, ईश्वर से लौलाई।
प्रेम तरंग में मन को बढ़ाते, प्राणायाम चढ़ाई।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

योग की रीति दिखाइ। आर्यों ने कैसी०
धीरज की डोरी अवलम्बन कर, कर्म करें सुखदाई।
क्षमा रत्न को धारण करके, शान्ति रहे फैलाई।
दया सब पर दिखलाई। आर्य्यों ने कैसी० ॥
शम दम रूप महा तप करते, इन्द्रिय मन ठहराई।
आत्मिक शारीरिक उन्नति कर, ज्ञानी शूर कहलाई।
करें फिर देश भलाई। आर्य्यों ने कैसी०।
देशोन्नति व्रत पालन करते तन धन अपना लाई।
विद्या सभ्यता को फैलावें, गुरुकुल दिये बनाई।
तथा उपदेश सुनाई। आर्य्यों ने कैसी०।
वेद विरुद्ध असत्य मतन को, रहे समूल उड़ाई।
विविध कुरीति जो प्रचलित होगई, तिन को रहे मिटाई।
दिया जिन देश डुबाई। आर्यों ने कैसी०।
सज्जन आओ हम सब मिलकर, देवें समाज बधाई।
स्वामी "दयानन्द" के गुण गावें जिसने घड़ी यह दिखाई
हमें सोतों दिया को जगाई। आर्य्यों ने कैसी० ॥
"शम्म" की है विनय यह सब से, सुनो वेद अनुयायी
तन मन धन समाज अर्पण कर प्राण आहुति दो चढ़ाई।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

धर्म्म के कारण भाइ ! आर्य्यों ने कैसी० ।

---

१६७ गीत

बागी न आना, तेरी काया में गुलज़ार ।
मन माली परमोद के, संयम की कर बाड़ ।
दया बाग सूखे नहीं, क्षमां शान्त जल डार ॥ १ ॥
करनी ऐसी कीजिये, साईं से रंग ला ।
मुक्ति कली अन्दर खिड़ी, क्यों नहीं लेत बहार ॥ २ ॥
सुरत निरत दो माली आए, गूंदे हार विचार ।
कहत "कबीरा" साध की, शरण पड़े दये तार ॥ ३ ॥

---

१६८ गीत

आज पिया संग होरी मैं खेलूं, समता रंग बनाए रही ।
सत संतोष को फाग मचायो है, धीरज वस्तर पाये रही ।
मैत्री करुणा रंग बना के, ध्यान पिचकारी चलाए रही ॥१॥
दान दया को मैं कुम कुम कीना, ज्ञान गुलाल उड़ाए रही
पांचों सखी मिल होरी खेलत, ईश्वर कृपा छाय रही ॥ २ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कर्म कलस सम केसर घोलूं, शीतलता जल पाय रही।
सन्त सभा सुरलोकन मध्ये, अनहद बाजे बजाय रही ॥ ३ ॥
वैराग्य विवेक सो चुन २ कलियां, विचार के हार गुंदाए रही
मन सा तुर्या छेज बिछाके, ले सानन गल लाय रही ॥ ४ ॥

१६९ गीत

कैसे पिया से होरी खेलूं, धुपदा रार मचा रही ॥ १ ॥
कपट कटोरा मद का भरिया, तृष्णा मनको छका रही ॥२॥
पांचों सखी मिल फाग मचाया है, ममता रंग बना रही ॥३॥
त्रिविध ताप मृदंग बजावत, मैं २ रागनी छा रही ॥ ४ ॥
ऐसो फाग संभल कर खेलो, ईश्वर कृपा छा रही ॥ ५ ॥

१७० गीत

होली खेलो समझ के रे भाई, वृथा क्यों धूर उड़ाई।
पर सन्ताप तार डर बासन, देखो होलका लगाई॥
याही जिलाए भस्म कर दीजे, शुद्ध नित होए जाई।
करो कुछ देश भलाई ॥ होली खेलो० ॥
काम क्रोध मद लोभ जे, करते सदा कुटलाई।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कारो सुख कर इन्हीं निकारो, ऐसा स्वांग सुखदा॰
शोभा छिन २ अधिकाई ॥ होली खेलो॰ ॥
धीर क्षमा समता आराधन, अगम ईश श्रुति गाई ।
ताके ध्यान में मतवाले होए, तन को सुध बिसराई ।
मद ऐसी फैलदाई ॥ होली खेलो॰ ॥
ज्ञान ध्यान सनमान सज्जन को, रंग सुरंग बनाई ।
प्रेम प्रतीत प्रीत पिचकारी, मारो जिया हुलसाई ।
धूम चहुंदिश में छाइ ॥ होली खेलो॰ ॥
हे जगदीश अनादि अनूपम, निराधार जगराई ।
होए कृपा अब तेरी "गणेशी" भारत विपद नशाई ।
फाग तब होए सदाई ॥ होली खेलो॰ ॥

होली समाप्त ॥

आर्य्य समाज वार्षिकोत्सव

१७१ भजन

आर्य्य भाइयों को यह कार मुबारक होवे ।
करना उपदेश पर उपकार मुबारक होवे ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

आर्य भूमि से ये वेद पोशीदा बिलकुल ।
हां किये स्वामी ने नमूदार मुबारक होवे ।
किया वेदों का जो भाष्य स्वामी जी ने ।
हम पर हां उनका पर उपकार मुबारक होवे ।
था अविद्या का अंधेरा भारत में पड़ा ।
हा अब हुआ वेदों का चमतकार मुबारक होवे ।
पालो नियमों को, करो सन्ध्या दो कालों में ।
हां जो न माने उसे धिक्कार मुबारिक होवे ।
पढ़ो वेदों का भी तुम, और पढ़ाओ सब को ।
हां सत्य विद्या का यह प्रचार मुबारिक होवे
ज़हे किस्मत हुआ फिर वेदों का प्रचार यहां ।
करना आगाज़ गुरुकुल का मुबारिक होवे ।
इल्तजा ईश से दिन रात हमारी यही है ।
होना ब्रह्मचर्य का आगाज़ मुबारिक होवे ।

---

१७२ भजन

सदा खुशी हो, सदा हो मङ्गल,
सदा हो जलसा ये शादियाना ॥ १ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सदा हो स्वास्ति, सदा हो शान्ति,
सदा हो सफला ये यज्ञ रचाना ॥ २ ॥
सदा हो कीर्ति, सदा हो लक्ष्मी,
हे बाल बृद्ध हे नौज्वाना ॥ ३ ॥
सदा हो तुष्टि, सदा हो पुष्टि,
सदा हो बल पराक्रम बढ़ जाना ॥ ४ ॥
सदा हो आपस में प्रेम प्रीति,
नमस्ते कह करके कर मिलाना ॥ ५ ॥

---

१७३ भजन

यह जलसा तुम को सालाना, मुबारिक हो मुबारिक हो।
सभी भाइयों का यहां आना मुबारिक हो, मु०
प्रभु तेरी दया से ये हुआ उत्सव हमारा है।
सभी करते हैं शुकराना मुबारिक हो, मु०
भवन में हवन करते हैं, सभी पढ़ करके मन्त्रों को।
सुगन्धित वस्तु का पाना, मुबारिक हो, मु०।
आये हैं दूर देशों से, हमारे आर्य भाई।
नमस्ते कह के मिल जाना मुबारिक हो, मु०
सिवाये नाम ईश्वर के नहीं कुछ और है चर्चा।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सर्व व्यापक के गुण गाना, मुबारिक हो । मु०
करो हिम्मत तुम आपस में, सब मिल के महाशय गण ।
ये सत विद्या का फैलाना, मुबारिक हो मु० ।
सुधारा है जो भारत को, स्वामी दयानन्द ने ।
शुकर उनका बजा लाना, मुबारिक हो । मु०
हमेशा अर्ज करते हैं खुशो बेकश [illegible]दिक दिल से ।
भजन मण्डली का यह गाना, मुबारिक हो मु० ।

---

१७४ भजन

यह जलसा तुमको सालाना मुबारिक हो ।
मिले हैं खेशो बेगाना मुबारिक हो मुबारिक हो ।
सुशोभित आप ने जो आज मन्दिर को किया साहिब ।
करम हम पर ये फर्माना मुबारिक हो, मु०
कहां था देश का हित, और कहां पर उसकी उल्फत थी ।
यह बातें हम को समझाना, मुबारक हो मु० ।
कहां थी पाठशालाएं, जो वैदिक मत को सिखलातीं ।
महाविद्यालय का बनवाना, मुबारक हो मु० ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दया के चांद ने आनन्द से का दूर तारीकी।
ये शुभ उपकार मरदाना, मुबारक हो मु०।
सुगन्धित वस्तुओं की आहुति से धर्म जीवन की।
खबर आकाश तक जाना, मुबारक हो०।
बड़े विद्वान् पण्डित और लायक लैक्चरारों से।
नसाया पन्द सुन पाना, मुबारक हो०
महा योगी महा पण्डित ऋषि स्वामी सरस्वती का।
धर्म की वृष्टि बरसाना, मुबारक हो०।
दुआ है "मुदगल" की यह, रहें सब शाद आर्य गण।
भजन मण्डली का यह गाना, मुबारक हो०॥

मिश्रित

१७८ भजन

जे तैं सृष्टि रचाई वे रचाई वे रच ई सृष्टि वालड़या।
ऋषि मुनियों ने महिमा गाई सृष्टि वालड़या॥
तैंनूं गावें सकल जग वासी वे वासी वेदां वालड़या।
तू पूर्ण ब्रह्म अविनाशी सृष्टि वालड़या।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तू सब जगका भंडारी वे भंडारी सृष्टि वालड़्या ।

तैनूं गावे सृष्टि सारी वेदां वालड़्या ॥

जिस तेरा नाम ध्याया वे ध्याया वे ध्याया वे सृष्टि वालड़्या

उन्हां परम आनन्द पद पाया वेदा वालड़्या ।

तूं सब का मंगल कर्त्ता वे कर्त्ता वे कर्त्ता वे सृष्टि वालड़्या

तूं सब पापों का हर्त्ता सृष्टि वालड़्या ।

तेरी महिमा किस विध गावें ये कोई गावे वे सृष्टि वालड़्या

तेरा कोई भी अन्त न पावे सृष्टि वालड़्या ।

तैं चारों वेद बनाये वे रचाये वे रचाये वे सृष्टि वालड़्या

चौहां ऋषियां ते प्रगटाये वेदां वालड़्या ।

जिन्हां वेदां नूं मन लीता वे लीता वे लीता सृष्टि वालड़्या

उन्हां जन्म सफल कर लीता वेदां वालड़्या ॥

जिन्हां कीती वेदां दी हानि वे हानि वे सृष्टि वालड़्या

वोह मूर्खा बड़े अज्ञानि वे सृष्टि वालड़्या ॥

कई बन गये जैनी कुरानी वे किरानि वे पुरानि सृष्टि वालड़्या

सब करने लगे मन मानी वेदां वालड़्यां ।

कई भंग और चरस उड़ावन वे उडावन वे उडावन सृष्टि वालड़्या

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

लोकां नूं दुःख विच पावन वेदां वालड़्या।

कई बन गये मांस आहारी वे आहारी वे आहारी सृष्टि वालड़्या

फिर भारत होया दुखयारी सृष्टि वालड्या।

फिर अठारा पुराण बनाये वे रचाए वे जुड़ाए वे सृष्टि वालड़्या

लोकां नूं वेद भुलाय सृष्टि वालडिया।

फिर पत्थर आन पुजाये वे पुजाये वे पुजाये सृष्टि वालडिया

भारत ते कष्ट बढ़ाये सृष्टि वालडिया।

जद भारत होया दुखयारी वे दुखयारी वे दुखयारी सृष्टिवालडिया

तैं ने भेजया इक ब्रह्मचारी वे वेदां वालडिया।

ओ दक्खिणदेश बिचों आया वे आया वे आया सृष्टि वालडिया

भारत दा कष्ट मिटाया वेदां वालडिया।

उस गुरूदी आज्ञा मानी वे मानी वे मानी वे सृष्टि वालडिया

पूर्ण वेदां दा सी ज्ञानी वेदां वालडिया।

ओ पोप दलां विच जावे वे जावे वे जावे वे सृष्टिवालडिया

खड़ा होके सत बतावे सृष्टि वालडिया।

कई पत्थर ईंटां मारन वे मारन वे मारन वे सृष्टि वालडिया

कई सैंकड़ो गा २ हारन वेदां वालडिया

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

उस वेदां दे अध्ययनाय वे सुनाये व सिखाए सृष्टिवालडिया
वेदां दे तत्व बताए वेदां वालडिया ।
उस बिछड़े आन मिल ए वे मिलाए वे मिल एवे सृष्टिवालडिया
सब सुत्ते आन जगाए सृष्टि वालडिया ।
उस संध्या फिर तों सिखाई वे कराई वे बताई वे सृष्टिवालडिया
फिर हवन दी रीति चलाइ व सृष्टि वालड़िया
उस आर्यसमाज बनाए वे रचाये वे सृष्टि वालड़िया
गुरुदत्त जहे बीर बनाए वेदां वालड़िया ॥
फिर लेखराम बलकारी वे बलकारी वे बलकारी सृष्टि वालड़िया
जिस खादा आन कटारी वेदां वालड़िया ॥
ओह ऋषि दयानन्द स्वामी वे स्वामी वे स्वामी वे सृष्टि वालड़िया
ओह दुनियां विच होया मनी सृष्टि वालड़िया ॥
"आरज" ऋषि दे धन्यवाद गावन वे गावन वे गावन सृष्टि वा०
प्रभु तेरे तों तर जावन सृष्टि वालड़िया ॥

इत्युत्सवम्

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१७६ लावनी वर्णाश्रम पर

शेअर—तज के विद्या वेद की जब उलटे हो गये आचरण।
तज के धर्म और कर्म को होने लगे शंकर वरण॥

टेक—चार वर्ण और चार आश्रम गुण कर्म से होते हैं।
वर्णाश्रम धर सिरहाने अब भारत वासी सोते हैं॥

चौक १

पहिला आश्रम ब्रह्मचर्य्य है वीर्य की जिस में है रक्षा,
पच्चीस वर्ष जितेन्द्रिय हो वेदों की पावे शिक्षा।
पण्डित राजा आके देश के करें फिर उस की परीक्षा,
वर्ण का दें अधिकार विवाहें उसे नार जो उसकी हो इच्छा।
सत्य व्यवहार से गृहस्थ करें और बीज मनुष्य का बोते हैं। वर्ण०

चौक २

गृहस्थ के पीछे बानप्रस्थ फिर ले सन्यास करें उपकार,
आतीथि बृत्ति भ्रमण करें निर्पक्ष धर्म का करे प्रचार।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ब्रह्मचारी और गृहस्थी की जब होय बिराग छूटे व्यवहार।
करें जगत उपकार उन्हें भी सन्यासी का है अधिकार।
मोक्ष मार्ग में रहे कभी वह बृथा काल नहीं खोते हैं। वर्ण०

चौक ३

काशीनाथ ने शीघ्रबोध रच बाल विवाह का किया उपदेश
ब्रह्मचर्य्य की बात भुलाई जिस से बिगड़ गया सब देश।
बल वीर्य्य विद्याबुद्धि खोकर जब अन्धकार में किया प्रवेश।
ल ि ठोकरों पर ठोकर सिर फूट गये हुआ बहुत क्लेश।
राज पाट का नाश हुआ अब हाथ मलें और रोते हैं। वर्ण०

चौक ४

चार आश्रम का था मूल जो पहिला आश्रम नष्ट हुआ।
फूल गया फिर फले न बृक्ष धर्म्म कर्म्म सब भ्रष्ट हुआ।
आर्य्य से हिन्दू बन गए और पत्थर इनका इष्ट हुआ।
पत्थर चित्त होगए तब हो से दीन अनाथ को कष्ट हुआ
अपस्वार्थ में फंसे रात दिन विषयन में धन खोते हैं। वर्ण० ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चौक ५

मूरख शठ घर से लड़ मिड़ कर पहुंचे जाय नगर काशी।
सीस मुंडा कर जटा बढ़ा कर हो गए पूरे सन्यासी।
कामी क्रोधी महा आलसी कहन लागे हम अविनाशी,।
चरस भङ्ग मद गांजा पीकर कहें छुट गई चौरासी।
पञ्च गृही के टुकड़े खाकर पड़े रात दिन सोते हैं, वर्ण०।

चौक ६

दयानन्द सरस्वती स्वामी ने पूर्वाश्रम पूरा कर,
फेर लिया सन्यास वेद का भाष्य सत्य शुद्ध कर डगर २
आर्य्य समाज स्थापित कर दिये थके दुष्ट सब झगड़ झगड़
वेद भषाय और धर्म शास्त्र फैल गए सब नगर, नगर।
नवलसिंह कहे हम भी उन्हीं से यह मन मैला धोते हैं वर्ण०

गौरक्षा विषय में

१७७ ग़ज़ल

गौओं पर होता है सितम हम से सहा जाता नहीं।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तुम को कुछ भी ज़ालिमों इन पर तरस आता नहीं ।
दूध घी मक्खन तुम्हें दें आप जंगल में चुगें ।
इस पर भी इन्हें मारते सय्याद शर्माता नहीं ॥ १ ॥
बैल इन के हैं सपूत हल गाड़ी में तुम जिन्हें जोड़ते ।
इस कदर वफ़ादार कोई दुनियां में सुत आता नहीं ॥ २ ॥
बाद मुर्दन भी तुम्हें आराम दें निज चाम से ।
तिन की गर्दन पर छुरी धरते रहम आता नहीं ॥ ३ ॥
यवन और क्रिश्चियन आर्य सब को जानत एकसा ।
दूध से पाले बड़ी क्या सब की ये माता नहीं ॥ ४ ॥
ख़ैरख्वाह रफ़ीक़ों पर करो अब तो रहम सितमगारो ।
जुल्म हरगिज खुदा से भी बख्शा कभी जाता नहीं ॥५॥
करता है बलदेव जो क़ानून कुदरत के खिलाफ ।
कौन है आखिर में जो रो रो के पछताता नहीं ॥ ६ ॥

विद्या महिमा

१७८ गीत

विद्या जैसा दान न कोई विद्वानों ने माना है ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बिन विद्या के प्यारे मानुष पशु समाना है ॥
विद्या से ही ज्ञान प्राप्त विद्या से हो शुद्धताई ।
विद्या से ही पता फिर प्रभु का मिलता है भाई ॥
विद्या से ही मान सभा में विद्या से पण्डिताई ।
विद्या से ही प्यारे निश दिन बुद्धि बढ़जाई ॥
विद्या से ही चतुर स्याना विद्या से हो दाना है ।
बिन विद्या के प्यारे मानुष पशु समाना है ॥
विद्या से ही प्रचारक बन वेदों का प्रचार करें ।
विद्या से ही महाशय जगत में पर उपकार करें ॥
विद्या से ही कलाकौशल गुणीजन लोग तैय्यार करें ।
विद्या से हुए वैदिक धर्म्म की जय २ कार करें ॥
विद्या से नर सीख लिये भी कहना और कमाना है ।
बिन विद्या के प्यारे मानुष पशु समाना है ॥
विद्या से हो संतान आर्य विद्या से हो ब्रह्मचारी ।
विद्या से हो शूरवीरता विद्या से हो बलधारी ॥
विद्या से हो श्रेष्ठ शिक्षा विद्या से आज्ञाकारी ।
ले शस्त्र विद्या राम ने असुरों से लंका मारी ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

राज मुमीक्षणा को दिया और हुक्म सभा ने मानी है।
बिन विद्या के प्यारे मानुष पशु समाना है॥
जब से विद्या भूल गये और अविद्या आकर छाई।
पग २ ऊपर जी हम ने बार २ ठोकर खाई॥
मत मतांतर फैल गये और तेग मुहम्मादियों ने पाई।
आर्य सन्तान काट २ कर खूं की जो नदियां बहाई॥
खुले भाग भारत के भाइयो पलटा और जमाना है।
बिन विद्या के प्यारे मानुष पशु समाना है॥
विद्या के कारण ऋषि ने जो २ कष्ट उठाए हैं।
सभी जानते प्यारे नहीं कुछ छुपे छुपाए हैं।
तकलीफों का किया सामना ईंट पत्थर खाए हैं।
सत्कार्य मण्डन किया और संशय भ्रम मिटाए हैं।
बेशक जावे जान न छोड़ो वैदिक धर्म्म खज़ाना है।
बिन विद्या के प्यारे मानुष पशु समाना है।
सत विद्या का सूर्य चढ़या गुरुकुल आज त्यार हुआ
तेरी दया से दयानन्द विद्या का चमत्कार हुआ।
यादगार तेरी की मदद को बच्चा २ त्यार हुआ

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

श्री कुरबानी महात्मा कौम का बेड़ा पार हुआ ॥

परम धर्म आर्य लोगों का पढ़ना और पढ़ाना है।

बिन विद्या के प्यारे मानुष पशु समाना है।

जिंदगी तक दे दिया जिन्हों ने शाखें क्या २ हौंसले आली हैं।

यह कल्प बृक्ष है कि जिस के मुन्शीराम जी माली हैं।

माल तो भाइयो पतिलाज के करने को रखवाली है।

जल सेंच २ कर जिन्हों ने शाखें और निकाली हैं।

विद्या से हो "लाभचन्द्र" पर सत विद्या को पाना है।

बिन विद्या के प्यारे मानुष पशु समाना है।

आर्यसमाज आशय

रागनी भैरवी) १७९ गीत (ताल दादरा

टेक—दुनियां में चारों वेदों का प्रचार करेंगे।

जो कुछ कहा ऋषि ने उसे सिर पै धरेंगे ॥

निश्चय हमारी कोशिशों का फल यह होवेगा।

ऐहले अर्ब ईरान में जा जा झंडे गड़ेंगे।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अमरीका आदि यूरप और जो देश हैं बचे।
बस वेद धर्म की सभी आ शरण पड़ेंगे।
अफरीका स्याम ब्रह्मा आदि जंगली जो देश।
कल्याणी वाणी वेद की सब दिल से पढ़ेंगे॥
सन्ध्या व अग्नि होत्र भी होंगे सुबह शाम।
पितर अतिथि बलिवैश्व देव यज्ञ करेंगे॥
होगा आनन्द शान्ति हर घर में फिर जरूर,
वैदिक धर्म पर सीत जब आ २ के चढ़ेंगे॥
ईश्वर ने वेद सब के लिये हैं दिये हुए,
सारे ही मान इनको फिर करने लगेंगे॥
प्रचार फंड को प्रथम हम करके खूब पुष्ट,
आगे ही आगे धर्म के मैदान में बढ़ेंगे॥

भजन १८०

उठो अब बान्ध अंा कमर को क्यों करते हो देर,
मित्रो धर्म के कार्य में होती जाय अबेर॥
बीड़ा उठावो धर्म का जगत् में वह फैलाय,
सत्य धर्म प्रचार करो पाखण्ड हटाय,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

टेक—अब धर्म का बीड़ा उठालो मत इस में देर करो तुम ।

छोड़ सभी जगत् का धंधा तोड़ो पोप जाल का फंदा । हरे०

यह मार्ग है बिलकुल मंदा गंदा इस से चित्त हटाय लो,

मत किसी से यार डरो तुम ॥ मत०

उठो मित्र कब तक सोवोगे, क्या यह वक्त वृथा खोवोगे । हरे०

फिर सिर धुन २ कर रोवोगे, अब भी मन समझाय लो ॥

नहीं ज्यादा दुःख मरो तुम ॥ मत०

बान्ध कमर नहीं करो देरी, आर्यवर्त्त में देदो फेरी । हरे०

तुम प्रार्थना सुनयो मेरी, सब को आर्य बनाय लो ।

भारत के क्लेश हरो तुम ॥ मत०

निर्भय हो उपदेश सुनावो, कभी किसी से मत घबरावो । हरे०

'वासुदेव' सत्य धर्म कमावो, इस अमृत को खाय लो ।

भव सागर पार उतारो तुम ॥ मत०

इति मिश्रित प्रकरणम् ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

॥ सीता का पतिव्रत धर्म ॥

१८१ भजन

दोहा—जब सीता बन चलन को, होगई तुरत तयार।
रामचन्द्र समझाय के, कहते बारंबार ॥

टेक—दुलारी जनक की जाई, हठ छोड़ चलो मत बन को ॥

तुम हो जनक दुलारी, रंग महल की रहने हारी।
इस अंग कोमल पर दुख भारी, कैसे सहा जाई ॥
दुख लखा नहीं एक छिन को। हठ छोड़ ॥१॥

बनका जंगल खारदार है, जिसकी तीक्ष्ण तेज़ धार है।
लगते होजाय वार पार है, है अति दुखदाई।
कर चुभने ही बेकल तन को, हठ छोड़ ॥२॥

शेर आदि पशुओं का डर है, इसी से वहां रहना दुस्तर है।
सुख नहीं सर्व दुःखों का घर है हो व्याकुलताई।
करो कैसे स्थिर मन को हठ छोड़० ॥३॥

जो प्यारी वन को जाओगी, वहां जाकर के पछताओगी।
तेजसिंह कहे दुख पाओगी, जिस की यह कविताई।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तज इस आनन्द अमन को। हठ छोड़ ० ॥४॥

१८२ दादरा

सिया दुःख बन में उठाना होगा।
प्यारी मत जाओ पछताना होगा॥

राजपाट भूषण और वस्तर, सब कुछ तुम्हें गमाना होगा ॥१॥
कठिन भूमि में कोमल पैरों, बिना सवारी जाना होगा ॥२॥
वृक्ष तले धरणी पर सोना, बन तृणपत्र विछोना होगा ॥३॥
वकलवस्त्र अंग रक्षा हित, कन्द मूल फल खाना होगा ॥४॥
हाथ कमंडल गल मृग छाला, तन में राख लगाना होगा ॥५॥
हरदत्त कहे वोली यों सीता, जो कुछ होगा बिताना होगा ॥६॥

१८३ भजन

ख्याल

सुन पती के बचन सोच सीता के हुआ मन में भारी।
कल से वेकल हुई हुई वेहोश नीर नैनों से जारी॥
फिर सिया धरके धीर कलेजा पीर पकड़ के उचारी।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पिया वियोग सम दुःख नहीं दूजा ऐसे कहे प्राणों प्यारी ।

टेक—मोहि सुर पुर नरक समान है, बिनु पती के ताबेदारी ॥

मात पिता सुत भगिनी भ्रात सुखदाई ।

गृह सासु बिनु पती के सब दुखदाई ॥

है जहां तलक जग माहिं रिश्ते और नाते ।

मुझे बिना पती के दर्श तराशे से ताते ॥

सब राज पाट परिवारा, बिनु पती लगे नहीं प्यारा ।

है भोग रोग संसारे, बिनु पिया दुख देने हारे ॥

बिनु पती जीव नहीं रहे, सिया यों कहै, अंग सब दहै, भ्रंग

में रहना मुश्किल प्राण है, यों कह रही जनक दुलारी ॥ १ ॥

है बिना जीव ज्यूं देह नदी बिनु बारी ।

बस ऐसे ही समझो बिना पती के नारी ॥

है यही हमारा धर्म धर्म नहीं दूजा ।

है इस में ही कल्याण करूं पति पूजा ॥

नहीं पातिव्रत धर्म बिसारूं लाखों विपता सिर धारूं ।

यही पतिव्रत धर्म हमारा, हम मानें हुक्म तुम्हारा ।

दे पतिव्रत धर्म बिसार, दुखी वही नार, सुखों का सार ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मिलेगा उनको आज जहान में, जो हैं पतिव्रता नारी ॥२॥

अय पती मुझ वह जंगल रंग महल है।
जहां प्राणनाथ प्यारे की मुझ टहल है॥
भोजन है उत्तम मुझे कन्द मूलों के।
वो काटे मुझ को समान हैं फूलों के॥

हम तुम्हारे दर्श की प्यासी, हूं चरण कमल की दासी।
सब खिदमत बजा लाऊंगी, हरदम सुख पहुंचाऊंगी॥
कह रही रो रो के सिया, सुनो मेरे पिया, लरजता हिया।
आपके बेइन्तहा अहसान हैं, करो न अर्द्ध अंग को न्यारी॥३॥

जो प्राण जाय तो शरीर रहता नाहीं।
जो शरीर जाता रहे कहां परिछांहीं॥
हम हैं शरीर और आप हैं प्राण हमारे।
तुम शरीर में परिछांईं साथ तुम्हारे॥

तुम कैसे अलग करोगे, करो अलग तो दुःख भरोगे।
जो मैं न्यारी हो जाऊँगी, बच सकूं न मर जाऊँगी॥
रो २ सीता कह रही, चरण गह रही, दगन बह रही।
तेज सिंह जल धारा बेपरमान है, कर करके गिरिया ज़ारी॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१८४ भजन

टेक- पतीब्रत धर्म को री पालन किया नार सीता ने ॥
रामचन्द्र को वन की आज्ञा दीनी महतारी ने ॥
उसी वक्त पती संग गई नहीं छोड़ा धर्म नारी ने ।
पतीब्रत धर्म को री० ॥१॥

देर न करी गई पति के संग सीता पतीब्रता नारी ।
चौदह वर्ष पती के संग नंगे पैरों फिरी विचारी ॥
पतीब्रत धर्म को० ॥ २ ॥

वन में मिला दुष्ट एक राक्षस जिसने उसे चुराया ।
वियान मारग के बीच नार सीता को त्रास दिखाया ।
पती ब्रत धर्म को० ॥ ३ ॥

अस्त्र शस्त्र का भय दिखलाकर बहुतेरा धमकाया ।
अटल पतीव्रत कैसे डिगेगा यह दृढ़ धर्म दिखाया ॥
पतीब्रत धर्म को री० ॥ ४ ॥

सतवन्ती थी नार सिया जी नियम न अपना छोड़ा ।
मरना तक मंजूर किया पर धर्म से मुंह नहीं मोड़ा ॥
पतीब्रत धर्म को० ॥ ५ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१८५ भजन

॥ दोहा ॥

सीता बोली ज़ोर से ऐ पापी सुन बात ॥
पाप करे तज धर्म को क्या आवे तेरे हात ॥
थी कहां तलवार तेरी जब मेरी शादी हुई ।
अब भी पापी मानजा नहीं तेरी बरबादी हुई ॥

ए रावण तु धमकी दिखावे किसे,
मुझे मरने का खौफ़ खतर ही नहीं ॥
मुझे मारेगा क्या अपनी ख़ैर मना ।
तुझे होनी की अपनी खबर ही नहीं ॥
तु जो सोने की लंका का मान करे ।
मेरे आगे यह मिट्टी का घर भी नहीं ॥
मेरे दिल का सुमेरु डिगेगा कहां ।
मेरे मन में किसी का डर ही नहीं ॥
ए रावण० ॥ १ ॥

आवें इन्द्र नरेन्द्र जो मिलके सभी ।
क्या मजाल जो शील को मेरे हरें।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तेरी हसती है क्या सिवा राम पिया ।
मेरी नज़रों में कोई बशर ही नहीं ॥
ए रावण० ॥२॥

तुने सहस्र अठारा जो रानी वरीं ।
तुझे इतने पे आया सबर ही नहीं ॥
तुने परातिरिया पर ध्यान दिया ।
ए निगोड़े नरक का ख़तर ही नहीं ॥
ए रावण० ॥३॥

मेरी चाहें जो दिल में थीं तेरे बसी ।
स्वयम्बर से जीत क्यों लाया नहीं ॥
मुझे यह तो बता तु था कौन शहर ।
जो स्वयम्बर की पहुंची खबर ही नहीं ॥
ए रावण० ॥४॥

जो हुआ सो हुआ अब भी ख़ैर मना ।
मुझे राम पे जल्दी से दे तु पठा,
कह सीता बगैर नहीं होवेगा क्या ।
चन्दरोज में तेरा यह सर ही नहीं ॥
ए रावण तु धमकी० ॥६॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वैराग्य

१८६ भजन

टेक—सब ऐंट निकल जावेगी, क्या फिरते तिरछे बांके ।
धन दौलत और माल खज़ाने, नहीं साथ यह तेरे जाने ।
निश्चय अब तूं समझ दिवाने, पड़े ठाठ रहें सब यहांके । क्या०
माता पिता भ्राता सुत दारा अन्त समय सब करें किनारा ।
मन से प्रभु तैंने बिसारा, यहां के रहे न वहां के ॥ क्या०२॥
फंसे रहे तुम विषय भोग में, ध्यान दिया नहीं जाप योग में ।
घिरा आन जब कराठ रोग में, लगे जुवां के टांके ॥ क्या० ३ ॥
क्या जीवन उद्देश तुम्हारा, कुछ भी खबर तुम्हें नहीं प्यारा ।
मुफत काल 'शर्मा' गया सारा, किस लिये आप यहां झांके ।
क्या फिरते तिरछे बांके ॥ ४ ॥

लावनी १८७ भजन

नरतन पायके यत्न कर ऐसा जिस से वही कर्तार मिले,
ऐसी उत्तम योनि पदार्थ फिर नहीं बारम्बार मिले ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

टेक—नरतन पाके उमर कहां गंवाई ।

लखचौरासी योनि भुगत कर ।
मुश्किल से यह मनुष्य देह पाई ॥ नरतन०

बाल अवस्था खेल में खोई ।
विषयों में बीती तरुणाई ॥ नरतन०

वृद्ध हुआ देह कम्पन लागी ।
इन्द्रियां थकित सभीत हो जाई । नरतन०

ग्रस्त किया रोगों ने आ कर,
रोवें हा हा कार मचाई । नरतन०

काल आन जब शेर गर्जे,
काम न देवे एक दवाई । नरतन०

एकल्ला लाद चला बनजारा,
छोड़ सकल सुख सम्पत भाई । नरतन०

भाई बन्धु हो माता सुत नारि,
रो रो कर सब देत दुहाई । नरतन०

यह शरीर जो सब से प्यारा,
इस की भी जल भुन होई छाई । नरतन०

साथ संग तु किस को लेना,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

धर्म बिना हो कौन सहाई। नरतन०

बांध लई पापों की गठड़ी,

दुनियां से ले चला है बुराई। नरतन०

हाए शोक यूंही जीवन खोया,

रोवे कर मल २ पछताई। नरतन०

जो चाहो तुम जन्म सुफल हो,

"वासुदेव" करो नेक कमाई। नरतन०

---

१८८ भजन

अजब है कुदरत इस ईश्वर की, देखो लावे घड़ी न पल,
पल में सूखी नदियां दीखें, पल में करदे जल और पल।
१, पल में सखियां सीस गुदावें, पलमें केश पड़ गये गल।
पल में पंछी चुगदे देखे, पलमें प्रान कटाए गल॥
पलमें देखें हरी २ खेतियां पलमें ऊपर चल गये हल।
पलमें दरया मौजें मारे, पलमें बन गये रेत के थल
पलमें नगर चैनसे बसते, पलमें होगये जल और थल, अजब है
२, पल में देखे कूद फांदते, पल में गिरे घुटनों के बल।
पल में नीले अम्बर देखें, पल में माईं आंधी के दल।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पल में धूप और सूखी धर्ती, पलमें कीच हुआ दल दल।
पल में खेले बाल बच्चों में, पल में मौत ने धूटा गल।
पल में राजा राजगद्दी पर, पल में झाली पड़ गई गल, अजब है।
१, पल में बांधे जंग मारते, पल में गिरे गये सिर के बल।
पल में चेहरे भरे जवानी, पल में पड़ गये सौ २ बल।
पल में देखे मुलक के हाकम पल में संगल पड़ गये गल।
पल में हस्ति घोड़े पालकी, पल में चल घुटनों के बल।
पल में सो रहे फूल सेज पर, पल में सोते चितामेंचल। अजब है
२, पल में राज की थी त्यारी, पल में राम चले जंगल।
पल में सीता थी महारायी, पल में रोई हाथ दे गल।
पल में लक्ष्मण फिरें नाचते, पल में होगया चल भाई चल॥
पल को 'गोविन्ददास' न खो तूं, पल में छोड़ दुनियां दे चल
अजब है कुदरत इस ईश्वर की, देखो लावे घड़ी न पल॥

(प्रभाती) १८६ भजन

टेक-जिया को सोच भई अब किस विध उतरेंगे पार।
भवसागर में नाओ चलाई, आन पैड़ी मंझधार।
काम क्रोध की रात अन्धेरी, दीखत वार न पार॥ १॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

काली घटा मेघरा गरज, दुनियां घोर अन्धकार।
झूनी बेड़ी अमलां वाली, डोलत है हर बार ॥ २ ॥
न बल है न गुण है कोई, साईं न सरदार ॥
हुनतां सुर्त सम्भाल महाराया, डूबत है परिवार ॥ ३ ॥
अमलां वाले लंघ २ जावण, रह गये औंगुण हार।
हम अति दुर्बल डूबन लागे, रोवें हाथ पसार ॥ ४ ॥
ऋषि मुनि साधु जन लाखों, तारे तै कर्तार।
शरण पड़े की लाज हमारी, राखो पालन हार ॥ ५ ॥

होली काफ़ी) १९० भजन (ताल चंचल

मेरी आयु निष्फल गई मैंने सुध न लई।
बाली उमर गई खेल कूद में युवति विषयों की मई। मैंने०
खोटी संगत में आयु हारी, पल्ले न कौड़ी रही। मैंने०
गहरी नदिया नाओ पुराणी, इत की न उत की रही। मैं०
मौत खड़ी मेरा जीड़ा डारवे, आशा कछु न रही। मैं०
"वृजलाल प्रभु पार करेंगे, उन की शरण जिन लई। मैं०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागनी बरवा) १९१ भजन (ताल क़व्वाली

अन्त नूं पछतांवदे, जेड़े ईश्वर दे गुण नहीं गांवदे।
नदियां दे विच उपर गुज़ार, आख़र नूं दुःख पांवदे।
धन दौलत और गज रथ सेना, अन्त नूं सब छड जांवदे।
विक्रम भोज दधीच से भारी, देख नजर नहीं आंवदे।
हनुमान बाली और अर्जुन, मौत नूं सिर पये नवांवदे।
रामचन्द्र लंकेश बभीषण, लंका नूं खाली कर जांवदे।
मात पिता भ्राता सुत मोह, अन्त सभी मुड़ आंवदे।
यह तन तेरा सुन्दर प्यारे, अन्त नूं ख़ाक रुलांवदे।
तेरी नारि बहुत्त प्यारी, अन्त नूं सब डर जांवदे।
अन्त समय कम धर्म ही आवे, इस नूं कानूं गवांवदे।
'आर्य्य' उमर बीत दी जाय, ईश्वर दे क्यों नहीं गुण गांवदे॥

---

१९२ भजन

टेक—मन कहां कहां तु डोलता।
ईश्वर की ओर नहीं जाता।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जीते जी का है सब नाता, मात पिता दारा सुत भ्राता।
अन्त समय कोई काम न आता, निकल आये जब बोलता ॥
जिन में तु चित लगाता।
ईश्वर की ओर नहीं जाता।

रात दिन छल कपट करे तु, फिर कुटुम्ब का पेट भरे तु।
जाये अकेला नरक पड़े तु, क्यों अब कमती तोलता ॥
यहां वृथा पाप कमाता।
ईश्वर की ओरं नहीं जाता।

अपना खूब समझता स्वार्थ, कीना नहीं कभी परमार्थ।
कोई नहीं जावे साथ पदार्थ, क्यों नहीं आंखें खोलता।
एक धर्म काम ही आता।
ईश्वर की ओर नहीं जाता।

बन हाकिम नहीं न्याय चुकावे, रिशवत ले २ कर तू खावे।
कहे 'मुरारी' सुख नहीं पावे, अमृत में विष घोलता।
क्यों अब तू मौज उड़ाता।
ईश्वर की ओर नहीं जाता।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१९३ भजन

काया कैसे रोई चलत प्राण ।
चलत प्राण काया कैसे रोई, छोड़ चला नर मोहि ।
मैंने जाना मेरे संग चलेगी, ऐसे कार्या काया मल २ धोई ।
ऊंचे नीचे मन्दिर छोड़, गाय भैंस घर घोड़ी ।
तिरिया तो कुलवन्ती छोड़ी, पुत्रन की जोड़ी,
मोटी छोटी गज़ी मंगाई, बना काठ की घोड़ी ।
चार जणे जो मिलके गये हैं फूक दई फागण कैसी होई ।
भोली तिरया रोवण लागी, विछड़ चली मेरी जोड़ी ।
कहत 'कबीर' सुनो भाई साधो, जिन जोड़ी वाही न तोड़ी ।

---

१९४ भजन

कहां से आये मियां मुसाफिर, कहां को अब तुम जाओगे ।
कुछ तो अपना पता खुलासा, हम को भी बतलाओगे ।
कौन ग्राम और धाम आप का, नाम आपका क्या कहिये ।
कौन जाति कुल गोत्र आपका, यह भी बतलाना चाहिये ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

यहां तुम्हारा किस से रिश्ता, सो भी समझना चाहिये।
कहिये दिल की बात रात दिन, किसी मंसूबे में रहिये।

---

१६५ भजन

मुए हज़ारों लोग जहां में, खुशी का दम भरते भरते।
कितने ही मरगये माल दौलत की हिरस करते करते।
रहे समझते यही उमर भर, सब ज़र माल हमारा है।
हमारा है परिवार यार सुत, बन्धु खूब रू दारा है।
अस्प फील, और शुतर महल, यह लशकर अपना सारा है।
यह कहते मरगये न समझे, कुछ भी सार असारा है।
हज़ारों पर कर जुल्म छीन जर, करोड़ों को धरते धरते।
कितनेक ही मरगये माल दौलत की हिरस करते करते ॥१॥
कितने ऐसे हुए शान अपनी में आपे से; बाहिर।
कितने ऐसे हुए कहें खुद होके खुदा हाज़िर नाज़िर।
कितने ही खूंखार हुए महमूद व चंगेज़ो नादिर।
कतल किये बे गुनाह लाखों कह करके काला काफिर।
नबी पैगम्बर बनके कोई जा बजा फिरे लड़ते भिड़ते।
कितने ही मरगये माल दौलत की हिरस करते करते ॥२॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रो १ कर मरगये जुल्मकर कितने जालिम और जल्लाद ।
कितने ही महबूब खूबरू कितने आलिम और उस्ताद ।
कितने योगी यती सती औ कितने सितमगर औ सैयाद ।
शूरवीर औ बली पहलवां हुए हज़ारों बे बुनियाद ।
कितने डाकू चोर उचक्के पर धन को हरते हरते ।
आख़िर को मरगये माल दौलत की हिरस करते करते ॥ ३ ॥
जहां को फ़ानी समझ के यारो नेक चाल चलना चाहिये ।
हैं चन्द रोज़ा ये जिन्दगानी बुराई से बचना चाहिये ।
जु म किसी पर रवा नहीं है ईश्वर से डरना चाहिये ।
धर्म कर्म को संभाल अपने भवसागर तरना चाहिये ।
तज बैरी को स्वांग वेगि 'बलदेव' समझ मरते करते ।
कितने ही मरगये माल दौलत की हिरस करते करते ॥४ ॥

११६ भजन

किसकी शादी ग़मी मानयें नाहक जिगर जलाना है ।
कोई दिन का महमान जान जिन्दगी का कौन ठिकाना है।
रहे नहीं बाली कर्ण युधिष्ठर राम लछमण दोनों भाई ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कहां गये रावण बानासुर कुम्भकरण से बलदाई।
कहां बालि सुग्रीव नील नल हनुमान कहां रघुराई।
धन्वन्तर अरु अफ़लातून मर गये ख़बर तक न पाई।
कहां गए कारूं कुवेर कहां उनका अटल ख़ज़ाना है।
कोई दिन का महमान जान जिन्दगी का कौन ठि० ॥२॥
जो पैदा दुनियां में हुए नापैद एक दिन हो।
जो सोते ग़फ़लत में एक दिन सभी मालो जर खोयेंगे।
रुलाते हैं दीनों का एक दिन जरूर वह भी रोवें गे।
खैरख्वाह बदख्वाह एक दिन सभी ज़मीं में सोयेंगे।
नेकी बदी के सिवा साथ एक पाई तक नहीं जाना है।
कोई दिन का महमान जान जिन्दगी का कौन० ॥३॥
मानुष जन्म अमूल्य यार दुर्लभ इसका पाना होगा।
करो कमाई नेक नहीं फिर पीछे पछताना होगा।
दुखाओगे दिल किसी का यारो तुम्हें भी दुःख पाना होगा।
भजन करो ईश्वर का फिर दुनियां में नहीं आना होगा।
तेरा यहां पर कौन अरे "बलदेव" ये मुल्क बिगाना है।
कोई दिनका महमान जान जिन्दगी का कौन ठिकाना है ॥४॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१६७ भजन

सम्भल के बैठो ऐ सोने वालो देखो तो दुनियां का हाल क्या है। क्या रंग बदला ज़माना नये २ चमन से फस्ले बहार क्या है।

औ़र गुल्शन में चल के देखो खिले हैं गुल हर तरह २ के हैत में आकर बुलबुल हज़ारों निगह भी बदलें मजाल क्या है। मगर किसी को ख़बर न मुतलक सैय्याद फन्द लगा रहा है। खुशी का सामां है कोई दम का फिर आता सर पर बवाल क्या है। है फानी मुतलक जहां जी हरशें आशक होना न हम को लाज़िम। संयोग में क्या खुशी में नाना वियोग में फिर मलाल क्या है ॥४॥ ये हुस्नो दौलत बहार गुश्शन है चन्दरोज़ क़याम जग में गरूर दिल से न दूर करते फिर इससे बढ़ कर कुचाल क्या है ॥५॥ पसन्द करते विषय की लज्जत अख़ीर होगी ख़राब इज्ज़त करो न यारो फ़जूल हुज्जत बजाना गपशप में गाल क्या है॥६॥ मुफ्त का खाना मजे़ उड़ाना । जाना आना न कर दिवाना गुमराह करना बातें बनाना इससे भी बढ़ कर

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कमाल क्या है ॥७॥ वहम को दिल से हटाके यारो बग़ैर वेदों को देखो भालो। है सब का मालिक वो सब से यारो जहां में उसकी मिसाल क्या है ॥८॥ सुर नर मुनि का उपास्य जो है, हरजा में हाज़िर अकाल सो है। 'बलदेव' दीगर दयाल को है उसके मुकाबिल तू माल क्या है ॥ ९ ॥

---

१९८ गीत

भोगानभुक्तावयमेवभुक्ता स्तपोनतप्तं वयमेवतप्ताः । कालोनयातोवयमेव याता स्तृष्णा न जीर्णा वयमेवजीर्णाः ॥ १ ॥ भ० वै०

गजल

हम न भोगे भोग भोगों ने हमें भुगता दिया,
तप नहीं तप ने दिये तापों ने ऐसा तपा दिया ॥
हम यही अब तक समझते थे विताते काल को।
वह नहीं बीता मगर आयु को उसने बिता दिया ॥१॥
हम समझते थे पुरानी होगा यह तृष्णा कभी।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

हाय वह तो नई रही हम को पुराना बना दिया ॥२॥
थी तमन्ना दिल में दिल काबू में अपना करेंगे ।
हाय वह तो हुआ न अपना हम को उलटा फ़सा दिया ॥३
ये कनक और कामनी दुनियां में दो घाटी विकट ।
'बलदेव' दोनों के पेच में पड़ नाम प्रभु का भुला दिया॥४॥

१११ भजन

चलना है मुसाफिर रहना नहीं ।

क्यों सोवे गफलत की नींद में यहां एक पल का ठिकाना नहीं ॥१॥ तेरे संबन्धी कितनें चले गये तेरी यहा कुछ थाना नहीं ॥२॥ इस सराय में चोर गत हैं उनसे गांठ कटाना नहीं ॥३॥ वली पहलवां हज़ारों आये चलते समय काहू जाना नहीं ॥ ४ ॥ जिस मालिक का है मुल्क दुनियां उसको तू गर पहिचाना नहीं ॥ ५ ॥ झख मारत फिर २ दुनियां में दिवाना है तू कुछ दाना नहीं ॥६। यम को जवाब दे किस मुख से है कोई बाकी बहाना नहीं ॥ ७ ॥ अजहूं जाग 'बलदेव' नीन्द से फिर २ नर तन पाना नहीं ॥ ८ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

२०० भजन

बान्धो ना गठरिया अपयश की । है थोड़ी उमरि तोरी दिन दस की, बन्धावों गठरिया० ।

अकड़ जाव यहां कितने ही आये,
गये धरणा में सब धसकी ॥ १ ॥
कोई दिन का महिमान यौवन धन,
मत करे बात तू अनरस की ॥ २ ॥
नहीं कज़ा से चली है कज़ा की ।
ठसक रहेगी सब ठसकी ॥ ३ ॥
अजहूं सम्भार धर्म अपने को ।
धीरे २ उमरि जाति खिसकी ॥ ४ ॥
भज प्रभु को 'बलदेव' योगी ।
न तो काल लेत तोहि पब मसकी ॥ ६ ॥

---

२०१ भजन

दोहा—थोड़े दिन की जिन्दगी, सिर पर खेले काल ।
गर्व करे मत बावरे, फंपा भरम के जाल ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

टेक—सिर बजे काल का डंका, नर डर मरघट के ढोल से

बेन बली मानधाता कित है, हिरनकाशिपु दुखदाता कित है।

रावण कुंभ दो भ्राता कित हैं, लखों कुटम्ब के गोल से।

छुट गई हेम की लंका ॥ १ ॥

हरिश्चन्द्र से दानी कित हैं, राम लक्ष्मण से ज्ञानी कित हैं।

हनुमान बलवानी कित हैं, धरनी हिल सुन बोल से।

जो पहलवान था बंका ॥ २ ॥

साठ हज़ार सगर सुत कित हैं, यदुकुल कृष्ण श्रीयुत कित हैं।

रघु दशरथ नल अद्भुत कित हैं, प्रभुता अधिक अमोल से।

कर लिया मौत ने फंका ॥ ३ ॥

कंस कर्ण शिशुपाले कित हैं। करते जरासंध मतवाले कित हैं

कौरव मूढ़ निराले कित हैं। कुमति किलोल से।

कोई दूजा ना इस ढंका ॥ ४ ॥

भीषम से बलदाई कित हैं। पांचों पांडव भाई कित हैं।

पांचों पांडव भाई कित हैं, घीसा में सुघड़ाई कित हैं,

जांचों तुख की तोल से, जब करों सभा में शङ्का ॥ ४ ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

२०२ कवित

सूख गयो गात बात बूझत न कोई अब झड़ने लगे दांत नैन हूं सो ना दिखात है। सुनिबे को शक्ति नहीं श्रवण शेष रही गिरन लगी लार मुख से निकसती न बात है। भये बन्धुनारी पुत्र शत्रु के समान कोई करत नहीं मान सब कटुम्ब अनखात है। तहूं 'बलदेव' नहीं धर्म की सुहात बात नाम सुनि मरि वे को चौंकि २ जात है ॥

कवित्त २०३ भजन

जितने जग भोग सब अनित्य चण भंगुर हैं उनके संग दुःख नेक ना डरात हो। भोग रूप भंवर में वृथा ही भ्रमो भोले जनों जन्म मरण रूप नाना क्लेश ही उठात हो ॥ पाय 'बलदेव' ऐसो नरोतन अमूल्य धन माटी मोल विषयने में व्यर्थ ही लुटात हो। शिव की शरण आओ कल्याण पद पाओ, क्योंकि नानारूप धारि २ यम को मार खात हो ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

२०४ (कुण्डलिया)

नर शरीर को पायके, लियो न हरि को नाम ।
परमारथ कीन्हों नहीं, बिगारि गयो सब काम ॥
बिगारि गयो सब काम, धनी को नाम न लीन्हों ।
रत्न जन्म यह पाय हाय माटी करि दीन्हों ॥
अन्त समय 'बलदेव' बैठिहो किस की छाया ।
कियो न पर उपकार नाम हरि का बिसराया ॥९ ॥

---

२०५ भजन

टेक- न जाने कौनसी बिरियां बजेगा कूच डंका ।
यह दुनिया चार दिन भाई प्रभु को काहे बिसराई ।
जगत् सुख दुःख हैं प्यारे विषय में विष भरे सारे ।
सकल यह महल धन चेरे रहे न अन्त को तेरे ।
न मात पुत अर्द्धङ्गी, कभी हो अन्त को संगी ।
न मित्र स्नेही हितकारी, कभी हों परलोक सहकारी ।
धर्म की एक है बेड़ी, लंघावे अन्त की बेरी ।
धर्म की लीन हो प्यारे, यही इक तुझ को उद्धारे ।
प्रभु की शरण ले के तूं, उसी का नाम भज ले तू ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वही है जगत आधारा, उसी से होवे निस्तारा।
उसी की आज्ञा पालन, धर्म है धर्म्म का पालन।
न जीवन पर तू रख निर्भर, टिके न अन्त को पल भर।
क्षण में काया यह तेरी, होजावे भस्म की ढेरी॥

२०६ भजन

न जाने कौनसी बिरियां, बजेगा कूच नकारा।
जगत दिन चार का मेला, करो कुछ धर्म्म है वेला।
विषय सुख देख मत भूलो, वृथा जंजाल में फूलो।
वृथा धन महल और माड़ी, छूटें सब अन्त की बारी।
सजन भ्रात नार सुत नाती, न होवे अन्त को साथी।
धर्म्म का ही लाभ सुन प्यारे, सहाई है अन्त के बारे।
धर्म धन जोड़ ले भाई, जो अन्त काम में आई।
भजन मन धार ले प्यारे, अधम अति पापीजन तारे।
खरा व्योपार इस जग में, भक्ति हरि कीजिये मन में।
तू संगी चाहे जे प्यारा, तो हरि को जान आधारा।
सकल यह रैन का सुपना, वतन तू याद कर अपना।

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रागनी कौंसिया] २०७ भजन (ताल कवाली

टेक--एक पलक भलक दा मेला है।

एथों होना कूच अकेला है।

१, कई राजे राज कमा गये, कई राने नाच नचा गये।

कई खुद खुदा कहा गये, दित्ता मौत उन्हां नूं रेला है।

एह पलक भलक दा मेला है।

२, कई हाकम हुकम चलांवदेसी, कई हुकम वजाकर लांवदेसी

कई दानशमन्द कहांवदे सी, जांदीवार न पल्ले धेला है।

एह पलक झलक दा मेला है।

३, पा अजे समझ कुछ करना है, कीते अपने दा फल भरना है।

यह भवसागर तैं तरना है, क्यों फिरता मूढ़ अलबेला है।

एह पलक भलक दा मेला है।

४, यह जांदा वक्त विहाना है, न तू कमला न तूं अयाना है।

हुचंगा भला अकल स्याना है, हट धर्मी नवा न वेला है।

एह पलक भलक दा मेला है।

५, तज काम क्रोध दियां बातां नूं, क्यों मुफत गवावे रातां नूं

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दे छोड़ अवलड़ी घातां नूं, कर खौफ "अधीन" कुवेला है
एह पलक झलक दां मेला है।

---

२०७ भजन

भूले क्यों परदेसियो यह नहीं देश तुम्हारा।
यह जग जान मुसाफर खाना दो घड़ियों का मेला।
रैन की रैन यहां सुख पाइयो।
अन्त को कूच अकेला, रे भाइयो॥ १ ॥
राजे महाराजे अनेक भवन पति इस दुनियां पर आए।
कर गये राज दो चार दिहाड़े अन्त काल ने खाए।
महाबली योद्धा जग में जो शूरवीर कहलाए।
जिन को देख डरी सब दुनियां वह भी रहने न पाए, रे० २
अनेक ऋषि मुनि सन्त जगत में हर के भक्त कहाए।
आयु बतावें हरि सिमरन में अन्त समय मर जांए।
देखे अनेक गुणी और ज्ञानी जग में चतुर कहाए।
सानी जिनका और न कोई वह भी नज़र न आए रे० ३
यह दुनियां है रैन बसेरा जासे प्रीति लगाए।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चलन हारा सब संसारा जो कुछ नज़री आए।
यह जिंदगानी मिथ्या कहानी जल पर जान पताशा।
लाखों बरस जीओ चाहे प्राणी अन्त न जीनेकी आशा। रे० ४
भाई बन्धु कुटम्ब कबीला और जो साक कहावें।
झूठी प्रीति लगावें जग में अन्त काम न आवें।
यह दुनियां दिन चार का मेला अन्त सभी टल जावें।
न जाने वह कौनसा वेला काल बुलावा आवें। रे० ५
जिस स्वामी की यह सब रचना तिस शरणी चित्त लावो।
होगा अन्त सहाई ईश्वर नाथ नाथ कह बुलावो। रे० ६

२०९ भजन

टेक—कोई अंत समय का यार नहीं; यह वेला मानो विसार नहीं
हरिनाम बिना कुछ सार नहीं, दुःख का साथी संसार नहीं।
हरिभजन बिना आधार नहीं, कोई अन्त समय का यार नहीं
जो जैसा कर्म कमावेगा, वह वैसा ही फल पावेगा।
नर कर्म हीन पछतावेगा, कोई अन्त समय का यार नहीं
जब काल बुलावा आवेगा, तब संग न कोई जावेगा
सब ठाठ पड़ा रह जावेगा। कोई अन्त०

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

यह तन धन सम्पत्ति सारी जी, जो प्राणों से प्यारी जी,
चले न संग अन्त की बारी जी। कोई अन्त०
जब पंछी पिंजरा त्यागेगा, तब सब कोई डर कर भागेगा,
कब निद्रा से जागेगा। कोई अन्त०
जो पुण्य और पाप कमाया है, उस बिन सब माल पराया है,
जिस के हित जन्म गंवाया है। कोई अन्त०
जग में जितने हितकारी हैं, सुख में साथी संसारी हैं,
स्थिर जगत् न संसारी हैं। कोई अन्त०
बिन धर्म्म सभी कुछ छोड़ गए, जो कौड़ी २ जोड़ गये,
आख़िर जग से मुंह मोड़ गये। कोई अन्त०
जो जन शुभ कर्म कमावेगा, सोई मन ईश्वर के भावेगा,
'तुलसी' मन को समझावेगा। कोई अन्त०

(भैरवी) २१० भजन

काल की आज्ञा में कैसे २ ज़ोरावर चले,
क्या मजाल उस हुक्म की कोई अदूली कर सके।
राओ चले राने चले धनवान् और निर्धन चले,
कौन स्थिर रह सके जब काल का चक्र चले।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

छोड़ कर सारी हकूमत सिविल के अफसर चले,
सरिश्ता के मुनशी वा बाबू छोड़ कर दफ़तर चले।
सरदार सुबेदार और कपतान बल मेजर चले,
करनल चले जनरल चले लफटंट चले सरजन चले।
कारतूस और दारू सिका पेटियों में भर चले,
पलटन रसाले तोपखाने त्यागकर लशकर चले।
मुखतार और वुकला बैरिस्टर मुकद्दमा हर चले,
झूठ की तकरीर मंतिक इस जगह क्यों कर चले।
वैद्य और हुकमा यहां पर पढ़ के तिब्ब अकबर चले,
नुसखा न पाया मौत का हैरान हो डाक्टर चले।
जिमींदार पत्तीदार नंबरदार नंबर पर चले,
अन्त को बे दखल हो देखो वह धर्ती धर चले।
तज्जार साहूकार कोठीदार सौदागर चले,
खोटे सौदे में यह आयु अपनी जाया कर चले।
हल चल पड़ी जहां काल की सब कांपते थर २ चले,
आंसू बहाते चल पड़े न जोर चले न ज़र चले।
सूरज चले तारा चले चन्द्र चले नरनाह चले,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कालकी गरदश में प्रतिदिन पृथिवी महवर पर चले।
कलियुग चले सतयुग चले त्रेता चले द्वापर चले,
राम चले रावण चले 'अमीचन्द' नन्द कंवर चले ॥
खेचर चले भूचर चले जलचर चले चर अचर चले,
और सब चलायमान है न चले तो जगदीश्वर चले।

---

२११ भजन

जिन्हां घर झूलते हाथी, हज़ारों लाख थे साथी।
उन्हां को खा गई माटी, तू खुशकर नींद क्यों सोया ॥
नकारा कूच का बाजे, कि मारू मौत का बाजे,
ज्यों सावन मेघला गाजे, तूं खुशकर० ॥
कहां गए खान मद माते, जो सूरंजें चांन्दें सों जाते।
न देखे कहां वह जाते, तूं खुशकर०
जिन्हां घरें लाल और हीरे, सदा मुख पान के बीड़े।
उन्हां नूं खा गये कीड़े, तू खुशकर० ॥
जिन्हां घर पालकी घोड़े, ज़री ज़र बफत के जोड़े।
वही अब मौत ने तोड़े, तूं खुशकर० ॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

उन्हां दे बाल थे काले, मलाइयां दूध से पाले।
वह आखर खाक में डाले, तूं खुशकर० ॥
जिन्हां संग न्योता था तेरा, उन्हां किया खाक में डेरा।
न फिर वह करन गे फेरा। तूं खुशकर० ॥

---

२१२ भजन

हटड़ी छोड़ चला बनजारा।
सुत पित नार सहोदर बन्धु, अन्त करें हैं किनारा।
मरघट के सब हैं यह साथी, करें है हाय पुकारा।
चलती बेर चाहिये क्या प्राणी धर्म्म का एक सहारा।
जिन कारण अपराध बटोरे, पुण्य न पाप विचारा।
अन्त समय कोई काम न आवे, जब हो चरन पसारा।
सुफल जन्म केवल तिन ही का, नाम का करे हैं व्योरा।
तिन मुख उजल तिलक भाल यश, जिनने बनज है संवारा।

देव गंधारी [२१३ भजन

जगत में झूठी देखी प्रीति, जगत में।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अपने ही सुख सों सब लागे, क्या दारा क्या मीत।
मेरी २ सभी कहत हैं, हित सों बान्ध्यो चीत।
अंतकाल संगी न कोऊ, यह अचरज है रीत।

इति वैराग्य प्रकरणम्

---

११४ अमूल्य दोहे।

कबीरा प्रीति एक नूं कीजिये आन वो बद्धा जाय।
भावें लंबे केस रख भावें घोट मुड़ाय ॥ १ ॥
कबीरा मरता मरतां जग मरा मर भी न जान्या कोय।
ऐसी जो मरनी मरे फेर न मरना होय ॥ २ ॥
कबीरा मानस जन्म दुर्लभ है मिले न बारंबार।
ज्यों फल पक्क के भौं गिरे न लागे डार ॥ ३ ॥
कबीर हाड़ जलें जूं लकड़ी केस जलें जूं घास।
एह जग जरता देख के भयो कबीर उदास ॥ ४ ॥
कबीर लूटना हो तो लूट ले राम नाम है लूट।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

फिर पीछे पछताएगा प्राण जांएगे छूट ॥ ५ ॥

कबीरा सब ते हम बुरे हम तज भलो सब कोय ।

जिन ऐसा कर जान्या मीत हमारा सोय ॥ ६ ॥

कबीरा सोई मारये जिस मुए सुख होय ।

भलो भलो सब को कहिये बुरा नं माने कोय ॥ ७ ॥

कबीरा दीन गंवाया दुनियां से दुनियां न चली साथ ।

पाओं कुल्हाड़ा मारया ग़ाफिल अपने हाथ ॥ ८ ॥

कबीरा माया डोलनी पवन झकोलन हार ।

सन्तां माखन खाया छाछ पिये संसार ॥ ९ ॥

कबीरा जिस मरने ते जग डरे मेरे मन आनन्द ।

मरने ही ते पाईए पूर्ण परमानन्द ॥ १० ॥

कबीरा अपनी काठ को क्या दिखलावे तोय ।

हृदय नाम न चेतया एह जपनी क्या होय ॥ ११ ॥

---

२१५ आरती

जय जगदीश हरे । भक्त जनन के शंकट ।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

क्षण में दूर करे ।

जो ध्यावे फल पावे दुःख विनशे मनका,
सुख सम्मति घर आवे कष्ट मिटे तनका ॥१॥

मात पिता तुम मेरे शरण गहों किस की,
तुम बिन और न दूजा आश करूं जिसकी ॥२॥

तुम पूरण परमात्म तुम अन्तर्य्यामी,
परम ब्रह्म परमेश्वर तुम सब के स्वामी ॥ ३ ॥

तुम करुणा के सागर तुम पालन कर्ता,
मैं मूरख खलकामी कृपा करो भर्ता ॥४॥

तुम हो एक अगोचर सब के प्राणपति,
किस विध मिलुं गुसाईं तुम को मैं कुमाति ॥५॥

दीना बन्धु दुःख हर्ता तुम ठाकुर मेरे,
अपने हाथ उठाओ द्वार पड़ी तेरे ॥६॥

विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा,
श्रद्धा भक्ती बढ़ाओ सन्तन की सेवा ॥७॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

२१६ आरती

जय देव जय देव जय त्रिभुवन कर्ता, सब के आश्रय दाता
भय शङ्कट हरता : जय देव०

जड़ चेतन्य सब जेते महिमा तव गावें,
राजा परजा सब ही तुझ को सिरनावें ॥१॥ जय०

अतुल तुम्हारी करुणा बरणी नहीं जाई,
मङ्गल कीर्ति तुम्हारी गगण २ आई ॥२॥ जय०

तुम चेतन्य परमेश्वर तुम परिपूरण स्वामी,
पुण्य पाप मम देखो प्रभु अन्तर्यामी ॥३॥ जय

अटल ज्ञान की चौदस तुम ज्योति विस्तारी,
निरख २ हो चकृत जग के नर नारी ॥४॥ जय०

हे अनन्त तव शक्ति बर्णन किम कीजे,
करो गर्व प्रभु चरण निज आश्रय दीजे ॥५॥ जय०

भिक्षा यही हमारी है मंगल देवा,
निश दिन हो उत्साहित करें तेरी सेवा । ६॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

आरती २१७

हे त्रैलोक पति हे त्रैलोक पति ।
कृपा करके दीजे दान मुझे भक्ति ॥१॥
अद्भुत तेरी रचना अद्भुत प्रभुताई ।
मुख से जिस की शोभा बरणी नहीं जाई ॥२॥
तुम हो रोग बिनाशक संकट के हर्त्ता ।
तुम बिन और सहायक देख नहीं पड़ता ॥३॥
तुम हो सब के स्वामी व्यापक तन मन में ।
नहीं तुम्हारी महिमा आवे वर्णन में ॥४॥
ध्यान धरें तेरा योगी और जति ।
तेरी शरणा वह आवे जिन की शुद्ध मति ॥५॥
जो तुझे मन से ध्यावे सुख निंशि दिन पावे ।
दुःख के हैं जो बन्धन उन से छुट जावे ॥६॥
गावे तेरी महिमा इतनी नहीं शक्ति ।
ऐसा अनुग्रह कीजे जावे दुष्ट मति ॥७॥
सब के हो तुम बन्धु और पिता माता ।
जड़ चेतन के स्वामी बल बुद्धि दाता ॥८॥

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

शरण गही है 'केवल' है ईश्वर तेरी।

दुःख सागर से जल्दी पार करो बेड़ी ॥९॥

इति आर्यगायन समाप्तम् ॥

सूचना।

जिस महाशय को इस आर्य्यगायन की जो सब आर्य-गायनों से बड़ा है आवश्यक्ता है वह देख लें कि इसके ५०४ पृष्ठ केवल भजनों के हैं और सूची पृथक है यदि उस को अपने नगर में या दूसरे पुस्तक बेचनें वालों से न मिले तो वह सीधे नीचे लिखे पते पर एक पैसे का कार्ड लिखे दें कार्ड के पहुञ्चते ही पुस्तक उस की सेवा में पहुंच जावेगा—

पता—मैनेजर

भारतलिटरेचर पबलशिंग

ऐंड फिजिक ट्रेडिंग कम्पनी लिमेटिड

लाहौर

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

॥ उन्नति का केंदर अर्थात ब्रह्मचर्य आश्रम ॥

यह किताब मास्टर लछमण जी ने बनाई है इस में ब्रह्मचर्य आश्रम की व्यवस्था को लिखते हुए वीर्य रक्षा, इस की आवश्यका, इसके साधन, विद्या प्राप्ति, इस के लिये देश में गुरु कुलों का होना, बतलाया है। बाल विवाह की हानियां भी लिखी हैं आज कल के युवकों के जो आचार भ्रष्ट हो जाते हैं उनके कारण बतला कर युर्पी तहजीब की स्वीकृत हानियां दर्शाई हैं वेद शास्त्र उपनिषद आदि और अन्य योग्य ग्रन्थ कारों के लेखों की पुष्टी दे कर इस विषय को निभाया है।

देश भर के समाचार पत्रों ने इस पुस्तक की प्रशंसा की है। देव नागरी के सुन्दर अक्षरों में मोटे कागज पर साफ हिन्दी भाषा में मुद्रित करवा कर इस कम्पनी ने प्रकाशित की है मूल्य ।'≈)

पता ☞

मैनेजर भारत लिटरेचर पबलशिङ्ग

ऐंड फिज़िक ट्रेडिंग कम्पनी लिमेटिड

लाहौर

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi